दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज





● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, सोमवार 02 मार्च 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 989


## संक्षिप्त खबरें ।

### अमेरिका–इस्राइल के संयुक्त हमले में मारे गए सुप्रीम लीडर खामेनेई, बेटी-दामाद, पोती-बहू

**लोक तंत्र की आवाज़**



**तेहरान।** पश्चिम एशिया की सरज़मीं एक बार फिर बारूद की गंध से भर उठी। आसमान से बरसती आग, मिसाइलों की गर्जना और ड्रोन हमलों की गूंज के बीच अमेरिका और इस्राइल ने संयुक्त सैन्य कार्रवाई करते हुए ईरान पर बड़ा हमला बोल दिया। तेहरान समेत कई अहम शहरों पर हवाई हमले हुए। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने भी कई मुल्कों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे पूरे क्षेत्र में जंग का अलार्म बज उठा ।इस जंगी मंजरनामे के बीच सबसे बड़ा दावा सामने आया इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई मारे गए। बाद में ईरानी मीडिया की ओर से भी उनकी मौत की पुष्टि की खबरें आईं ।यह हमला शनिवारकी सुबह तेहरान स्थित खामेनेई के घर और दफ्तर को निशाना बनाकर किया गया था। हमले में खामेनेई की बेटी, दामाद, पोती और बहू भी मारे गए हैं। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से चला आ रहा खामेनेई का 47 साल पुराना दौर अब खत्म हो गया है ।इस घटना के बाद ईरान सरकार ने देश में 40 दिनों के राष्ट्रीय शोक और सात दिनों के सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की है।

खामेनेई को वॉशिंगटन लंबे अरसे से अपना जानी दुश्मन मानता रहा है। अमेरिकी दलील रही कि वह ईरान की अवाम को सख़्त निज़ाम से आज़ाद कराना चाहता है। ट्रंप ने अपने प्लेटफॉर्म पर लिखा कि अत्याधुनिक खुफिया तंत्र और ट्रैकिंग सिस्टम से खामेनेई बच नहीं सके। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान की आईआरजीसी और सुरक्षा बलों के पास अब दो ही रास्ते हैं सरेंडर या तबाही ।जंग के इस धुएं के बीच तेहरान से एक और बड़ा ऐलान हुआ ।ईरान ने नए कमांडर-इन-चीफ के तौर पर अहमद वाहिदी का नाम सामने रखा है। उन्हें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) की कमान सौंपी गई है। 1988 से 1998 तक वे कुद्स फोर्स के पहले कमांडर रह चुके हैं वह इकाई जो विदेशी ऑपरेशनों और गुप्त सैन्य अभियानों के लिए जानी जाती है। वे पूर्व में रक्षा मंत्री और गृह मंत्री भी रह चुके हैं ।हालांकि वाहिदी का अतीत भी विवादों से घिरा रहा है। 1994 में अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स स्थित AMIA यहूदी केंद्र पर हुए बम विस्फोट में कथित भूमिका के चलते वे इंटरपोल की रेड नोटिस सूची में रहे हैं। अमेरिका और यूरोपीय संघ ने उन पर परमाणु कार्यक्रम और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों को लेकर कई पाबंदियां लगा रखी हैं।

# कैसे मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर? इजरायल को आखिर किसने बताया कहां हैं खामेनेई? एयरस्ट्राइक में गई जान

**लोक तंत्र की आवाज़**



**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का निधन हो गया. ईरान में सत्ता परिवर्तन पर आमादा इजरायल और अमेरिकी आखिरकार भारी पड़े. ईरान के सरकारी चैनल प्रेस टीवी ने खामेनेई की मौत की पुष्टि की, जिसके बाद ईरान में 40 दिन के शोक की घोषणा की. अमेरिकी मीडिया के अनुसार, हमले के वक्त खामेनेई राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के वरिष्ठ सलाहकार अली शमखानी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) के प्रमुख मोहम्मद पाकपूर के साथ अपने कार्यालय में बैठक कर रहे थे, तभी इजरायल ने उस स्थान पर स्ट्राइक की. लेकिन अपने देश की सुरक्षा को लेकर तमाम दावे करने वाले ईरान में ऐसा कैसे हो गया? किसने खामेनेई की लोकेशन की सूचना दी?

जून 2025 में इजरायल ने अली शमखानी पर हमला किया था और तब उनकी मौत का दावा भी किया गया था, लेकिन करीब एक महीने बाद वे जीवित पाए गए. अब माना जा रहा है कि शमखानी की गतिविधियों को ट्रैक करते हुए ही अमेरिका और इजरायल खामेनेई तक पहुंच पाए. खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल और अमेरिका लंबे समय से अली शमखानी की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे. शनिवार को जैसे ही वे खामेनेई से मिलने पहुंचे, दोनों देशों ने मिलकर कार्रवाई की. इस हमले में 86 वर्षीय सुप्रीम लीडर की मौत हो गई।

**खामेनेई की सुरक्षा व्यवस्था में घुसा था मोसाद:** एक रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद के अनुसार, देश की गुप्त सेवा ने ईरान के भीतर सक्रिय मोसाद एजेंटों को निशाना बनाने के लिए एक विशेष यूनिट बनाई थी. लेकिन जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि उस यूनिट का प्रमुख खुद मोसाद का ऑपरेटिव था. उसके साथ करीब 20 अन्य एजेंट भी जुड़े हुए थे. इन्हीं की जानकारी के आधार पर इजरायल ने ईरान के सुप्रीम लीडर को निशाना बनाया. इजरायल के हमले के बाद ही यह दावा किया गया था कि खामेनेई को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है, लेकिन उनकी कार्यालय में मौजूदगी यह दर्शाती है कि उनके छिपे होने की खबरें दुश्मनों का मनोवैज्ञानिक प्रचार मात्र थीं।

**मिसाइल अटैक में मारे गए खामेनेई:** रिपोर्टों के मुताबिक मोसाद को सुप्रीम लीडर की खुफिया बैठकों की सटीक जानकारी मिल चुकी थी. एजेंसी को पता चला कि शनिवार सुबह करीब 9 बजे राष्ट्रपति भवन के भीतर एक अहम बैठक होने वाली है. बताया गया कि सुप्रीम लीडर लंबे समय से अंडरग्राउंड थे, इसलिए जैसे ही उनकी लोकेशन कन्फर्म हुई, उस कंपाउंड पर 30–40 मिसाइलें दाग दी गईं और पूरा परिसर मलबे में बदल गया।

**खामेनेई की तस्वीर देखने के बाद ट्रंप-नेतन्याहू की घोषणा:** खामेनेई की हत्या का दावा सबसे पहले इजरायल की ओर से किया गया. इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि एक विशेष ऑपरेशन में खामेनेई को मार गिराया गया. इसके बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस दावे की पुष्टि की. अमेरिकी मीडिया आउटलेट स्पेक्ट्रम और इजरायल के चैनल 12 इंडेक्स के अनुसार, घोषणा से पहले ट्रंप को खामेनेई का शव दिखाया गया था. सार्वजनिक प्रसारक कान ने भी बताया कि वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों को खामेनेई के मारे जाने की सूचना दे दी गई थी. उनका शव तेहरान स्थित उनके कंपाउंड के मलबे से बरामद हुआ।

**और कौन-कौन मारा गया?:** इजरायली सेना के अनुसार, शनिवार शाम 200 फाइटर जेट्स के जरिए ईरान के भीतर करीब 500 ठिकानों पर भारी हमले किए गए. इन हमलों में शीर्ष ईरानी शासन को भारी नुकसान हुआ है, जिसमें कम से कम 40 वरिष्ठ नेता और अधिकारियों के माने जाने का दावा किया जा रहा है. इजरायल के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के मुताबिक, यह कार्रवाई महीनों से तैयार किए गए एक ऑपरेशनल प्लान का हिस्सा थी, जिसका मकसद खुफिया जानकारी जुटाना था, ताकि यह पता लगाया जा सके कि कब और कहां वरिष्ठ सरकारी अधिकारी एकत्र होंगे. मृतकों में ईरान के रक्षा मंत्री आमिर नसीरजादेह, रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पाकपुर, नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव अली शमखानी और सुप्रीम लीडर के सैन्य सचिव मोहम्मद शिराजी, इस्लामिक रिपब्लिक ज्यूडिशियरी के प्रमुख गुलाम-होसैन मोहसेनी-एजेई शामिल बताए जा रहे हैं।

**खामनेई की मौत के बाद शहीद का दर्जा :** ईरानी मीडिया ने खामेनेई की तुलना इमाम हुसैन से की है. फारस न्यूज एजेंसी ने लिखा कि वे हजरत अली की तरह जिए और इमाम हुसैन की तरह शहीद हुए. खामेनेई की मौत के बाद उनके अकाउंट से कुरान की आयत वाला एक ट्वीट शेयर किया गया. इसमें लिखा था, अल्लाह के नाम से, जो अत्यंत कृपालु, दयावान है. ईमान वालों में ऐसे पुरुष हैं जिन्होंने अल्लाह से किए गए अपने वचन को पूरा कर दिखाया. उनमें से कुछ ऐसे हैं जिन्होंने अपना वचन निभा दिया, और कुछ ऐसे हैं जो अभी प्रतीक्षा में हैं; और उन्होंने अपने मार्ग में रत्ती भर भी परिवर्तन नहीं किया है. (पवित्र क़ुरआन, 33:23)।

### वफादारों से मुलाकात के दौरान US की स्ट्राइक, ट्रंप को दिखाया गया शव

लोक तंत्र की आवाज़

तेहरान । ईरान ने सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की पुष्टि कर दी है. सरकारी प्रेस टीवी के मुताबिक अमेरिका और इजराइल के हमले में खामेनेई मारे गए. अमेरिकी सूत्रों के मुताबिक खामेनेई सुरक्षा परिषद के सलाहकार अली शमखानी और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के मुखिया मोहम्मद पाकपूर से जब मुलाकात कर रहे थे, तभी इजराइल ने उस पर स्ट्राइक किया। खलीज टाइम्स के मुताबिक इजराइल और अमेरिका लगातार अली शमखानी को ट्रेस कर रहा था. शनिवार को जब वे खामेनेई से मिलने गए, तभी दोनों देशों ने मिलकर खामेनेई पर हमला कर दिया. इस हमले में 86 साल के सुप्रीम लीडर की मौत हो गई। खामेनेई की हत्या का दावा सबसे पहले इजराइल ने किया. इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि आज एक ऑपरेशन में हमने खामेनेई को मार गिराया. इसके बाद अमेरकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सामने आए. उन्होंने भी खामेनेई को मारने का दावा किया। अमेरिकी मीडिया स्पेक्ट्रम इंडेक्स के मुताबिक ट्रंप को पहले खामेनेई का शव दिखाया गया. इसके बाद उन्होंने इसकी घोषणा की. तेहरान के एक सुरक्षित जगह पर अमेरिका और इजराइल ने इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया है।

## बिहार से सीख गई कांग्रेस, इस राज्य में चुनाव से काफी पहले कर ली सीट शेयरिंग, NDA ही हालत है पतली

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** तमिलनाडु विधानसभा चुनावः बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान महागठबंधन के घटक दलों के बीच आखिर तक सीट का बंटवारा नहीं हो सका था. मतदान से पहले किसी तरह से सहमति बनाई गई थी. नतीजा यह हुआ कि कई विधानसभा सीटों पर अलायंस पार्टनर के बीच 'फ्रेंडली फाइट' हुई थी. बिहार चुनाव का नतीजा भी वैसा ही रहा. महागठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ा. लगता है कांग्रेस ने बिहार चुनाव से बड़ी सीख लेते हुए तमिलनाडु में इस न दोहराने का संकल्प लिया है. शायद यही वजह है कि प्रदेश में सत्तारूढ़ डीएमके और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे पर सहमति बन गई है. अब इसका औपचारिक ऐलान होना बाकी है. दूसरी तरफ, ओ. पन्नीरसेल्वम ने भी डीएमके का झंडा थाम लिया है. इससे NDA फिलहाल दोराहे पर खड़ा है. एनडीए में अभी तक सीट शेयरिंग नहीं हुई है।

तमिलनाडु की सियासत में विधानसभा चुनाव से पहले गठबंधन की तस्वीर अब साफ होती दिख रही है. सत्तारूढ़ डीएमके ने सीट बंटवारे की प्रक्रिया की औपचारिक शुरुआत करते हुए दो मुस्लिम दलों के साथ समझौता पक्का कर लिया. पार्टी मुख्यालय में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन (आईयूएमएल) और (एमएमके) को दो-दो विधानसभा सीटें आवंटित करने की घोषणा की. आईयूएमएल अपने 'सीढ़ी' चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेगी, जबकि एमएमके के उम्मीदवार डीएमके के 'राइजिंग सन' सिंबल पर मैदान में उतरेंगे. इसे डीएमके की उस रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें वह सहयोगी दलों को सीमित सीटें देकर भी गठबंधन को एकजुट और नियंत्रित रखना चाहती है।

**कांग्रेस से गतिरोध टूटा:** शनिवार का दिन डीएमके और कांग्रेस के बीच बातचीत के लिहाज से भी अहम रहा. पिछले कुछ समय से दोनों दलों के बीच सीटों की संख्या को लेकर गतिरोध बना हुआ था. कांग्रेस जहां अधिक सीटों की मांग कर रही थी, वहीं डीएमके सीमित सीटें देने के पक्ष में थी. हालांकि, ताजा बातचीत सौहार्द्रपूर्ण और सकारात्मक माहौल में खत्म हुई.

## इमरजेंसी मीटिंग में एक दूसरे से उलझ गए अमेरिकी-ईरानी अधिकारी, इस बात पर अचानक गर्म हो गया माहौल

**लोक तंत्र की आवाज़**



**न्यूयार्क।** न्यूयॉर्क में यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल की इमरजेंसी मीटिंग में अमेरिका और ईरान के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। इसमें दोनों देशों के परमानेंट रिप्रेजेंटेटिव के बीच गरमागरम बहस हुई।

ईरान में शनिवार को अमेरिकी और इजराइल के बड़े एयरस्ट्राइक के बाद यूएन सिक्योरिटी काउंसिल की इमरजेंसी मीटिंग हुई। मीटिंग में यूनाइटेड स्टेट्स की तरफ से एम्बेसडर माइक वाल्ट्ज ने इलाके में अपने देश की कार्रवाई का बचाव किया।

**अमेरिकी दूत पर क्यों भड़के ईरानी अधिकारी:** जैसे ही वाल्ट्ज 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' पर बोलने वाले थे, ईरान के एम्बेसडर आमिर सईद इरावानी ने वाल्ट्ज पर निशाना साधते हुए कहा- मैं अमेरिका के रिप्रेजेंटेटिव को सलाह देता हूं कि वे विनम्र रहें, यह आपके और आपके देश के लिए बेहतर होगा। जिस पर वाल्ट्ज ने जवाब दिया- मैं उन्हें किसी और नाम से इज्जत नहीं देने वाला क्योंकि जो रिप्रेजेंटेटिव इस बॉडी में बैठा है, वह एक ऐसे शासन को रिप्रेजेंट करता है जिसने अपने ही हजारों लोगों को मार डाला है, सिर्फ इसलिए क्योंकि वह आपके अपने जुल्म से आजादी चाहते थे।

**अमेरिकी दूत ने क्या कहा? :** अमेरिकी एम्बेसडर ने मीटिंग में ईरान पर और निशाना साधा और कहा कि दुनिया का कोई भी जिम्मेदार देश तेहरान के इस इलाके में लगातार किए जा रहे लगातार हमले और हिंसा को नजरअंदाज नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा- इसकी वजह से अमेरिकियों की जानें गईं, लेबनान में सैकड़ों US मरीन मारे गए, इराक में हजारों सैनिक मारे गए। अमेरिकी दूत ने कहा- ऑपरेशन एपिक फ्यूरी 'खास और स्ट्रेटेजिक' मकसदों के लिए था। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद उन मिसाइल क्षमताओं को खत्म करना था, जिनसे सहयोगी देशों को खतरा है। उन नेवल एसेट्स को कमजोर करना था, जिनका इस्तेमाल ईरान ने इंटरनेशनल पानी में अस्थिरता पैदा करने के लिए किया। अमेरिकी दूत ने कहा कि ईरान के पास न्यूक्लियर हथियार नहीं हो सकता और यह पॉलिटिक्स का मामला नहीं है बल्कि ग्लोबल सिक्योरिटी का मामला है।

## हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर रोक के बाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने का बड़ा दावा

**लोक तंत्र की आवाज़**



**वाराणसी।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से जुड़े विवाद में एक नया और चौंकाने वाला मोड़ आया है। मामले में शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने शंकराचार्य पर उन्हें और उनके बटुकों को मरवा देने का गंभीर आरोप लगाया है। यह बयान तब आया है जब हाईकोर्ट ने अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर एक महीने के लिए रोक लगा दी है। ब्रह्मचारी ने इस फैसले पर निराशा जताते हुए कहा कि वे और उनके बटुक डरे हुए हैं और छिपकर घूम रहे हैं।

आशुतोष ब्रह्मचारी ने दावा किया कि हाईकोर्ट का यह आदेश एकतरफा है क्योंकि उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका ही नहीं मिला। उन्होंने कहा, "हमें रात 10:30 बजे सूचना दी गई, हम कैसे कोर्ट चले जाते। हमारा जवाब दाखिल नहीं हुआ और यह एक पक्षीय आदेश है जो जारी कर दिया गया।"

**हम इतने बड़े आदमी से नहीं लड़ सकते :** ब्रह्मचारी ने अपनी बेबसी जाहिर करते हुए कहा कि वे एक बहुत शक्तिशाली व्यक्ति से लड़ रहे हैं जिनके पास हर तरह का समर्थन है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद शंकराचार्य के समर्थक ढोल बजा रहे हैं और उन्हें धमकियां दिलवा रहे हैं। अविमुक्तेश्वरानंद के पास वकील भी है, पैसा भी है और नेता भी हैं। वो हमें मरवा देगा। हम हाथ जोड़ते हैं। पॉक्सो एक्ट की धारा 19 में साफ-साफ लिखा है कि हमारा काम सूचना देने का है, अब आगे का काम पुलिस देखेगी और माननीय न्यायालय देखेगा। हम हाथ जोड़ते हैं हमें मत मरवाओ।" — आशुतोष ब्रह्मचारी

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके बटुकों को उठाने और छीनने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे वे सभी दहशत में हैं। आशुतोष ब्रह्मचारी ने पुलिस की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है, जबकि अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा दर्ज कराए गए एक झूठे मुकदमे में पुलिस ने तुरंत एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उन्होंने कहा, "हमारी गाड़ी पर हमला हुआ, बच्चों को उठाने का प्रयास हुआ... अभी तक पुलिस ने नक्शा तक नहीं बनाया है और कोई गिरफ्तारी तक नहीं की गई है।"

ब्रह्मचारी का यह भी दावा है कि उन्हें कई नेताओं की तरफ से धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने कहा, "बहुत सारे नेता सुबह से शाम तक धमकियां दिला रहे हैं। समाजवादी लोग उन्हें गाली दे रहे हैं। कोई कह रहा है कि उनको उठा लो, फोन पर धमकियां आ रही हैं।" इस स्थिति को देखते हुए उन्होंने कहा कि वे डर गए हैं और जितना लड़ना था, लड़ चुके हैं।

## राजनीतिक बयानबाज़ी तेजः राहुल गांधी ने मोदी सरकार को घेरा, कहा- भारत को उत्तर कोरिया मत समझिए

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और राहुल गांधी (Rahul Gandhi) ने एआई समिट (AI Summit) के दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश (Democratic country) में शांतिपूर्ण विरोध को अपराध की तरह देखा जाना चिंताजनक है। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए राहुल गांधी ने लिखा, "यह उत्तर कोरिया नहीं, भारत है।" उन्होंने कहा कि असहमति लोकतंत्र की आत्मा है और इसे दबाने की कोशिश लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

**विरोध को दबाने का आरोप :** कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि देश में धीरे-धीरे ऐसा माहौल बनाया जा रहा है, जहां सवाल पूछना या शांतिपूर्ण विरोध करना भी अपराध की तरह पेश किया जाता है। उनके मुताबिक, जब सत्ता खुद को राष्ट्र मानने लगे और असहमति को दुश्मनी समझने लगे, तब लोकतंत्र कमजोर होने लगता है ।उन्होंने दावा किया कि युवाओं, किसानों, खिलाड़ियों और सामाजिक समूहों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर आंदोलनों को बलपूर्वक रोका गया। राहुल गांधी ने कहा कि कई मामलों में प्रदर्शनकारियों को लाठीचार्ज, मुकदमों और गिरफ्तारी का सामना करना पड़ा।

**किसानों, युवाओं और सामाजिक आंदोलनों का जिक्रः** राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पेपर लीक जैसे मुद्दों पर आवाज उठाने वाले युवाओं, महिला खिलाड़ियों और किसानों के आंदोलनों को गंभीरता से सुनने के बजाय उन्हें दबाने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि अधिकारों की मांग को संदेह की नजर से देखना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की युवा इकाई के कार्यकर्ताओं ने एआई समिट के दौरान विरोध प्रदर्शन किया।

## खामेनेई की मृत्यु के बाद आईआरजीसी का जवाबी हमला

**लोक तंत्र की आवाज़**



**तेहरान।** ईरान के आईआरजीसी का जवाबी हमला ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन के बाद, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने अमेरिका और इज़राइल के खिलाफ जवाबी हमलों की छठी लहर की शुरुआत की है। आईआरजीसी ने घोषणा की है कि उसने क्षेत्र में इज़राइल और अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर "व्यापक मिसाइल और ड्रोन" हमले किए हैं। उनका दावा है कि 27 अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें इज़राइल का तेल नोफ हवाई अड्डा, तेल अवीव में इज़राइली सेना का कमांड मुख्यालय और शहर में एक प्रमुख रक्षा औद्योगिक परिसर शामिल हैं। गाड्र्स ने चेतावनी दी है कि ईरानी सेना "बदले का एक अलग और गंभीर चरण" शुरू करेगी और कई "अफसोसजनक" जवाबी हमले करने की कसम खाई है।

**लारीजानी का इजरायल पर आरोपः** ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी ने अमेरिका के साथ संयुक्त हमले के बाद इजरायल पर ईरान को विभाजित करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। फ़ार्स समाचार एजेंसी द्वारा जारी एक बयान में, लारीजानी ने कहा कि इजरायली शासन के पास अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए बड़े देशों को विभाजित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

**इजरायल के रक्षा मंत्री की प्रतिक्रियाः** इजरायल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज़ ने खामेनेई की हत्या के लिए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और देश की सेना को बधाई दी है। काट्ज़ ने एक पोस्ट में कहा कि जिसने इजरायल को नष्ट करने की कोशिश की, वह खुद नष्ट हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय मिल गया है और बुराई की धुरी को एक बड़ा झटका लगा है। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि इजरायल "पूरी ताकत से कार्रवाई करना जारी रखेगा," जो सरकार के कड़े रुख का संकेत है।

**ट्रंप की चेतावनी :** खामेनेई की मृत्यु के बाद ईरान द्वारा 'कड़ी सजा' की चेतावनी देने के कुछ घंटों बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि वाशिंगटन तेहरान पर ऐसी ताकत से हमला करेगा जो पहले कभी नहीं देखी गई।

## लोकतांत्रिक दुनिया में एक संप्रभु देश के लीडरशिप की टारगेटेड किलिंग निंदनीय : प्रियंका गांधी

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नईदिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर गहरी चिंता जताई है. उनका कहना है कि किसी भी संप्रभु देश के शीर्ष नेतृत्व की टारगेटेड किलिंग बेहद निंदनीय है।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस पूरे घटनाक्रम को दुनिया के लिए खतरनाक संकेत बताया है. उनका कहना है कि इस तरह की कार्रवाइयों से हालात ज्यादा बिगड़ सकते हैं और कई अन्य देश भी इस संघर्ष में खिंचते चले जा सकते हैं. दुनिया को इस वक्त शांति की जरूरत है, न कि नई और बेवजह की लड़ाइयों की।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडियाप्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "डेमोक्रेटिक दुनिया के तथाकथित नेताओं द्वारा एक सॉवरेन देश के लीडरशिप की टारगेटेड हत्या और बहुत सारे बेगुनाह लोगों की हत्या घिनौनी है और इसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए, चाहे इसका कारण कुछ भी बताया गया हो।

उन्होंने आगे कहा, "यह दुख की बात है कि अब कई देश लड़ाई में घसीटे जा रहे हैं. दुनिया को शांति चाहिए, और फालतू की लड़ाइयों की नहीं. जो लोग इसकी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, उन्हें महात्मा गांधी की बातें याद रखनी चाहिए. आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देती है।

प्रियंका गांधी ने तंज कसते हुए कहा, "मुझे उम्मीद है कि इजरायल के प्रधानमंत्री और प्रेसिडेंट ट्रंप के सामने झुकने के बाद, हमारे प्रधानमंत्री प्रभावित देशों में सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित घर वापस लाने की पूरी कोशिश करेंगे।

उनका कहना है कि जब दुनिया के बड़े नेता जैसे डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री जैसे फैसले लेते हैं, तो उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ता है. ऐसे में

भारत के प्रधानमंत्री को चाहिए कि वे प्रभावित देशों में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने के लिए हर संभव कदम उठाएं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### होली पर्व में शांति बहाली को लेकर कौआकोल में अधिकारियों ने किया फ्लैग मार्च



**कौआकोल।** जिले के संवेदनशील माने जाने वाले कौआकोल थाना क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों ने होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। सदर एसडीओ अमित अनुराग एवं पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भाष्कर के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने कौआकोल बाजार,दुर्गामण्डप,सोखोदेवरा के संवेदनशील मुहल्लों,रानीबाजार से महुडर तक प्रमुख मार्गों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने आमजन से आपसी भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। सदर एसडीओ अमित अनुराग ने कहा कि होली के मद्देनजर क्षेत्र में विधि व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है और सोशल मीडिया पर भी सतर्क दृष्टि रखी जा रही है,ताकि किसी भी शरारती तत्व पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। फ्लैग मार्च के दौरान आमजन ने प्रशासनिक अधिकारियों के इस कदम की सराहना की। लोगों का मानना है कि इससे क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास का माहौल मजबूत हुआ है। मौके पर फ्लैग मार्च में सीओ मनीष कुमार,बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार,थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### जिला परिषद उमेश यादव जी के जन्मदिन व होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन



**नवादा।** हिसुआ पश्चिमी क्षेत्र के लोकप्रिय जिला परिषद सदस्य उमेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर आज उनके आवास/कार्यालय पर समर्थकों और प्रबुद्ध नागरिकों का तांता लगा रहा। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी और साथ ही रंगों के त्योहार होली की अग्रिम शुभकामनाएं भी साझा कीं। इस गरिमामय अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से आए वरिष्ठ नागरिक, पत्रकार और समाजसेवी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे। समाजसेवी नीतीश कुमार और सचिन कुमार बरनवाल उपस्थित थे। हिसुआ पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य उमेश यादव जी का जन्मदिन आज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जन्मदिन की खुशी के साथ-साथ होली के त्योहार का रंग भी देखने को मिला, जहाँ समर्थकों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया।

**वरिष्ठ पत्रकार और गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति:** इस विशेष अवसर पर क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और समाजसेवियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं कवि सुनील जी ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। वहीं, अधिवक्ता दिलीप राम ने उमेश यादव जी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले कई दिग्गजों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे। विनोद पासवान, छोटू कुमार, महेश चौधरी, शिवना रविदास, अरुण सिंह, रंजीत पासवान, जितेंद्र यादव और संतु यादव। जन्मदिन की बधाई स्वीकार करते हुए जिला परिषद सदस्य उमेश यादव ने सभी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि "जनता का यह प्रेम और विश्वास ही मेरी असली पूंजी है। मेरा हर दिन क्षेत्र की समस्याओं के समाधान और विकास के लिए समर्पित है।" उन्होंने उपस्थित सभी लोगों और हिसुआ की जनता को सुरक्षित एवं खुशहाल होली की हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

# बच्चों के मैत्रीवत विधिक सहायता कानून पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

लोक तंत्र की आवाज



**सुनील कुमार**

**नवादा।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार तथा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में रविवार को नवादा प्रखंड अंतर्गत ओरैना ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में बच्चों के मैत्रीवत विधिक सहायता हेतु बनाए गए कानूनों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमन जैन, सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल ने बताया कि बच्चों के लिए कानूनी सेवाओं का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि न्याय प्रणाली उनके लिए डरावनी न होकर सहायक एवं सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि बाल-अनुकूल कानूनी सेवाओं का अर्थ ऐसी न्याय प्रणाली से है जो 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की विशिष्ट आवश्यकताओं, परिपक्वता तथा अधिकारों को ध्यान में रखती है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चे के सर्वोत्तम हित की रक्षा करना है। उन्होंने कार्यक्रम में निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की बच्चे की बात सुनी जाना : कानूनी प्रक्रिया के दौरान बच्चों को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है तथा उनकी आयु के अनुसार उनके विचारों को महत्व दिया जाना चाहिए। गरिमा एवं संवेदनशीलता : बच्चों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाना चाहिए ताकि उन्हें कानूनी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार के मानसिक तनाव या आघात (ळ१४) का सामना न करना पड़े। भेदभाव का अभाव : बिना किसी लिंग, जाति या पृष्ठभूमि के भेदभाव के प्रत्येक बच्चे को समान कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। सरल भाषा में जानकारी : बच्चों को उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी सरल एवं सहज भाषा में दी जानी चाहिए। विशेषज्ञ अधिवक्ता : बच्चों से संबंधित मामलों के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित अधिवक्ता एवं पारा-लीगल वालंटियर्स (ढछ्श२) नियुक्त किए जाते हैं जो बाल मनोविज्ञान को समझते हैं। सुरक्षित वातावरण : अदालती कार्यवाही प्रायः बंद कक्षों या ऐसे स्थानों पर की जाती है जहाँ बच्चा स्वयं को सुरक्षित महसूस करे, न कि अपराधियों के बीच। गोपनीयता : बच्चे की पहचान गोपनीय रखना अनिवार्य है ताकि उनके भविष्य पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता



वाले बच्चे : अनाथ, शोषित अथवा तस्करी के शिकार बच्चों को पुनर्वास एवं सुरक्षा प्रदान की जाती है। कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चे : ऐसे बच्चों को सुधार के अवसर प्रदान किए जाते हैं तथा उनके साथ जेल के कैदियों जैसा व्यवहार नहीं किया जाता। पीड़ित या गवाह बच्चे : अपराध के शिकार बच्चों को गवाही के दौरान सुरक्षा एवं मनोवैज्ञानिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर प्रखंड के अन्य पदाधिकारी, कर्मचारीगण, जिले के गणमान्य नागरिक, अमन जैन, सहायक लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, नवादा तथा पारा विधिक स्वयंसेवक तपेश्वर सिंह उपस्थित थे।

# होली-रमजान पर्व को लेकर वारिसलीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



लोक तंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को वारिसलीगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में विधि-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया गया। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने की।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, मध निषेध इंस्पेक्टर अशोक कुमार, एसआई जय प्रकाश सिंह समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या उपद्रव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।प्रशासन की ओर से बताया गया कि होली के दिन प्रमुख चौक-चौराहों पर दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी।संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा गश्ती दल लगातार सक्रिय रहेंगे। थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने कहा की डीजे और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर सरकार द्वारा निर्धारित मानकों का पालन करने की अपील की।उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा अफवाहों से बचने में आमजन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में मौजूद मुखिया राज कुमार सिंह,मुखिया मृत्युंजय कुमार,अजीत यादव,संजय यादव,मलख राउत ,पंकज सिंह,गुड्डू कुमार, सुबोध सिंह सरपंच एवं समाजसेवियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। वार्ड पार्षद पंकज सिंह सहित अन्य प्रतिनिधियों ने कहा कि सभी समुदाय मिल-जुलकर पर्व मनाएं और भाईचारे की मिसाल कायम करें।कार्यक्रम के अंत में थाना परिसर के सभी चौकीदारों को रात्रि प्रहरी में अव्वल ड्यूटी करने के रूप में बिहार पुलिस द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# दवा व्यवसायियों ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



लोक तंत्र की आवाज

**कौआकोल।** कौआकोल बाजार में रविवार को प्रखण्ड दवा विक्रेता संघ ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दवा विक्रेता संघ के जिलाध्यक्ष राजन कुमार मौजूद रहे। दवा दुकानदारों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी तथा कहा कि होली के बहाने दवा व्यवसायियों में आपसी भाईचारा व एकजुटता दिखती है। यह स्वयं में एक मिसाल है। इस कार्यक्रम से संदेश जाता है कि दवा व्यवसायी एक दूसरे के सुख-दुख में साथ हैं। होली पर्व में आपसी भेदभाव भूलकर लोग गले लग जाते हैं। होली प्रेम व सद्भावना का प्रतीक है। मौके पर कौआकोल प्रखंड के प्रखण्ड अध्यक्ष योगेंद्र कुमार,संतोष कुमार,मन्नू बर्णवाल,पंकज चौरसिया,शंकर कुमार,राजीव रंजन,लखेन्द्र साहू,राजेन्द्र प्रसाद,रवि बर्णवाल,बिनोद बर्णवाल,चन्द्रिका प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# फरोग-ए-उर्दू सेमिनार, कार्यशाला एवं मुशायरा का सफल आयोजन

लोक तंत्र की आवाज





**सुनील कुमार**

**नवादा।** रविवार को ककोलत महोत्सव के तीसरे एवं अंतिम दिन जिला उर्दू भाषा कोषांग द्वारा खेल भवन, नवादा में फरोग-ए-उर्दू सेमिनार, कार्यशाला एवं मुशायरा का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला उर्दू भाषा कोषांग के प्रभारी मनोज चौधरी एवं अन्य पदाधिकारियों तथा गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उर्दू भाषा के महत्व, इसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा गंगा-जमुनी तहजीब में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में उर्दू को सामाजिक सद्भाव एवं सांस्कृतिक एकता की भाषा बताते हुए इसके अध्ययन, संरक्षण एवं दैनिक उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, शिक्षाविद, साहित्यकार एवं उर्दू प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

''डिजिटल दुनिया और उर्दू-दाँ की ज़िम्मेदारियाँ'' विषय पर आयोजित कार्यशाला में वक्ताओं ने बताया कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से उर्दू भाषा को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई जा सकती है। प्रतिभागियों को उर्दू टाइपिंग, डिजिटल प्रकाशन, यूनिकोड के उपयोग तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भाषा प्रचार-प्रसार के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्वानों द्वारा उर्दू भाषा एवं साहित्य पर आलेख प्रस्तुत किए गए। शिक्षाविदों ने उर्दू की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, साहित्यिक परंपरा तथा डिजिटल युग में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में आयोजित मुशायरे ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। विभिन्न शायरों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रेम, सामाजिक सरोकार, राष्ट्रीय एकता एवं मानवीय संवेदनाओं को प्रभावशाली ढंग से अभिव्यक्त किया। श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से शायरों का उत्साहवर्धन किया। अंत में साहित्यकारों, शिक्षाविदों एवं उर्दू प्रेमियों को सम्मानित किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# नवादा : ककोलत महोत्सव, 2026 के द्वितीय दिवस पर कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक संध्या ने बाँधा समां

लोक तंत्र की आवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा।** रविवार को आयोजित ककोलत महोत्सव के द्वितीय दिवस पर सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों की आकर्षक श्रृंखला ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिन भर चले विविध कार्यक्रमों में कवि सम्मेलन, स्थानीय कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ तथा संध्या में प्रसिद्ध गायक कुमार सत्यम की सुरमयी प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। द्वितीय दिवस का शुभारम्भ भव्य कवि सम्मेलन से हुआ, जिसमें आमंत्रित कवियों ने देशभक्ति, सामाजिक सरोकार, प्रकृति सौंदर्य एवं मानवीय संवेदनाओं पर आधारित अपनी रचनाओं का पाठ किया। ओज, वीर रस, हास्य-व्यंग्य एवं श्रृंगार रस से परिपूर्ण कविताओं ने श्रोताओं की खूब तालियाँ बटोरीं।





कवियों की सशक्त अभिव्यक्ति ने न केवल मनोरंजन किया बल्कि समाज के विभिन्न मुद्दों पर सोचने को भी प्रेरित किया। इसके उपरांत स्थानीय कलाकारों द्वारा लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। लोकगीत, लोकनृत्य एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि ने क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की। कलाकारों की ऊर्जा, भाव-भंगिमा एवं पारंपरिक परिधानों ने दर्शकों को बिहार की समृद्ध लोक परंपरा से रूबरू कराया। सांध्यकालीन कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायक कुमार सत्यम की सुरमयी प्रस्तुति ने महोत्सव में चार चाँद लगा दिए। उन्होंने भक्ति गीत, सूफी संगीत एवं लोकप्रिय हिंदी गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय एवं रोमांचकारी बना दिया। उनके मधुर स्वर एवं प्रभावशाली मंच संचालन ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। उपस्थित श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

ककोलत महोत्सव का द्वितीय दिवस साहित्य, संगीत एवं लोकसंस्कृति के अद्भुत संगम के रूप में यादगार बन गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं की सहभागिता रही। प्रशासन द्वारा सुरक्षा, स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। वहीं महोत्सव के तीसरे दिन,आज दिनांक 01 मार्च 2026 (रविवार) को प्रातः 11:00 बजे से खेल भवन, नवादा में फरोग-ए-उर्दू सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

# गयाजी में अंधेरे से मिली राहत, नगर निगम के प्रयासों से प्रमुख सड़क पर हुई पुख्ता रोशनी व्यवस्था

लोकतंत्र की आवाज

**गयाजी।** नगर निगम के नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया के सराहनीय प्रयास से शहर की एक लंबे समय से उपेक्षित सड़क अब रोशनी से जगमगा उठी है। मिर्जा गालिब कॉलेज गोलंबर से सुधा डेयरी केंद्र रोड होते हुए अनुग्रह नारायण कॉलेज रोड तक का इलाका पूर्व में अंधेरे में डूबा रहता था, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। गौरतलब है कि बीते दिनों उद्यमियों और स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में इस समस्या को गंभीरता से उठाया गया था। बैठक के दौरान डीएम श्री शंशांक शुभांकर के समक्ष सड़क पर अंधेरे और सुरक्षा को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद नगर प्रशासन ने त्वरित



संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू की। नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया के निर्देश पर संबंधित विभाग द्वारा सड़क के पूरे खंड में पर्याप्त स्ट्रीट लाइटें लगाई गईं। कार्य पूर्ण होते ही पूरा मार्ग प्रकाश से जगमगा उठा, जिससे अब रात के समय आवागमन सुरक्षित और सुगम हो गया है। स्थानीय नागरिकों, छात्रों और व्यापारियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार जताया है।पूर्व में स्थानीय लोगों का शिकायत थी कि इस सड़क से कॉलेज, डेयरी केंद्र और आवासीय इलाकों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग गुजरता है। रोशनी की कमी के कारण यहां दुर्घटना और असामाजिक गतिविधियों की आशंका बनी रहती थी। अब प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त होने से न केवल सुरक्षा बढ़ी है, बल्कि क्षेत्र की तस्वीर भी बदल गई है। नगर प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि शहर के अन्य अंधेरे इलाकों को भी चिन्हित कर चरणबद्ध तरीके से वहां प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी, ताकि गयाजी को सुरक्षित और सुव्यवस्थित शहर बनाया जा सके।

# मार्टिन मिशन एलिमेंट्री स्कूल के 25 बच्चों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में पाई सफलता,लहराया परचम

लोकतंत्र की आवाज

**अभय कुमार रंजन**

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज नगर परिषद् क्षेत्र के नेवाजगह गांव के पास वारिसलीगंज-बरबीघा एसएच 83 स्थित मार्टिन मिशन एलिमेंट्री स्कूल के पच्चीस बच्चों ने सैनिक स्कूल प्रवेश की लिखित परीक्षा में सफलता अर्जित कर विद्यालय समेत क्षेत्र का नाम रौशन किया है। सैनिक स्कूल बोर्ड द्वारा प्रकाशित किये गए प्रवेश परीक्षा (रिटेन) का परिणाम में उक्त विद्यालय में अध्ययनरत 25 छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। इस संबंध में विद्यालय के निदेशक ई. गौरी शंकर ने बताया कि बच्चों को ऑफ लाइन के बाद आन लाइन शिक्षण कार्य जारी रख तैयारी की। बहुत ही कम समय में तैयारी को निरंतरता जारी रखा गया। जिसका परिणाम सामने है।विद्यालय परिवार ने बच्चों को बहुत ही मेहनत और लगन से पढ़ाया है।विद्यालय के निदेशक ने बताया कि मामिएएस विद्यालय में अध्ययनरत जमुआवा ग्रामीण हरेराम सिंह के पुत्र ने परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित कर आल इंडिया में 273 स्कोर पाया है। जबकि नगर परिषद क्षेत्र के सिमरी डीह निवासी अंश झा ने आल इंडिया में 272 स्कोर प्राप्त किया है। इसके अलावे मय के सुदर्शन कुमार, ओखरिया के धर्मराज कुमार , कुटरी गांव के गोलू कुमार, नेवाजगह गांव के आयुष कुमार, सिमरीडीह के निखिल राज, ओखरिया के अंकित कुमार, नेवाजगढ़ के राजवीर शर्मा, नागपुर के पूजा कुमारी, कुटरी के अभिषेक पाठक, सिमरीडीह





के प्रिंस झा, मय के रॉकी कुमार, बल्लोंपुर के छोटू कुमार, बाली के संदीप कुमार, बल्लोंपुर के आदित्य राज, ओखरिया के हिमांशु कुमार, भेड़िया के केशव कुमार, शेरपुर के आयुष कुमार, शेरपुर के सुधांशु कुमार, ओखरिया के प्रिंस राज, ओखरिया के रिशु राज,नवादा के आदर्श भारती,शेरपुर के रूद्र राज, एवं सिमरीडीह के सानू कुमारी ने सैनिक स्कूल की लिखित परीक्षा में बाजी मारी है। एक साथ बड़ी संख्या में एक ही विद्यालय के बच्चों की सफलता से क्षेत्र के अविभावकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्र के शिक्षक एवं शिक्षा प्रेमियों ने विद्यालय प्रबंधन को बधाई एवं शुभकामना दिया है। अपने विद्यार्थियों की सफलता से विद्यालय परिवार काफी खुश नजर आया। निदेशक ई. गौरी शंकर ने परीक्षा के परिणाम के उपरांत विद्यालय परिसर में सफल छात्रों एवं उनके अभिभावकों के बीच केक काटकर एवं पटाखे फोड़ कर खुशी का इजहार किया। विद्यालय प्रबंधन परिणाम से उत्साहित है और आगे भी अध्ययनरत बच्चों को सफल होने के लिए पूरी ईमानदारी से परिश्रम करने को लेकर संकल्पित है। उन्होंने बताया कि अब सभी सफल बच्चों का फिजिकल एवं मेडिकल होना शेष है। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं पूरा विद्यालय परिवार मौजूद थे।विद्यालय के इस सफल शिक्षा कारनामे से पुरे इलाके में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

# विधायक विभा देवी के कार्यालय में मनाया गया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 74 वाँ जन्मदिन

लोकतंत्र की आवाज



**नवादा 1 मार्च ।** नवादा नगर स्थित सदर विधायक विभा देवी के कार्यालय में रविवार को त्रिस्तरीय उत्सव का आयोजन नवादा जिला जनता दल यूनाइटेड की ओर से किया गया । सर्वप्रथम बिहार के विकास पुरुष माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के 75 वें जन्मदिवस पर सदर विधायक विभा देवी ने केक काटकर उन्हें दीर्घायु स्वस्थ और क्रियाशील रहने की शुभकामनाएं दी । उपस्थित वक्ताओं ने मुख्यमंत्री के संघर्ष गाथा को दोहराते हुए कहा कि बिहार में इनका नेतृत्व अन्य प्रदेश की राजनीति को भी प्रभावित करता है । उनके अद्भुत नेतृत्व क्षमता और दूर दृष्टि जनता को चमत्कृत कर देती है । विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जो भी कदम उठाए है वह राष्ट्रीय स्तर पर उदाहरण बन गया है । दूसरे सत्र में जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष का निर्वाचन होना था किंतु किसी अपरिहार्य कारणों से निर्वाचन प्रक्रिया रोक दी गई । उत्सव के आखिरी सत्र में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें समस्त कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी । इस सत्र में विधायक ने कहा कि प्रेम और आपसी भाईचारे का त्यौहार होली समस्त नवादा वासियों के लिए मंगलमय हो । उन्होंने आशा व्यक्त की कि नवादा की जनता नशामुक्त होली का उत्सव सभी जाति धर्म या संप्रदाय के लोग मनाएंगे जिससे समाज में कड़वाहट पनपने का कोई स्थान नहीं मिलेगा । मौके पर मुकेश विद्यार्थी , जयशंकर चंद्रवंशी , नवल चौहान , मनोहर पासवान , अरुण सिन्हा , डॉ रियाज खान , प्रो प्रमिला देवी , शोभा देवी , कुसुम देवी , धीरू यादव , मंटू कुमार , शंभू मालाकार , दशरथ यादव , तारो खान समेत हजारों कार्यकर्ता , जनप्रतिनिधि एवं नेता शामिल रहे ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे का कदमः 56 होली स्पेशल ट्रेनें आगरा से गुजरेंगी, इंटरसिटी ग्वालियर तक



रत्ना

**लखनऊ।** होली पर्व से ठीक पूर्व एक से आठ मार्च के मध्य आगरा रेल मंडल से होकर 56 विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इसमें अधिकांश ट्रेनें आगरा कैंट से होकर गुजरेंगी। नई दिल्ली-आगरा इंटरसिटी सहित सात ट्रेनों का विस्तार किया गया है। इंटरसिटी का संचालन अब ग्वालियर तक होगा।

रेलवे ने यह कदम यात्रियों की सुविधा के लिए उठाया है। वर्तमान में लंबी दूरी की सभी ट्रेनों में वेटिंग 100 के पार है। होली स्पेशल ट्रेनें चलने से यात्रियों को सीट मिल सकेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने उठाया कदम, सात ट्रेनों का किया गया विस्तार जनसंपर्क अधिकारी प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेनों में कोच की भी संख्या बढ़ाई जा रही है। कासगंज-मथुरा एक्सप्रेस का विस्तार गंगापुरसिटी, बयाना-मथुरा-कोटा एक्सप्रेस अलवर तक, कासगंज-मथुरा एक्सप्रेस का विस्तार अछनेरा तक, मथुरा-बयाना मेमू का विस्तार डीग तक किया गया है।

### सुलेमान फारूखी फ्रूट मंडी एसोसिएशन के प्रधान, निर्वाचित होने पर नदीम खान ने गिफ्ट में दी बाइक



**असद सिद्दीकी (ब्यूरो प्रमुख)**

देवबंद नवीन फ्रूट मंडी एसोसिएशन के छठी बार प्रधान निर्वाचित होने पर सुलेमान फारूखी को उनके एक समर्थक नदीम खान ने बाइक गिफ्ट कर अपनी खुशी का इज़हार किया। इस मौके पर मंडी परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। नदीम खान अन्य समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर प्रधान सुलेमान फारूखी का स्वागत किया और उनके नेतृत्व की सराहना की। प्रधान सुलेमान फारूखी ने नदीम खान का शुक्रिया कियाऔर कहा कि यह सम्मान पूरे मंडी परिवार का है। उन्होंने विश्वास जताया कि वे आगे भी व्यापारियों के हितों के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करते रहेंगे।

### होली मिलन का सुंदर कार्यक्रम किया आयोजित



**असद सिद्दीकी**

देवबंद की अग्रणी संस्था साहित्य संगम जन जागृति सामाजिक मंच द्वारा आज सुभाष चौक स्थित एक प्रतिष्ठान पर होली मिलन का सुंदर कार्यक्रम आयोजित किया । जिसमें मंच की सभी महिलाओं द्वारा होली खेली गई महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली मिठाई सेवइयां आदि एक दूसरे को खिलाई संगठन की अध्यक्ष ममता वर्मा ने सभी नगर वासियो एवम क्षेत्रवासियों को होली की बधाई दी मंच की ज्योति वर्मा ने होलीका पर्व की महत्व को समझाते हुए बताया कि ऋतु के बदलने और भक्त प्रहलाद के अपनी बुआ की गोद होलीका में दहन न होने के विषय को समझाते हुए कहा कि होली का त्यौहार एक पावन पर्व है और हिंदू धर्म इसे धूमधाम से मनाते हैं इस अवसर पर ज्योति वर्मा ममता वर्मा प्रियंका गर्ग निधि वर्मा अदिति वर्मा हर्षित चारु आर्य वर्मा नारायण सिया वर्मा आदि महिलाएं मौजूद रही ।

# अब होगा 'गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध' का शंखनाद

## (30 दिनों की निष्फलता के पश्चात 11 मार्च को लखनऊ में धर्मयुद्ध के शंखनाद की घोषणा)



**लोक तंत्र की आवाज**

**वाराणसी** ३१वाँ दिन प्रेस वार्ता स्थलः श्री विद्या मठ, काशी :भूमिका और शासन की विफलताःस्वयं को असली हिन्दू के रूप में प्रतिष्ठापित करने या नकली हिन्दू के रूप में ख्यापित होने के लिये आदित्यनाथ योगी जी को दिए गए ४० दिनों के समय में से ३० दिन पूर्ण हो चुके हैं।पूर्व में ११वें दिन और २१वें दिन की गई प्रेस वार्ताओं के माध्यम से उन्हें निरंतर सचेत किया गया था,किंतु अत्यंत खेद का विषय है कि पिछले १० दिनों में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है।उन की विदेश यात्रा उनकी शिथिलता का बहाना नहीं हो सकती। हमारे द्वारा दिए गए –गोमाता को राज्यमाता घोषित करने और उत्तरप्रदेश से बीफनिर्यात पर पूर्णतया प्रतिबन्ध लगाने जैसे दो मुख्य कार्यों (ळंर') और गोहत्या निरोध में सहयोगी

'पंचसूत्रीय माँगपत्र' पर उनकी सरकार, सत्ताधारी दल और उनके उत्तरदायी नेताओं की चुप्पी उनकी गो-भक्त विरोधी मानसिकता को अब तक तो पुष्ट करती ही नजर आ रही है। या यूं कहें कि अब सारी अपेक्षाएँ शेष ९-१० दिनों पर टिकी हैं।

**अहिंसक और वैचारिक धर्मयुद्धः** हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि यह 'गो प्रतिष्ठा धर्मयुद्ध' पूर्णतः अहिंसक और वैचारिक होगा। हमारा अस्त्र 'शास्त्र और संवाद' है, 'हिंसा' नहीं। हम सत्ता को उसकी नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी का स्मरण कराने हेतु शांतिपूर्ण मार्ग से सात मार्च को क्रमशः लखनऊ की ओर 'गोप्रतिष्ठार्थ धर्मयुद्ध शंखनाद यात्रा' के माध्यम से प्रस्थान करेंगे। यदि इन 9-10 दिनों में निर्णय नहीं हुआ, तो इसकी समस्त जिम्मेदारी योगी आदित्यनाथ, प्रदेश सरकार, संबंधित राजनीतिक दल और उनके नेतृत्व की होगी।

॥ आगामी कार्यक्रम एवं लखनऊ प्रस्थान मार्ग ॥

१. संकल्प दिवस (६ मार्च, चैत्र कृष्ण तृतीया):

काशी के शंकराचार्य घाट पर 'गो-ब्राह्मण प्रतिपालक' वीर शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर गंगामाता की पूजा कर वैचारिक गोप्रतिष्ठार्थ धर्मयुद्ध शंखनाद का संकल्प लिया जाएगा।

२. प्रस्थान एवं आध्यात्मिक ऊर्जा (७ मार्च):

प्रातः ८:३० बजे श्री विद्या मठ से प्रस्थान। काशी के प्रसिद्ध संकटमोचन मंदिर में संकटमोचन हनुमानाष्टक, हनुमान चालीसा और बजरंग बाण के पाठ के साथ विघ्नों के नाश की प्रार्थना कर यात्रा का श्रीगणेश होगा।



**यात्रा मार्ग एवं जनसभाएँः** * ७ मार्चः जौनपुर (सभा), सुल्तानपुर (सभा) से होते हुए रायबरेली में (सभा एवं)रात्रि विश्राम।

* ८ मार्चः रायबरेली से मोहनलालगंज (सभा), लालगंज (सभा), अचलगंज (सभा) होते हुए उन्नाव में (सभा एवं ) रात्रि विश्राम।

* ९ मार्चः उन्नाव, बांगरमऊ (सभा), बघौली (सभा) होते हुए नैमिषारण्य में (सभा एवं) रात्रि विश्राम।

* १० मार्चः नैमिषारण्य से सिधौली (सभा), इटौंजा (सभा) होते हुए लखनऊ सीमा में प्रवेश एवं रात्रि विश्राम ।

निर्णायक शंखनादः लखनऊ कार्यक्रम

* तिथिः ११ मार्च २०२६ (शीतला अष्टमी)

*समयः दोपहर २:१५ बजे (आगमन) से सायं ५:०० बजे तक

* स्थानः कांशीराम स्मृति सांस्कृतिक स्थल, पासी किला चौराहा, आशियाना, लखनऊ

* मुख्य आकर्षणः मंगलाचरण, गोमय गणेश पूजन, गो-ध्वज प्रतिष्ठा और 'धर्मयुद्ध शंखनाद' सहित विद्वानों-सन्तों-गोभक्तों के वाग्बाण के अनुभव का अवसर होगा। सत्ता की उदासीनता गौ-भक्तों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। ११ मार्च का लखनऊ आगमन शासन की अंतिम चेतावनी सिद्ध होगा।

## यूएस-इजरायल और ईरान के युद्ध का असर पर हवाई यात्रा पर भी, खाड़ी देशों की उड़ानें निरस्त



**लोक तंत्र की अवाज**

**रत्ना**

**लखनऊ।** यूएस-इजरायल और ईरान की जंग का असर हवाई यात्रा पर भी पड़ा है। ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच युद्ध को देखते हुए खाड़ी देशों की उड़ानों पर रोक लगा दी गई है। शनिवार के बाद रविवार को भी लखनऊ से अबूधाबी, दम्माम और शारजाह जाने वाले विमानों का संचालन बंद रहा। दुबई से भी कोई फ्लाइट लखनऊ नहीं आई और न ही लखनऊ से कोई फ्लाइट दुबई गई। युद्ध को देखते हुए खाड़ी देशों की उड़ानों पर रोक लगा दी गई है। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट से रविवार को शारजाह और दुबई जाने वाली फ्लाइटें निरस्त कर दी गईं। यहां से अबुधाबी जाने वाला विमान संख्या 6ई 1415, दम्माम जाने वाला विमान संख्या 6ई097 और शारजाह जाने वाला विमान संख्या 6ई 1423 रद कर दिया गया।इससे पहले शनिवार को खाड़ी देशों की 17 उड़ानों को निरस्त किया गया था। शनिवार शाम के बाद लखनऊ आने व यहां से जाने वाली इंटरनेशनल उड़ानें निरस्त कर दी गईं। इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने एडवाइजरी जारी कर दी है। शनिवार को दोनों ओर से 17 उड़ानें निरस्त की गईं। इन उड़ानों के करीब 2500 यात्री दोनों तरफ फंस गए हैं। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार रात आठ बजे दम्माम से आने वाली इंडिगो एयरलाइन की उड़ान 6ई-098 निरस्त हो गई। लखनऊ आने वाले 150 यात्री दम्माम में फंस गए। इसी तरह लखनऊ से दम्माम जाने वाली उड़ान 6ई-097 को भी निरस्त कर दिया गया। लखनऊ से शारजाह जाने वाली उड़ान 6ई- 1423 भी निरस्त हो गई।

## बिजनौर पुलिस की पैदल गश्त से सुरक्षा व्यवस्था हुई मजबूत



**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट आकांक्षा रानी**

**मंडावर।** में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से थाना पुलिस ने मुख्य बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सघन पैदल गश्त की। थाना प्रभारी सुमित राटी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने व्यापारियों व आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई और यातायात व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। मंडावर पुलिस की इस सक्रियता से लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

## आगरा मुठभेड़ में ढेर हुआ भाटी गैंग का शूटर पवन गुर्जरः रंगदारी की रकम से चुनाव लड़ना चाहता था कुख्यात

**लोक तंत्र की अवाज**

**रत्ना**

**लखनऊ।** एसटीएफ से एकता थाना क्षेत्र में हुई मुठभेढ़ में ढेर हुआ रणदीप भाटी और अमित कसाना गैंग का शूटर पवन गुर्जर उर्फ कल्लू रंगदारी से रकम जुटाकर राजनीति में जाना चाहता था। वह पंचायत चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा था। उसने गांव में इसके लिए एलान भी कर दिया था।उसके डर के कारण विरोध में कोई खड़ा होने की हिम्मत भी नहीं कर पा रहा था।शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन उसके शव को गाजियाबाद ले गए। वहां उसका अंतिम संस्कार हुआ।

**पोस्टमार्टम के बाद शव ले गए स्वजन, गाजियाबाद में हुआ अंतिम संस्कारः** गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में सिरौली निवासी पवन गुर्जर के खिलाफ 31 दिसंबर को दादरी के मायचा निवासी ठेकेदार संदीप ने ताजगंज थाने में 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मुकदमा लिखाया था।इस मुकदमे में फरार चल रहे पवन पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित हो गया था। एसटीएफ नोएडा यूनिट की टीम ने मूवमेंट की जानकारी होने पर शुक्रवार रात को एकता थाना क्षेत्र में उसकी घेराबंदी कर ली। बदमाश ने एसटीएफ टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में उसके सीने में गोली लग गई, जिससे उसकी मौत हो गई।



**एकता थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एसटीएफ से हुई मुठभेड़ में ढेर हुआ था शूटरः** कुख्यात से एक .9 एमएम की पिस्टल और बाइक बरामद हुई है।शनिवार को डाक्टरों के पैनल ने उसका पोस्टमार्टम किया।उसके स्वजन पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंच गए। एक युवक ने खुद को उसका भाई बताया। बुआ और मामा के बेटे भी साथ थे।पोस्टमार्टम के बाद पुलिस सुरक्षा में वे शव को गाजियाबाद ले गए।

# बिजनौर प्रेस क्लब अध्यक्ष चुने गए योगेश कुमार



**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह**

मंडावर प्रयाण सभी भाइयों की सर्वसम्मति से छटी बार फिर चुने गये प्रेस क्लब अध्यक्ष योगेश कुमार उर्फ बंटी मंडावर बस स्टैंड पर फुल मालाओं से उनका स्वागत किया गया थाना प्रभारी सुमित राठी ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी। कल शनिवार को हर बार की तरह अबकी बार भी पत्रकार एकता प्रेस क्लब चंदक मंडावर के अध्यक्ष योगेश कुमार उर्फ बंटी को सर्वसम्मति से चुना गया उन्होंने सभी भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने और सभी के सुख-दुख में काम आने के लिए कहा उन्होंने बताया की वह पत्रकारों की हित की लड़ाई में सबसे आगे हैं वह अपने संगठन को मजबूत बनाते हुए हर कदम पर सभी पत्रकार भाइयों के साथ रहेंगे उनके अध्यक्ष बनने पर मंडावर थाना प्रभारी सुमित राठी ने भी शुभकामनाएं दी इस अवसर पर रावेन्द्र राजपूत जगमोहन शर्मा पंकज शर्मा रणवीर सिंह राहुल कुमार मिर्जा बेग महताब अहमद कानुनी सलाहकार एडवोकेट फुरकान अहमद सचिन चौधरी कामेंद्र शर्मा आविद अंसारी अन्य पत्रकार एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## ससुराल के घर चोरी करने वाले दामाद समेत चार गिरफ्तार भेजा जेल

**लोकतंत्र की आवाज**

**रिपोर्ट पायल कुमारी**

**बिजनौर ।** नहटौर थाना क्षेत्र में दो दिन पहले ससुराल में चोरी करने वाले दामाद समेत चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और नशीली गोलियां बरामद की है दामाद ने सास, ससुर और पत्नी को खाने में नशीली दवा देकर बेहोश कर दिया था। इसके बाद वह घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए थे। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया।नहटौर थाना क्षेत्र का है। डाकघर के पास रहने वाले सराफा व्यापारी संतोष वर्मा ने लगभग डेढ़ साल पहले अपनी मूक-बधिर बेटी की शादी हल्दौर क्षेत्र के कुम्हार पुरा निवासी नवीन कुमार पुत्र कौशल कुमार से की थी। नवीन की बुरी आदतों और गलत चाल-चलन के कारण उसे पहले ही घर से अलग कर दिया गया था। हाल ही में कुछ दिन पहले



उसने अपनी गलती मानते हुए दोबारा सास-ससुर के साथ रहने की गुहार लगाई थी, जिस पर उन्हें रहने की इजाजत मिल गई थी। बुधवार रात को दामाद नवीन ने सास रंजना देवी, ससुर संतोष वर्मा और पत्नी स्वाति को खाने में नशीली दवा मिलाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद वह घर में रखे सोने चांदी के जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आज घटना का खुलासा करते हुए आरोपी दामाद नवीन चौहान और उसके साथी कुनाल, शिवम चौहान, तथा शिवम सैनी को गिरफ्तार किया है। एसपी ग्रामीण प्रकाश कुमार ने बताया 26 फरवरी को नहटौर के रहने वाले संतोष वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके दामाद नवीन चौहान ने उनके घर से करीब 40 किलो चांदी और करीब 900 ग्राम सोने के जेवर चोरी किए।इस मामले में नवीन चौहान व उसके दो साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2 किलो 170 ग्राम पीली धातु के जेवर, 50 ग्राम पीली धातु का बिस्किट और 10 ग्राम का एक पीली धातु का सिक्का और 2 लाख 80 हजार रुपए नकद और ढाई लाख रुपए के दो बैंक डिपॉजिट बरामद किए हैं। साथ ही उसकी निशानदेही पर सुनार को भी गिरफ्तारी किया है, जिसके यहां चांदी को गलाया गया था। उसके पास से 30 किलो करीब के चांदी की सिल्ली भी बरामद की है। सभी सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष पेश किया। वहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

# ऊर्जा निगमों में कार्यरत लगभग 20,000 तकनीशियन कार्मिकों का राज्य विद्युत परिषद से मान्यता प्राप्त एकमात्र कैडर संघ

**लोक तंत्र की आवाज**

**उरई ।** आज उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की विभागीय वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान अध्यक्ष द्वारा तकनीशियन ग्रेडझ्र2 (टीजीझ्र 2) संवर्ग के संबंध में दिया गया वक्तव्य, जिसमें तकनीशियन कर्मचारियों पर अतिरिक्त ड्यूटी न करने एवं ''दलाली'' जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया, अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, असंवेदनशील एवं अमर्यादित है। राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश उक्त बयान की कड़े शब्दों में निंदा करता है। यह टिप्पणी प्रदेश के ऊर्जा निगमों में कार्यरत लगभग 20,000 तकनीशियन कर्मचारियों के मान-सम्मान, गरिमा एवं आत्मसम्मान पर सीधा आघात है, जो विषम मौसम, दुर्घटना संभावित एवं जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में निरंतर कार्य करते हुए प्रदेश की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। संघ स्पष्ट करना चाहता है कि तकनीशियन (टीजीझ्र 2) संवर्ग के कार्मिक विभिन्न इकाइयों एवं शाखाओं में, कार्मिकों एवं संघ द्वारा पूर्व में व्यक्त आपत्तियों के बावजूद, संबंधित सक्षम अधिकारियों के लिखित आदेशों के अनुपालन में ही कार्यरत हैं। यदि कहीं कार्य आवंटन अथवा तैनाती संबंधी कोई प्रशासनिक विसंगति विद्यमान है, तो उसका



समाधान प्रशासनिक एवं संस्थागत स्तर पर किया जाना अपेक्षित है, न कि संपूर्ण तकनीकी संवर्ग को सार्वजनिक मंच से अपमानजनक शब्दों द्वारा संबोधित कर। किसी शीर्ष पद पर आसीन अधिकारी द्वारा इस प्रकार की सामान्यीकृत टिप्पणी न केवल कर्मचारियों के मनोबल को प्रभावित करती है, बल्कि विभागीय समन्वय, कार्य संस्कृति एवं जनसेवा व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। तकनीशियन कर्मचारी सदैव निगम हित एवं उपभोक्ता हित को सर्वोपरि मानते हुए पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते आए हैं। राज्य विद्युत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ मांग करता है कि तकनीशियन संवर्ग के संबंध में दिए गए उक्त आपत्तिजनक वक्तव्य पर तत्काल सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त करते हुए सम्मानजनक स्पष्टीकरण जारी किया जाए। अन्यथा संघ प्रदेश भर के तकनीशियन कर्मचारियों के साथ लोकतांत्रिक, संगठनात्मक एवं विधिक स्तर पर चरणबद्ध कार्यवाही करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी ऊर्जा प्रबंधन की होगी। तकनीकी कर्मचारियों का सम्मान एवं स्वाभिमान सर्वोपरि है तथा संगठन अपने प्रत्येक सदस्य की गरिमा की रक्षा हेतु हर स्तर पर संघर्ष के लिए प्रतिबद्ध है।

## माधौगढ़ सब्जी मंडी में मारपीट,पुलिस ने जांच शुरू की, आरोपियों की पहचान जारी

**लोक तंत्र की आवाज**

**माधौगढ़ जालौन /** कस्बा माधौगढ़ नगर की सब्जी मंडी में रविवार दोपहर लगभग 1 बजे कुछ लोगों के बीच मारपीट हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि कुछ लोग आपस में हाथापाई कर रहे हैं। मारपीट होते देख मंडी में आपस में हाथापाई कर रहे हैं। मारपीट होते देख मंडी में मौजूद अन्य लोग इधर-उधर भागने लगे, जिससे मंडी में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर पहले कहासुनी हुई, जो बाद में उग्र विवाद में बदल गई। इसके बाद दोनों पक्षों के





लोग इकट्ठा हो गए और मारपीट शुरू कर दी। हालांकि, विवाद का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है। कोतवाल विकेश बाबू इस मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, वीडियो के आधार पर संबंधित लोगों की पहचान कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बाराहाट में शोक सभा का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ ईशीपुर बाराहाट के तत्वाधान में विद्यापीठ परिसर योगीवीर हनुमत पूरी पहाड़ी पर आदि गुरु के प्रेरणा स्रोत प्रथम शिव शिष्य हरिंद्रानंद जी के शैक्षणिक गुरु साहिबगंज केप्रोफेसर रामेश्वर मंडल , भागलपुर के वरिष्ठ साहित्यकार महेंद्र मयंक, उद्घोषक विजय कुमार मिश्रा, केंद्रीय रेलवे यात्री संघ के अध्यक्ष विष्णु खेतान की धर्म पत्नी अनुराधा खेतान, साहित्य बिरजू भाई के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। डॉ योगेश कौशल , प्रोफेसर सुदामा, साहित्यकार हरे राम निराला, मुकेश आजाद, डॉ दीपांकर आदि ने शोक सभा में भाग लिया।

### पीरपैंती: दो घरों में लगी भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती (भागलपुर)। पीरपैंती प्रखंड के सलेमपुर पंचायत स्थित फौजदारी गांव में रविवार को अचानक घर में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दो परिवारों का पूरा सामान जलकर राख हो गया ।मिली जानकारी के अनुसार, आग लगने से विंदा लाल यादव उर्फ बिंदेश्वरी लाल यादव एवं राम नरेश यादव के घरों में रखा पलंग, अनाज, सरकारी दस्तावेज, नगद राशि, गहने सहित अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना के समय परिजनों में अफरा–तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इसी बीच स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि घनश्याम दास ने तत्परता दिखाते हुए अग्निशामक वाहन को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अगलगी की घटना में पीड़ित परिवारों को लाखों रुपये की क्षति होने का अनुमान है। घटना के बाद पीड़ित परिवारों का रो–रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को अविलंब राहत एवं मुआवजा देने की मांग की है।

### बिहिया में मच्छरों पर वार, नगर पंचायत ने शुरू किया फॉगिंग अभियान



लोकतंत्र की आवाज
जगदीशपुर /भोजपुर। बिहिया नगर में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए नगर पंचायत बिहिया ने रविवार से व्यापक फॉगिंग अभियान की शुरुआत की। सुबह से ही विभिन्न वार्डों, मुख्य सड़कों, बाजारों और चौक–चौराहों पर मशीनों के माध्यम से दवा का छिड़काव किया गया। नगर के कई इलाकों में धुआं कर मच्छरों को नष्ट करने की कार्रवाई की गई। नगर पंचायत कार्यालय के अनुसार, यह अभियान एक दिन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वार्डवार योजना बनाकर लगातार चलाया जाएगा, ताकि किसी भी मोहल्ले में मच्छरों का प्रकोप न रहे। विशेष रूप से नालों, जलजमाव वाले स्थानों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर छिड़काव किया जा रहा है। अभियान के दौरान नगर पंचायत के चेयरमैन सचिन कुमार गुप्ता स्वयं टीम के साथ मौजूद रहकर कार्य का निरीक्षण करते नजर आए। रविवार शाम को भी वे विभिन्न वार्डों में पहुंचकर फॉगिंग की प्रगति का जायजा लेते रहे। चेयरमैन ने कहा कि नगरवासियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। मौसम परिवर्तन के साथ मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पूरे नगर क्षेत्र में नियमित फॉगिंग कराई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी क्षेत्र में छिड़काव छूट जाता है तो लोग नगर पंचायत को सूचित करें, तत्काल टीम भेजी जाएगी। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि घरों और आसपास पानी जमा न होने दें तथा साफ–सफाई बनाए रखें, ताकि मच्छरों के प्रजनन पर रोक लगाई जा सके।

# संतश्री के सान्निध्य में भव्य होली मिलन, अबीर-गुलाल और फाग गीतों से सराबोर रहा दोघरा

लोकतंत्र की आवाज



बिहिया/जगदीशपुर/भोजपुर। संत श्री देवराहा शिवनाथ दास जी महाराज के सान्निध्य में रविवार को बिहिया चौरास्ता स्थित जीओ पेट्रोल पंप के पीछे पूरब टोला दोघरा में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पारंपरिक फाग गीतों, अबीर-गुलाल और भक्ति भाव से सराबोर इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा वातावरण सनातन संस्कृति की झलक और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत नजर आया।

समारोह की शुरुआत श्रद्धालुओं द्वारा संतश्री के श्रीचरणों में गुलाल अर्पित कर आशीर्वाद लेने के साथ हुई। इसके बाद भक्तों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया। गायक मंडली ने “तेगवा बहादुर...”, “बंगला में उड़ेला अबीर हो...”, “सिया चलले अवधवा की ओर...” और “होरिया खेले रामलला...” जैसे पारंपरिक हिंदी-भोजपुरी फाग गीतों की प्रस्तुति दी। नाल, ढोलक, झाल, तबला और हारमोनियम की संगत पर प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

अपने आशीर्वचन में संतश्री ने कहा कि होली आपसी बैर-भाव मिटाकर प्रेम और सद्भाव बढ़ाने का पर्व है। उन्होंने कहा कि सच्ची होली मन की शुद्धि और ईश्वर भक्ति में है। “यदि पीना ही है तो राम नाम के अमृत रस का पान करें, जिससे जीवन और कुल का कल्याण होता है,” उन्होंने कहा। साथ ही होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताते हुए उसे जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

- बिहिया में भक्ति संग मना रंगोत्सव, श्रद्धालुओं ने लिया संतश्री का आशीर्वाद



आयोजक संजीव कुमार ने समारोह में पधारे श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया और कहा कि संतश्री के सान्निध्य में आयोजित यह कार्यक्रम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर रामनवमी शोभायात्रा समिति ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू सिंह बबुआन, महासचिव शंभू प्रसाद चौरसिया, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, सुरक्षा प्रमुख राजेश्वर पासवान तथा साईं बीएड कॉलेज के निदेशक धनंजय सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के सम्मान में होली मिलन समारोह आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

- वृद्धजनों व दिव्यांगजनों के सम्मान में होली मिलन समारोह
- जागृति युवा मिशन की पहल, बुजुर्गों को किया सम्मानित

जगदीशपुर/भोजपुर। जगदीशपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 05 में जागृति युवा मिशन द्वारा वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के सम्मान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला परिषद सदस्य पूनम कुशवाहा ने किया, जबकि उद्घाटन माननीय श्रम संसाधन मंत्री संजय टाइगर ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांगजन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनके सम्मान और देखभाल की जिम्मेदारी समाज की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने जागृति युवा मिशन की इस पहल को सामाजिक समरसता की दिशा में सराहनीय कदम बताया।

कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों को गुलाल लगाकर व अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत पारंपरिक होली गीत प्रस्तुत किए गए, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और उल्लास से भर उठा। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया।

आयोजक पूनम कुशवाहा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में प्रेम, सेवा और संवेदना का संदेश देते हैं ।कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जागृति युवा मिशन के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुशवाहा ने किया।

मौके पर जिला पार्षद उपाध्यक्ष लाल बिहारी सिंह, जिला परिषद सदस्य भीम यादव, वंदना राजवंशी, इमामुद्दीन अंसारी, मो. मुस्लिम, गिरीश नंदन, मंजू देवी, सोनू रजक, सर्वजीत सिंह,रविंद्र रजक, सिंह, मुखिया उमेश कुशवाहा, सतेंद्र पासवान, महेश ठाकुर, सालनी सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद सिंह, जेडीयू नेता मुकेश सिंह, भाजपा नेता मिथलेश कुशवाहा, हरेंद्र पांडेय, संतोष चंद्रवंशी, संजय सिंह, सुगंधा सिंह, सुरभि सिंह, शंकुतला समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 28 मार्च से तीन अप्रैल तक कुंडाडीह गांव में आयोजित भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर बैठक आयोजित



लोक तंत्र की आवाज

जामा(दुमका)। जामा प्रखंड अंतर्गत सिमरा पंचायत के कुण्डाडीह गांव में रविवार को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में तय किया गया कि आगामी 28 मार्च से तीन अप्रैल तक 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि कथा वाचक कुलदीप कृष्ण महाराज जी के द्वारा प्रतिदिन संध्या सात बजे से 10 बजे रात्रि तक भागवत कथा प्रवचन किया जाएगा। इसके पूर्व बैठक में आयोजन समिति का पुनर्गठन किया गया और यज्ञ की तैयारी को लेकर गठित समिति सदस्य के साथ विचार विमर्श किया गया एवं इसकी सफलता के लिए बजट, प्रचार प्रसार पंडाल, आदि योजना बनाई गई। इस मौके पर कुंडाडीह , बाबुकदेली, लक्ष्मीपुर, हल्दीपट्टी, मचाडीह आदि आस पास के ग्रामीण एवं प्रेमी काफी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

## पीरपैंती : दो युवा उद्यमियों को प्रकृति रत्न सम्मान

लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के पीरपैंती बाजार में प्रकृति रत्न सम्मान समारोह कार्यक्रम फेज टू का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। संजीवनी गंगा द्वारा संचालित भारत के रत्न कार्यक्रम के अंतर्गत,गोल्डन बाइट रेस्टोरेंट के संचालय सिरमतपुर, निवासी राजेश राय और गोल्डन ज्वेलर्स के संचालक खवासपुर निवासी देव वर्मा को मुख्य अतिथि ने प्रकृति रत्न सम्मान प्रदान किया।



उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख ने संस्था के इस अभियान की प्रशंसा की और कहा कि संस्था पर्यावरण,शिक्षा,रोजगार एवं खेल के क्षेत्र में नित्य प्रगति की राह में आगे बढ़ रही है। लगभग चार सौ युवतियों को सिलाई का प्रशिक्षण,पांच हजार से ज्यादा बच्चों को निःशुल्क रूप से पैंटीन का प्रशिक्षण,दस हजार पौधारोपण और एक लाख लीटर स्वच्छ पेयजल का वितरण संजीवनी गंगा की सफलता की कहानी कहता है

संस्था के अध्यक्ष रघुनंदन पंडित ने बताया यंग इंडिया डिजिटल एंड स्किल मिशन के तहत इस कार्यक्रम को चलाया जा रहा है जिसका मकसद रोजगार परख शिक्षा और शहरों एवं गांवों में बुनियादी डिजिटल विभाजन के अंतर को कम करना है।

इस अवसर पर दो ग्रुप में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग पच्चीस विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम, भावना राज, आरफा द्वितीय शिवानी, दिलखुश और तृतीय स्थान लाने वाले आयत परवीन, आरजू को अतिथियों ने टॉपी, मेडल एवं कलम देकर सम्मानित किया।

संजीवनी गंगा के संस्थापक मो0 अयाज ने बताया कि आने वाले दिनों में इस अभियान को प्रखंड के अन्य स्थानों पर भी चलाया जाएगा। कार्यक्रम में समाजसेवी गुंजन साह, मो0 राजा, संस्था के संयोजक साजिद उर्फ लाल, संस्था की सदस्य रुखसार खातून, मो0 राजा, शिक्षिका जैस्मीन खातून सिलाई प्रशिक्षु आमना खातून, काजल खातून, रिफत खातून, लाडो खातून, साइमा, मो0 मजहर, एलिजा, अफगान, अयान ,अशद सम्मिलित हुए ।मंच संचालन ज्वाइंट डायरेक्टर मो0 एहसान ने किया।

## चैंपियन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का नवादा में रोड शो, होली मिलन समारोह में हुआ भव्य सम्मान

लोकतंत्र की आवाज



मोहम्मद सबरार आलम
नवगछिया। रविवार को नवगछिया पुलिस जिला बाल बैडमिंटन संघ के संयोजन में खरीक प्रखंड के नवादा स्थित आदर्श सर्वोदय विद्या मंदिर में चैंपियन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के सम्मान में भव्य रोड शो निकाला गया। इसके साथ ही होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें खेलप्रेमियों और आमजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।राज्य प्रवक्ता सह जिला सचिव ज्ञानदेव कुमार ने बताया कि हाल ही में इंडोनेशिया के बाली शहर में आयोजित इंडोनेशिया-भारत बाल बैडमिंटन टेस्ट श्रृंखला में 3,0 से जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ी बिहपुर के विक्रमपुर निवासी सूरज कुमार का भव्य स्वागत किया गया। इसके अलावा वर्ष 2025 में पटना ें आयोजित चार देशीय प्रतियोगिता में नेपाल, श्रीलंका और भूटान को हराकर चैंपियन बनी भारतीय टीम की खिलाड़ी नवगछिया की प्रज्ञा भारती को भी सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम में वर्ष 2019 में मोतिहारी में इंडोनेशिया को 3,0 से पराजित करने वाले भारतीय टीम के खिलाड़ी अंकित कुमार शर्मा तथा इसी वर्ष नेपाल में आयोजित टेस्ट श्रृंखला में नेपाल को 3,0 से हराने वाले भारतीय टीम के खिलाड़ी राहुल कुमार का भी अभिनंदन किया गया ।इस अवसर पर संघ के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ घंटू सिंह, विद्यालय के निदेशक राजेश कुमार रवि, किशन कन्हैया, सुनील गुप्ता, सुनील कुमार मंडल, संतोष कुमार मंडल, निरंजन कुमार, विपिन कुमार, पवन कुमार, मुकेश कुमार, रोहित मिश्रा, विकास कुमार, मौसम कुमारी, रिंकी कुमारी, कृष्ण कुमार, आदित्य कुमार, प्रशांत कुमार चौरसिया, आनंद कुमार, दिवाकर कुमार एवं घनश्याम कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा का धारणा प्रदर्शन

लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का विशाल एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रखंड मुख्यालय पर विभिन्न जन समस्याओं को लेकर किया गया। प्रदर्शनकारी पार्टी कार्यालय शेरमारी से सुंदरपुर होते हुए प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया ।एक सभा का आयोजन भी किया गया ।एक प्रतिनिधि मंडल अपने 11 सूत्रीय मांग को लेकर अंचलाधिकारी चंद्रशेखर प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार से मिलकर अपने मांगों का ज्ञापन सौंपा ।




जिसमें मुख्य मांगे थी भूमिहीनों को भूमि देकर घर बनाया जाए, भूमिहीन एवं गरीबों का घर उजाड़ नहीं जाए, पुराने घर पर मनरेगा का काम लागू किया जाए। किसानों का कर्ज माफ किया जाए। पुराना बकाया बिजली बिल माफ किया जाए, सरकारी जमीन पर बसे हुए लोगों को बासगीत पर्चा दिया जाए। एनटीपीसी में स्थानीय नौजवानों को रोजगार देने की गारंटी की जाए। जिन किसानों को जमीन लिया गया है उन्हें समान रूप से उचित मुआवजा दिया जाए। ब्लॉक में भ्रष्टाचार पर रोक लगाया जाए ।पदाधिकारी के मनमानी पर भी रोक लगाया जाए आदि अनेक मांगों को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें जिला मंत्री कामरेड देव कुमार यादव, अंचल मंत्री कामरेड अशोक कुमार यादव ,बलराम निराला, प्रोफेसर भोला यादव, बिहार राज्य किसान सभा भागलपुर जिला के समझौते सूचित नारायण सिंह पप्पू उर्फ प्रदीप कुमार ने ज्ञापन सुपुर्द किया ।वीडियो एवं सीओ ने प्रदर्शन कार्यो के सामने आकर उन्होंने आश्वासन दिया गरीबों आशियाना उजाड़ नहीं जाएगा और उनके जमीन का वासगीत पर्चा दिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि हम आगे सरकार के तरफ भेज देंगे। इस आश्वासन के बाद प्रदर्शन धरना प्रदर्शन समाप्त कर दी।

## भोजपुर में सेवा निवृत्ति पर सुरजीत कुमार सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

लोकतंत्र की आवाज



आरा/भोजपुर। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय भोजपुर, आरा में कार्यरत रहे श्री सुरजीत कुमार सिंह के सेवा निवृत्ति के उपरांत पुराना जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े कई पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान संस्कृत शिक्षक संघ भोजपुर के अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी, सचिव उदय कुमार तिवारी तथा सदस्य मृत्युञ्जय कुमार पांडेय एवं उदय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से श्री सिंह को अंगवस्त्र, माल्यार्पण एवं माँ आरण्य देवी का प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया ।उपस्थित वक्ताओं ने उनके लंबे सेवाकाल, कर्तव्यनिष्ठा और सरल स्वभाव की सराहना करते हुए शिक्षा विभाग में उनके योगदान को याद किया।

वक्ताओं ने कहा कि सुरजीत कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान जिम्मेदारी और ईमानदारी से दायित्वों का निर्वहन किया, जो सहकर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। उनके सौम्य व्यवहार और सहयोगी प्रवृत्ति को भी याद किया गया ।कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षक संघ के सचिव संतोष कुमार सिंह, गणेश कुमार पाण्डेय, मनु प्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। अंत में श्री सिंह ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग के साथ बिताया गया समय उनके जीवन की अमूल्य धरोहर रहेगा। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## बिरसा मुंडा हाई स्कूल रामगढ़ में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुई विधायक डॉ लुईस मरांडी, होली के रंग में सभी सराबोर

लोक तंत्र की आवाज



रामगढ़ । रामगढ़ प्रखंड के सदर पंचायत धोबा के जोगिया गांव में संचालित बिरसा मुंडा हाई स्कूल सह ज्ञानालोक शिक्षण संस्थान में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह की मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक डॉ लुईस मरांडी जबकि विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रमुख बाबूलाल मुर्मू थे।

मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद थे। विधायक की अपने बीच उपस्थिति से उत्साहित छात्र-छात्राओं ने परंपरागत जनजातीय रीति- रिवाज के अनुसार लोटा-पानी से विधायक एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। समारोह के अंत में सबों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि उन्हें पहली बार किसी निजी विद्यालय में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल होने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि होली आपसी भाईचारे का सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह ऐसा त्यौहार है जिसमें कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। सभी मिलकर एक दूसरे को अबीर, गुलाल तथा रंग लगाते हैं। उन्होंने कहा कि होली की मूल भावना के अनुरूप हम सबको शांति एवं सद्भाव के साथ होली मनाना चाहिए। विधायक ने कहा कि फिलहाल होली का माहौल है। आज सभी होली मिलन में जुटे हैं। आज कोई राजनीतिक भाषण देने का अवसर नहीं है। लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। यहां के निवासियों का स्नेह उन्हें विकास के कार्यों के लिए लगातार प्रोत्साहित करता रहता है।

उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से लगन पूर्वक पढ़ाई करने एवं अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने के लिए अभी से प्रयास करने का आग्रह किया। विद्यालय के इतिहास की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेंद्र प्रसाद साह ने बताया कि झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा स्थापना अनुमति मिलने के बाद बिरसा मुंडा हाई स्कूल का उद्घाटन दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने किया था। होली मिलन समारोह को प्रखंड प्रमुख बाबूलाल मुर्मू, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष चार्लेस बेसरा, दिवाकर मंडल आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान तथा जनजातीय गीतों पर सामूहिक नृत्य भी प्रस्तुत किये। होली मिलन समारोह के दौरान फटिक चंद्र मांझी, चार्लेस बेसरा, मदन मंडल, रौशन कुमार, दिवाकर मंडल, मर्सिला मरांडी, रिंकु मंडल, मुनिलाल मंडल, राजेंद्र मंडल, ललन कुमार भगत, जय प्रकाश अग्रवाल, नागेन्द्र राय, रूपनारायण मंडल, विद्यानंद भगत आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारीः आर्केस्ट्रा में नाबालिक लड़कियों (नर्तकियों) को पुलिस द्वारा कराया गया मुक्त



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** ज़िले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आर्केस्ट्रा में नाबालिक लड़कियों से काम कराने की शिकायत पर मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर कोटवा, संग्रामपुर एवं डुमरियाघाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने किया छापेमारी.....इस दौरान आर्केस्ट्रा से 14 नाबालिक लड़कियों को पुलिस ने किया रेस्क्यू किया है। इस दौरान सात आर्केस्ट्रा संचालक हुए है गिरफ्तार। छापेमारी टीम में पुलिस के साथ चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट एवं मिशन मुक्ति फाउंडेशन की टीम रही शामिल।

### केसरियाः होली पर्व को लेकर बिजधरी थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक




**केसरिया – संवाददाता प्रिंस कुमार**
**पूर्वी चम्पारण।** बीजधरी थाना परिसर में थानाध्यक्ष सीमा कुमारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान थाना क्षेत्र के कई गणमान्य नेतागण एवं प्रबुद्ध नागरिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में होली त्योहार को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चाएं हुई। तथा इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि होली पर्व को शांति पूर्ण तरीके से मनाने को अपील की हैं। तथा किसी भी तरह के अफवाह से बचने की भी अपील की। साथ ही थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने कहा कि होली में हुड़दंग मचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। साल भर में होली पर्व एक बार आता है,इसे शांतिपूर्ण माहौल में होली खेलें। वहीं उन्होंने कहा कि डीजे बजाने एवं भोजपुरी अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध हैं। पकड़े जाने पर विधि सम्मत कारवाई की जाएगी। इस मौके पर मुखिया अजय यादव,मुखिया देवा लाल यादव,राजद नेता हातिम खां,समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### केसरियाः होली पर्व को लेकर केसरिया थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**केसरिया– संवाददाता प्रिंस कुमार**
**पूर्वी चम्पारण।**
केसरिया थाना परिसर में रविवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई ।इस दौरान थाना क्षेत्र के गणमान्य एवं प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधिगण शामिल रहें। इस बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस दौरान चकिया डीएसपी संतोष कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियों से शांतिपूर्ण माहौल में होली पर्व एवं रमज़ान पर्व को मनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अश्लील गानों पर डांस नहीं करनें तथा शांतिपूर्ण माहौल में होली खेलनें की अपील की गई। वहीं बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य लोगों ने होली पर्व को शांति माहौल में संपन्न कराने को लेकर हामी भरी एवं डीएसपी एवं थाना अध्यक्ष को आश्वस्त किया। इस मौके पर डीएसपी संतोष कुमार सिंह, बीडीओ कुमुद कुमार, थानाध्यक्ष राहुल कुमार, एसआई राम शरण पासवान, सीताराम सिंह,विश्वनाथ सिंह, पूर्व मुखिया हरिशंकर पासवान, पूर्व मुखिया बिरेंद्र राय, सरपंच विनोद कुमार गुप्ता, समेत कई अन्य गणमान्य आदि लोग उपस्थित थे।

# बगहा में 12 वर्षीय नाबालिग की हत्या से सनसनी, मटकोर कार्यक्रम में गई थी बच्ची, भोर में घर के बाहर मिला शव



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बगहा पुलिस जिला के चिउटाहा थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय नाबालिग लड़की की हत्या का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। परिजनों के अनुसार, बच्ची शनिवार की शाम करीब 8 बजे पड़ोस में आयोजित मटकोर कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। परिवार को लगा कि वह लौटकर घर में सो जाएगी, इसलिए सभी सदस्य विश्राम करने चले गए। रविवार की भोर में अज्ञात अपराधियों द्वारा हत्या कर शव को घर के बाहर चादर से ढककर छोड़ दिया गया। सुबह जब परिजन उठे तो दरवाजे के बाहर चादर से ढका शव देखकर उनके होश उड़ गए। इसके बाद तत्काल डायल-112 पर सूचना दी गई।

डायल-112 पर मिली सूचना, पुलिस पहुंची मौके पर बगहा के पुलिस अधीक्षक रामानंद कौशल ने बताया कि सुबह 7:12 बजे एक स्थानीय निवासी ने डायल-112 पर कॉल कर घटना की सूचना दी। यह सूचना डायल-112 मुख्यालय पटना से डीसीसी बगहा को प्राप्त हुई, जिसके बाद चिउटाहा थानाध्यक्ष को तत्काल घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस टीम ने पहुंचकर मामले की जांच शुरू की।

**एफएसएल व डॉग स्क्वॉड की टीम जांच में जुटीः** घटना की गंभीरता को देखते हुए रामनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डॉग स्क्वॉड एवं एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया। एफएसएल टीम ने वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलित किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेज दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक रामानंद कौशल, रामनगर एसडीपीओ रागिनी कुमारी एवं चिउटाहा थानाध्यक्ष भी पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दोषियों की तलाश में पुलिस पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। दोषियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। एसपी कौशल ने कहा कि घटना में संलिप्त जो भी व्यक्ति होगा, उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और जांच में सहयोग करने की अपील की है।

## बगहा में हर्षोल्लास के साथ मना सीएम नीतीश कुमार का जन्मदिन



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**पश्चिमी चंपारण (बगहा)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन इस वर्ष भी बगहा में उत्साह, सेवा भावना और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया गया। रविवार को बगहा प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व वाल्मीकिनगर लोकसभा सांसद सुनील कुमार ने किया। आयोजन जननायक कर्पूरी विचार मंच द्वारा बैधनाथ प्रसाद महतो सेवा समिति के बैनर तले संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राकेश सिंह ने किया।

**सामाजिक सरोकारों से जुड़ा रहा आयोजनः** समारोह में सेवा और जनसंपर्क की स्पष्ट झलक दिखाई दी। निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के अनुपस्थित पाए जाने पर सांसद सुनील कुमार ने नाराजगी जताते हुए तत्काल सिविल सर्जन से फोन पर बात कर व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

**मंत्री श्रवण कुमार रहे मुख्य अतिथिः** इस अवसर पर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंत्री श्रवण कुमार और सांसद सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद जनप्रतिनिधियों ने विशाल केक काटकर मुख्यमंत्री के जन्मदिन की खुशियां आम जनता और कार्यकर्ताओं के साथ साझा कीं। समर्थकों की नारेबाजी से पूरा परिसर उत्सवमय हो उठा।

**जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं की रही उपस्थितिः** कार्यक्रम में बगहा सदर विधायक राम सिंह, पूर्व विधायक प्रभात सिंह, दयाशंकर सिंह, इजहार सिद्दीकी, नगर अध्यक्ष जुगनू आलम, रितु जायसवाल, मनोज सिंह, दीपू सिंह समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समांः** समारोह में उत्तर प्रदेश और बिहार से आए कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बगहा के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने देशभक्ति एवं सामाजिक एकता पर आधारित मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों की खूब सराहना बटोरी।

## उत्पाद पुलिस बाइक पर लदे 50 लीटर चुलाई शराब के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** अरेराज उत्पाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हरसिद्धि थाना क्षेत्र के मटियरिया कांटा चौक के समीप एक बाइक पर लदे 50 लिटर देशी चुलाई शराब के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार है। साथ ही पुलिस ने तस्करी में शामिल इफ05 ए सी 9019 रजिस्ट्रेशन नंबर की हीरो सुपर स्प्लेंडर बाइक को भी ज़ब्त किया है। गिरफ्तार तस्कर हरसिद्धि थाना क्षेत्र के उजैन लोहियार गांव निवासी मदन पासवान का पुत्र है प्रमोद पासवान....अरेराज उत्पाद थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अरविंद कुमार के निर्देश पर एसआई अजित कुमार सिंह व उत्पल कुमार ने की है कार्रवाई....पकड़े गए उक्त तस्कर पर विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेजा जा रहा है।

# मोतिहारीः सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में हथियार लहराने वाला युवक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
पूर्वी चम्पारण जिले के गोविंदगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए वायरल वीडियो के मामले में उक्त युवक को पकड़ा गया है। युवक की पहचान प्रिंस कुमार उर्फ प्रिंस यादव पिताझ बागड़ यादव उर्फ बृजकिशोर, निवासीझ नवादा वार्ड नं. 11, थानाझ गोविन्दगंज, जिलाझ पूर्वी चम्पारण के रूप में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था जिसमें एक युवक अपने हाथ में देशी कट्टा लहराते हुए नजर आ रहा था। वीडियो पर ''प्रिंस यादव'' नाम अंकित था। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस द्वारा इसकी सत्यता की जांच शुरू की गई। पुलिस की जांच में उक्त वायरल वीडियो गोविन्दगंज थाना क्षेत्र के नवादा गांव के प्रिंस कुमार का निकला। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अरेराज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रवि कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर वायरल वीडियो में प्रदर्शित देशी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। साथ ही घटना से संबंधित एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। गोविन्दगंज थानाध्यक्ष राजू कुमार मिश्रा ने बताया कि इस संबंध में गोविन्दगंज थाना में कांड दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों का प्रदर्शन या प्रचार-प्रसार न करें। ऐसा करना दंडनीय अपराध है और दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## केसरिया में प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तरफ़ से अलौकिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

लोकतंत्र की आवाज



**केसरिया - संवाददाता प्रिंस कुमार**
पूर्वी चम्पारण। केसरिया में रविवार को अलौकिक होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दिव्य अनुभूति भवन, गायत्री नगर पुरानी बाजार रोड ( नया वालें बिलिंग ) में केसरिया में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में केसरिया 31 ज़िला परिषद सदस्य पति सह राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रधान महासचिव विनोद कुमार गुप्ता अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र फूल माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया। वहीं इस अवसर पर केसरिया प्रखंड क्षेत्र के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। तथा होली मिलन समारोह को सफल बनाया। वहीं राजद नेता सह जिला पार्षद प्रतिनिधि विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि होली मिलन समारोह, प्रेम सद्भाव व भाईचारे का प्रतिक है। इसे शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाईं गई है। वहीं उन्होंने कहा कि रंगों का त्योहार है होली पर्व,एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं गई। इस अवसर पर स्थानीय प्रबुद्ध नागरिक समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

## नौतन : शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**सलमान खान के रिपोर्ट**
**नौतन।** प्रखंड के राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय मडुआहाँ में अभिभावक व शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम शुरू होने से पहले प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रियाज अहमद व प्रधानाध्यापक सच्चिदानंद बैठा व राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका तबस्सुम खातुन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अभिभावक व शिक्षक के साथ बच्चों के उपस्थित,शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी आयोजित की गई है। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक सच्चिदानंद बैठा ने की। वहीं बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रियाज अहमद ने कहा कि बच्चों की नियमित रूप से स्वच्छ विद्यालय आने को लेकर अविभावक से वर्तलाप की गई। बच्चों की पढ़ाई के प्रति लगन व बच्चों को स्वच्छ संस्कार व व्यवहार पर भी ध्यान रखें जाने की विस्तृत चर्चा की गई। वहीं बच्चों को शिक्षक के द्वारा दिए गए गृह कार्य पाठों का अभिभावक द्वारा अवलोकन नियमित रूप से हो, ताकि बच्चों में अपने दायित्व का ज्ञान उजागर हो सकें। प्रधानाध्यापक द्वारा अभिभावकों को जानकारी दी गई कि शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देश के आलोक में लागातार तीन दिनों छात्र - छात्रा विद्यालय नहीं आने पर उनका नाम विद्यालय से काट दिया जायेगा।उनका स्थानांतरण प्रमाणपत्र लेने से वंचित हो जाएंगे।इस लिए बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थित को लेकर अभिभावकों को रोज स्कूल भेजने की बात कही।संगोष्ठी कार्यक्रम में समाजवादी मधु देवी, विरेन्द्र राम,व महिलाएं उपस्थित थे।

# बगहा में भव्य होली मिलन समारोह राम सिंह रहे मुख्य अतिथि, डुमरिया में जुटे जनप्रतिनिधि व ग्रामीण

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
बगहा-1 प्रखंड के डुमरिया गांव में रविवार को भाजपा नेता तुषार सिंह के आवास पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों की बड़ी भागीदारी रही। समारोह के मुख्य अतिथि बगहा विधायक राम सिंह तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अचित लला रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक स्वागत एवं अबीर-गुलाल के साथ हुई। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सौहार्द, भाईचारे व एकता का संदेश दिया। आयोजन स्थल पर उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।

इस अवसर पर विधायक राम सिंह ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज में मेलजोल बढ़ता है और संगठन को मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी लोगों से क्षेत्र के विकास में सक्रिय योगदान देने की अपील की। भाजपा जिलाध्यक्ष अचित लला ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों तथा केंद्र और राज्य सरकार की



जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। समारोह के आयोजक तुषार सिंह ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि होली मिलन समारोह का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान हर्षोल्लास और भाईचारे का वातावरण बना रहा।

## नौतन के वरदाहा में सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

लोकतंत्र की आवाज

**सलमान खान के रिपोर्ट**
**नौतन** प्रखंड के वरदाहा पंचायत निवासी सूबेदार मेजर हीरा कुमार यादव के सेवानिवृत्त होकर घर लौटने पर ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। जैसे ही वह हमसफर एक्सप्रेस से बेतिया स्टेशन पहुंचे, वहां पहले से मौजूद ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और बाजे-गाजे के साथ उनका जोरदार स्वागत किया ग्रामीण पारंपरिक परिधान में घोड़े और बैंड-बाजे के साथ स्टेशन पर एकत्रित हुए। स्टेशन परिसर देशभक्ति नारों और फूल-मालाओं से गूंज उठा सूबेदार मेजर हीरा कुमार यादव को फूलों की मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके दीर्घ सैन्य सेवा के प्रति आभार व्यक्त



किया गया मुखिया राजहरन कुमार के नेतृत्व में बेतिया स्टेशन से वरदाहा गांव तक भव्य स्वागत रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा एवं बच्चे शामिल हुए। पूरे मार्ग में लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया ग्रामीणों ने कहा कि सूबेदार मेजर हीरा कुमार यादव ने वर्षों तक देश की सेवा कर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके सेवानिवृत्त होकर घर लौटने पर पूरे गांव को गर्व की अनुभूति हो रही है। गांव पहुंचने पर भी उनका पारंपरिक रीति-रिवाज से स्वागत किया गया इस अवसर पर पंचायत के गणमान्य लोग, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्सव जैसा बना रहा और देर तक जश्न का दौर चलता।

## संक्षिप्त खबरें ।

### होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु गोह पुलिस के द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च



**श्रवण कुमार प्रखंड संवाददाता गोह**

**गोह(औरंगाबाद)** शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व संपन्न कराने को लेकर गोह पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रविवार को फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च गोह थाना क्षेत्र अंतर्गत गोह बाजार, पुंदौल,दरधा, बाजार बर्मा, प्राणपुर, झरहा, रामपुर, मीरपुर, शेखपुरा, अल्हन परासी, देवहरा, दधपी सहित अन्य संवेदनशील गांवों का भ्रमण किया। फ्लैग मार्च के दौरान आमजनों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। वहीं असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार की हुड़दंगई, जबरन रंग-गुलाल, नशाखोरी, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने या विधि-व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया गया तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार के अलावे अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ दर्जनों पुलिस बल शामिल थे।

### जर्मिनेशन मिशन स्कूल में रंगों की बौछार, हर्षोल्लास के साथ मना होली



**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

**गोह (औरंगाबाद)** देवहरा जर्मिनेशन मिशन स्कूल के परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया।

समारोह में विद्यालय के चेयरमैन विष्णु कुमार गुप्ता एवं प्राचार्या कमलिका चक्रवर्ती की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वहीं रंगों के त्योहार पर मिठाई खिलाकर आपसी खुशियां साझा की। शांतिपूर्ण वातावरण में पारिवारिक अपनत्व और सौहार्द की झलक दिखाई दी।चेयरमैन ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम और एकता का संदेश देता है। वहीं प्राचार्या ने सभी बच्चों को मर्यादित एवं सुरक्षित होली मनाने की अपील की है।इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### देवकुंड पुलिस पर हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफतार



**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

**गोह (औरंगाबाद)** देवकुंड थाना कांड संख्या 15/26 के वारंटी अभियुक्त के घर छापेमारी करने पहुंची पुलिस पर आरोपितों ने हमला कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने पुरी जानकारी मिडिया को बताया। उन्होंने कहा कि न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर पुलिस गिरफ्तारी के लिए अभियुक्त के घर बनतारा गांव पहुंची। जैसे ही पुलिस की भनक लगी तो आरोपितों ने आक्रोशित होकर पुलिस पर हमला कर दिया। जिसमें कुछ पुलिसकर्मियों की बर्दी फाड़ दी गई। इस मामले में थानाध्यक्ष ने उक्त गांव निवासी अहसान खान के पुत्र जीशन अहमद खान, शहनवाज अहमद, शाबाज अख्तर को गिरफ्तार कर थाना लाया और विधि सम्मत कारवाई करते हुए न्यायायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### 9 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला (नवादा)।** सिरदला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए ऊपरडीह पंचायत के मंडल गांव स्थित बांसवाड़ी इलाके से 9 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब 375 एमएल की कुल 24 बोतलों में थी। थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को अवैध शराब की खेप छिपाकर रखने की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद छापेमारी की गई, जिसमें दोनों आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गया जिले के गुरपा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोड़या गांव निवासी सुधांशु कुमार एवं सचिन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# शांति और सौहार्द से मनाएं होली का पर्व : जिला प्रशासन, मोतिहारी

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**

होली के पावन पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के संयुक्त हस्ताक्षर से जारी आदेश में जिले के समस्त प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को विधि- व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि होलिका दहन 02 मार्च 2026 की रात्रि को संपन्न होगा, जबकि होली पर्व 03 एवं 04 मार्च 2026 को मनाया जाएगा। किसी भी विवादित स्थल पर होलिका दहन न हो, इसके लिए समस्त अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे होलिका दहन स्थलों का स्वयं भ्रमण कर स्थिति का जायज़ा लें।संवेदनशील स्थानों की पहचान कर वहाँ विशेष सतर्कता बरती जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित करें, सदस्यों से निरंतर संपर्क बनाए रखें तथा स्थानीय निवासियों के साथ समन्वय स्थापित करें। शांति समिति के समस्त सदस्यों के संपर्क नंबर थाना प्रभारी अपनी पंजी में संधारित करेंगे। विधि-व्यवस्था पर निरंतर दृष्टि रखने के लिए पूर्वी चंपारण समाहरणालय,मोतिहारी में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। साथ ही, सभी अनुमंडल कार्यालयों में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं, जो 02 मार्च 2026 की दोपहर से 05 मार्च 2026 तक अनवरत सक्रिय रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष दूरभाष संख्या 06252-242418 पर चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगा। जिले भर में चिह्नित 531 स्थानों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसके अंतर्गत मोतिहारी सदर अनुमंडल में 215, सिकरहना अनुमंडल में 154, पकड़ी दयाल अनुमंडल में 96, चकिया अनुमंडल में 89, रक्सौल में 45 तथा अरेराज अनुमंडल में 32 स्थान सम्मिलित हैं। प्रत्येक अनुमंडल में वरीय अधिकारियों को विशेष दायित्व सौंपे गए हैं। पकड़ीदयाल में उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, अरेराज में एडीएम पीसीआरओ शैलेंद्र कुमार भारती,चकिया में एडीएम विभागीय जांच मो. शिबगतूल्लाह,रक्सौल में जिला बंदोबस्त पदाधिकारी कुमार विवेकानंद,सिकरहना में जिला पंचायत राज पदाधिकारी रामजन्म पासवान तथा मोतिहारी सदर में जिला भू- अर्जन पदाधिकारी अरुण कुमार को यह उत्तरदायित्व दिया गया है। सभी वरीय अधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहते हुए स्थिति पर नजर रखेंगे। जिले के समस्त थानों को अलर्ट मोड में रखा गया है तथा चौकीदार- दफादार के माध्यम से आसूचना संग्रह को सुदृढ़ किया जाएगा। दंगा निरोधी दस्ता, एसडीआरएफ टीम,फायर सर्विस,चिकित्सा दल,एंबुलेंस एवं क्विक रिस्पांस टीम को पूर्ण सतर्कता की स्थिति में तैनात किया गया है। थाना एवं प्रखंड स्तर पर भी क्यूआरटी का गठन किया गया है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। अफवाहों को समाज में तनाव का कारण बनने से रोकने के लिए सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं तथा किसी भी भ्रामक सूचना का तत्काल खंडन कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित किया जाएगा। इस हेतु पुलिस कार्यालय द्वारा समस्त साइबर सेल को एक्टिव मोड में रखा गया है। पर्व के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू रहेगा तथा अश्लील गानों के प्रसारण पर भी सख्त रोक रहेगी। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को लाउडस्पीकर एवं डीजे मालिकों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया गया है। राज्य में लागू पूर्ण शराबबंदी का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु विशेष सतर्कता बरती जाएगी। रेलवे स्टेशन, रेलवे लाइन, बस स्टैंड, आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास भी विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। होली पर्व के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल एवं साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश नगर निकाय एवं संबंधित विभागों को दिया गया है। सदर अस्पताल एवं अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर एंबुलेंस एवं चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी ताकि किसी भी आकस्मिक चिकित्सीय स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। जिला प्रशासन समस्त नागरिकों से हार्दिक अपील करता है कि वे शांति, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ होली का पावन पर्व मनाएं। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष (दूरभाषः 06252-242418) अथवा निकटतम थाना को दें। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग,पूर्वी चंपारण,मोतिहारी।

# राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के द्वारा पशुपालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण



लोकतंत्र की आवाज

**● जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम समिति चमर बिगहा के कार्यक्रम आयोजित**

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के चमर बिगहा गांव में रविवार को जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम समिति के तहत राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड पटना द्वारा संपोषित जलवायु परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत महिला विकास समिति रजौली द्वारा आयोजित बकरी एवं मुर्गी पालन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षण क्रम में आयोजन किया गया प्रशिक्षण में रजौली प्रखंड के परियोजना क्षेत्र से विभिन्न गांव के कुल 50 प्रतिभागियों महिलाओं ने भाग लिया बतौर प्रशिक्षक के रूप में पशु चिकित्सालय रजौली के वरीय पशु चिकित्सक डॉक्टर रिशु कुमार के द्वारा दिया गया प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक के द्वारा बकरी एवं मुर्गी के विभिन्न प्रजातियां के बारे में बताते हुए क्षेत्र के वातावरण के अनुकूल प्रजातियों के पालन कर अधिक से अधिक लाभ करने का सुझाव दिया साथ ही पशुओं के उचित स्वास्थ्य हेतु पशुओं में होने वाले बीमारियों के लक्षण एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई उन्होंने प्रतिभागियों को पशु के उचित देखभाल सेड का निर्माण साफ सफाई मौसम के अनुसार सा समय वैक्सीनेशन (टीकाकरण) हेतु आवश्यक सुझावों से अवगत कराया, प्रशिक्षक द्वारा पशुपालन व्यवसाय यथा बकरी पालन गोपालन मुर्गी पालन बत्तख पालन आदि को डीटीएम करार देते हुए उचित रखरखाव हेतु आवश्यक निर्देश से अवगत कराया प्रशिक्षण के दौरान महिला विकास समिति सचिन लीला कुमारी कार्यालय प्रभारी सह लेखपाल अरविंद कुमार वरिष्ठ कार्यकर्ता शंकर दयाल सिंह क्षेत्रीय कार्यकर्ता पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

# भागलपुर विधायक रोहित पाण्डेय का पीरपैंती में स्वागत



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** पीरपैंती, देर शाम भागलपुर के विधायक रोहित पांडे का आगमन पीरपैंती में हुआ ।जहां शेरमारी बाजार चौक पर कार्यकर्ताओं ने उनका शानदार अभिनंदन किया।आनेको कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र से उनका सम्मानित किया ।उसके बाद भागलपुर विधायक रोहित पांडे श्रीनगर निवासी मिट्ठू पांडे के मां का श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए गए। तत्पश्चात शाखा मैदान स्थित यज्ञ स्थल पर भी पहुंचे। यज्ञ स्थल पर पीरपैंती विधायक मुरारी पासवान के साथ मिलकर के यज्ञ स्थल का भ्रमण किया। यज्ञ स्थल पर भी यज्ञ समिति के अध्यक्ष पप्पू कुमार, प्रखंड प्रमुख रश्मि कुमारी, ने रोहित पांडे को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मिक्कू तिवारी, पंकज सिंह ,विजय पांडे ,मुन्ना बाबा , मंतोष पाण्डेय , सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे ।वही लोकगायिका तान्या झा भी योग स्थल पर पूजा करने पधारी ।पूजा समिति सदस्यों का आग्रह उन्होंने एक भक्ति गीत गया। तान्या झा को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# औरंगाबाद : गोह में होली पर्व पर मनरेगा अधिकारियों ने एक दूजे को गुलाल लगाकर भाईचारे का दिया संदेश

लोकतंत्र की आवाज



**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

**गोह (औरंगाबाद)** गोह प्रखंड कार्यालय स्थित मनरेगा भवन में शनिवार को मनरेगा अधिकारियों ने एक दूजे को रंग गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश स्थापित किया है।इस कार्यक्रम का आयोजन झिकटिया पंचायत के पीआरएस संतोष कुमार सिंह के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी आनंद विजय ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश स्थापित करता है। शांतिपूर्ण वातावरण में सौहार्द के साथ सारे सिक्वें दूर कर समाजिक समरसता का परिचय स्थापित कर होली पर्व को मनाएं। इस अवसर पर मनरेगा कर्मियों ने एक दूजे को मिठाई खिलाकर आपसी मतभेद को मिटाते हुए गले लगाया। इस मौके पर लेखापाल सनोज कुमार, शशि भूषण कुमार, संतोष कुमार, व्यक्ष मुनि, शंकर चौधरी, सुरेंद्र गुप्ता, दीपक कुमार, शिव शंकर कुमार, मनोज कुमार, सहित कई कर्मी मौजूद थे।

# औरंगाबाद : न्यू आवासीय आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल के प्रांगण में प्रोग्रेस रिपोर्ट सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

**गोह (औरंगाबाद)** गोह प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दधपी स्थित न्यू आवासीय आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल के प्रांगण में छात्र छात्राओं के बीच प्रोग्रेस रिपोर्ट सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक नंदकिशोर द्विवेदी, प्राचार्य गुड्डू कुमार शर्मा एवं संचालक अखिलेश भारती ने दीप प्रज्वलित कर किया। जबकि मंच का संचालन संस्थान के शिक्षक विकास कुमार यादव ने किया।प्रोग्रेस रिपोर्ट के अनुसार संस्थान के टॉपर छात्र छात्राओं को मेडल व अवार्ड से सम्मानित किया गया। वार्षिक परीक्षा 2025/26 में शामिल छात्र छात्राओं का परिणाम घोषित किया गया। इस मौके पर उपस्थित बच्चों को अंक प्रमाण पत्र तथा मेडल देकर हौसले को अफजाई किया गया। वहीं इस कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश स्थापित किया है।संस्थान के टॉपर छात्राएं पिंटू कुमार, जिज्ञासा कुमारी,शम्मी कुमारी,आर्यन कुमार, राखी कुमारी,जानवी कुमारी, शिवानी कुमारी,रवि कुमार, पवन कुमार मिंटू कुमार शैलेश कुमार प्रभास कुमार सोनू कुमार राजकुमार एवं समस्त छात्राओं को शिक्षक ने उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर शिक्षक राहुल कुमार, संजय कुमार, गोविंद कुमार, उपेंद्र कुमार गुप्ता, राहुल शर्मा, सुप्रिया कुमारी, पिंकी कुमारी, ज्योति कुमारी, पुष्पा देवी, अलका कुमारी, दीपा कुमारी सहित दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

# औरंगाबाद : गोह प्रखंड क्षेत्र में आपसी सौहार्द के साथ मनाएं होली : राजद विधायक अमरेन्द्र कुशवाहा

लोकतंत्र की आवाज



**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

**गोह (औरंगाबाद)** गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित तुलसी बिगहा मोड़ के समीप रविवार को श्री कृष्ण समाजिक सेवा संघ के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक अजय यादव एवं पूजा समिति के अध्यक्ष शिक्षक दीपक दिनकर ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोह विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय राजद विधायक अमरेन्द्र कुशवाह ने उपस्थित महागठबंधन के कार्यकर्ताओं को गले लगाकर अबीर गुलाल लगाया और भाईचारे का संदेश स्थापित किया। उन्होंने कहा कि होली पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत की खुशी में मनाया जाता है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन भगवान श्री कृष्ण ने पुतना का वध किया था।उसी दिन से होली उत्सव का प्रारंभ हुआ। वहीं श्रीकृष्ण ने राधा को रंग गुलाल लगाकर इस प्रथा का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात सभी उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। भोजपुरी कलाकार हंसमुख हलचल, संजय व्यास एवं अन्य कलाकारों ने पारम्परिक होली गीतों से लोगों को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर सैकड़ों महागठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महानगर अध्यक्ष पर छठवीं बार जित दर्ज की राजू वर्णवाल, मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर महानगर अध्यक्ष राजू वर्णवाल ने दी बधाई

लोकतंत्र की आवाज

**गयाजी,** गेवाल बिगहा स्थित कर्पूरी सभागार में रविवार को जदयू महानगर अध्यक्ष का चुनाव जदयू के गयाजी जिला नगर निर्वाची पर्यवेक्षक, निर्वाची पदाधिकारी, सैंकड़ो सक्रिय सदस्यों व जदयू के साथियों की मौजूदगी में चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जदयू महानगर अध्यक्ष पद का चुनाव के लिए गयाजी जिला निर्वाची पर्यवेक्षक नंदकिशोर कुशवाहा व जिला निर्वाची पदाधिकारी जदयू पुष्पेंदू पुष्प की मौजूदगी में निर्वतमान जदयू महानगर अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल ने नामांकन कियें, बरनवाल जी के पक्ष में उपस्थित सभी 90वे डेलीगेटो ने एक सहमति से इनके पक्ष में हाथ उठाकर इनके समर्थन में खड़े हो गए हैं, इस प्रकार छठी बार राजू बरनवाल निर्विरोध जदयू महानगर अध्यक्ष के पद पर काबिज कर लियें। गयाजी जिला नगर निर्वाची पर्यवेक्षक नंदकिशोर कुशवाहा ने बताया कि जदयू की मजबूती के लिए लगातार छठी बार जीत राजू बरनवाल जी के नाम हुई। हमें आशा नहीं पूर्ण विश्वास है। पिछले कार्यकाल की भांति आगामी वर्षों में भी जदयू की मजबूती इनके बागडोर से गया शहर में शत-प्रतिशत जदयू वोटर बनाने में सफल रहेंगे। दूसरी तरफ जदयू महानगर अध्यक्ष पद के चुनाव में छठी बार राजू बरनवाल ने जीत दर्ज करने के बाद उन्होंने कहा कि सरकार की हर योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का काम पूर्व की भांति आगे भी करता रहूंगा। छठी बार गयाजी महानगर का निर्विरोध जिला अध्यक्ष (जदयू) चुने जाने पर आप सभी साथियों, वरिष्ठ



नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को हृदय से आभार है। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि संगठन के प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता के विश्वास और मेहनत का परिणाम है। आप सभी के सहयोग और मार्गदर्शन से संगठन को और अधिक सशक्त एवं जनोन्मुख बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहूँगा। इस कार्यक्रम के उपरांत छठी बार निर्विरोध निर्वाचित जदयू महानगर जिलाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 75वाँ जन्मदिवस पर केक काटकर मुख्यमंत्री जी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की है। बरनवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं को रोजगार, बुजुर्गों को पेंशन और जीविका दीदियों को स्वरोजगार से जोड़ने वाली योजनाओं का उल्लेख करने के साथ ही इन योजनाओं ने राज्य को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया है। गया महानगर जदयू जिलाध्यक्ष निर्वाचन समारोह में पूर्व मंत्री अभिराम शर्मा अरविंद सिंह, निरज वर्मा ,लालजी प्रसाद, बॉबी खान, अभिमन्यु सिंह बौद्ध,अमरेंद्र कुमार दिवाकर , भारती प्रियदर्शनी दुलारचंद भारती राजकुमार साह , सुनील कुमार अधिवक्ता , गोपाल प्रसाद , मिंता देवी , शिवप्रसाद , बबलू कुमार मिश्रा, अमर चंद्रवंशी , राजकुमार शर्मा प्रभात राउत नीरज वर्मा , ओमप्रकाश , कुमारिका सान्याल , अमरनाथ धोकड़ी , शंभू अग्रवाल , शिव शंकर दास , प्रकाश राम पटवा रोशन ठाकुर , शत्रुघ्न प्रसाद भदानी , लक्ष्मण बरनवाल , सुबोध बरनवाल , दीपक नटराजन , संजू देवी सहित सैकड़ो की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में शिवरात्रि सह होली मिलन समारोह आयोजित

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के रजौली सेवा केंद्र में महाशिवरात्रि सह होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा केंद्र संचालिका पूर्णिमा दीदी ने की। समारोह की शुरुआत शिव बाबा के सामूहिक ध्यान योग से हुई, जिसमें उपस्थित भाई-बहनों ने आध्यात्मिक साधना के माध्यम से आत्मशांति का अनुभव किया। इसके पश्चात शिव बाबा का ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्णिमा दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। हमें अपने जीवन से क्रोध, अहंकार और नकारात्मकता को समाप्त कर प्रेम, शांति और सद्भाव को अपनाना चाहिए। उन्होंने शिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए इसे आत्मजागृति का पर्व बताया। कार्यक्रम में कोडरमा सेवा केंद्र की संचालिका सुनीता बहन, डोमचांच सेवा केंद्र की संचालिका आरती बहन सहित उमा माता, बदामी माता, शारदा माता, शांति माता, सावित्री माता, मंजू माता, देवंती बहन, रानी बहन, ललिता बहन, विनोद भाई, विजय भाई, प्रदीप भाई, रंजीत भाई, किरण माता, प्रमिला माता, पिंकी बहन, मीनाक्षी बहन, नेहा बहन, पूनम बहन, सोनी बहन समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन होली मिलन एवं शुभकामनाओं के आदान-प्रदान के साथ हुआ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गांडेय विधानसभा क्षेत्र पपरवाटांड दलित टोला पेय-जल संकट से त्रस्त



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड ( 2026 . 03 .01) । जिला समाहरणालय के नजदीक गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पपरवाटांड दलित टोला के लोग पेयजल संकट से इतना त्रस्त हैं कि, वे जान जोखिम में डालकर बंद एवं जर्जर पड़े भूमिगत खदान से पानी लेने को विवश हैं। लगातार आवाज उठाए जाने के बाद भी अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दिए जा रहे दूसरे चानक का पानी भी उनके खाने–पीने के काम नहीं आता। उक्त बातें पूर्व जिप सदस्य एवं ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने आज वहां का दौरा कर स्थानीय कुछ लोगों से इस बाबत बातचीत करने के उपरांत कही। उनके साथ स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता कन्हैया सिंह भी मौजूद थे। श्री यादव ने कहा कि, इस जगह लगभग 50 घरों को पेयजल की किल्लत हो रही है। प्रशासन इस ज्वलंत समस्या का संज्ञान लेकर इसका समाधान करे, अन्यथा बाध्य होकर पीड़ित परिवार के लोगों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।मौके पर उक्त के अलावा स्थानीय चिंता देवी, उर्मिला देवी, पुरनी देवी, रामेश्वर तुरी, गणेश दास आदि मौजूद थे।

### धनबाद के जिला अध्यक्ष एव पूर्व पार्षद प्रफुल्ल मंडल की पत्नी उर्मिला मंडल वार्ड नंबर 21 से विजयी



लोकतंत्र की आवाज़
पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ
धनबाद कतरास। समाज के जिला अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद प्रफुल्ल मंडल की पत्नी और मेरे दीदी उर्मिला मंडल वार्ड न0– 21 से रिकार्ड( 1250) मतों से विजयी हुई,वार्ड 21 के जनता जनार्दन को जीत की बहुत – बहुत हार्दिक बधाई और शुभकामनाए ,साथ ही शानदार जीत के लिए दीदी और अध्यक्ष जी को भी बधाई और शुभकामनाए, धैया जॉन के तमाम मतदाताओं के प्रति आभार.....

### गिरिडीह नगर निकाय चुनाव 2026 कुछ कहता हुआ चला गया , बस रह गई यादें



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड ( 2026 .02 .28) । गिरिडीह जिला अंतर्गत 36 वार्ड वर्तमान में हैं संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता की संख्या बढ़ सकती है /बढ़ेगी जनसंख्या दबाव तो है !वैसे चुनाव की घोषणा से लेकर समाप्ति तक का सफर लगभग प्रत्येक के सामने कुछ अलग तो अवश्य होगा ही लेकिन जनता जिसे जनार्दन भी कहा जाता है उसने भी राहत की सांस ली होगी तथा होली वाले होली मनाएं रोजा वाले शांतिपूर्वक रोजा रखते हुए ईद की तैयारी का भी आनंद ले/ तैयारी करते चले ।वार्ड पार्षदों के चुनाव तो चुनाव लेकिन महापौर पद के 16 प्रत्याशी मानों/ऐसा लगता है महापौर का पद भी लंबे गणना काल के कारण थकाऊ सा साबित नजर आ रहा था। महापौर पद के लिए मुख्य प्रतिद्वंद्वी प्रमिला मेहरा जी के सामने शैलेंद्र कुमार चौधरी जी को माना जाना चाहिए ऐसा इसलिए क्योंकि बाकी इन दो के अलावा महापौर प्रत्याशी में कोई भी पांच अंको को छू नहीं पाया बता दें प्रमिला मेहरा जी को सर्वाधिक 38091 मत प्राप्त हुए वहीं शैलेंद्र कुमार चौधरी जी को 23492 मत ही मिल पाए या ऐसा कहें प्राप्त कर सके।

### इटखोरीः त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित, जनप्रतिनिधियों की बेरुखी से खाली दिखीं कुर्सियां



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
इटखोरी। होली और रमजान के आगामी त्योहारों को देखते हुए शनिवार को इटखोरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ( BDO) सोमनाथ बंकिरा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना और मूलभूत समस्याओं का समाधान करना था। बैठक के दौरान प्रखंड की बुनियादी समस्याओं पर जोर दिया गया। विशेष रूप से शहरजाम पंचायत में पिछले कई दिनों से खराब पड़े चापाकलों और अन्य पंचायतों में बंद पड़ी जल मीनारों का मुद्दा छाया रहा। बीडीओ सोमनाथ बंकिरा ने इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ( PHD) को तत्काल सूचित करने और मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक की सबसे चौंकाने वाली बात स्थानीय जनप्रतिनिधियों की कम भागीदारी रही। शांति समिति जैसी महत्वपूर्ण बैठक में कुछ गिने–चुने प्रतिनिधि ही शामिल हुए, जिसके कारण कार्यक्रम स्थल पर अधिकांश कुर्सियां खाली ही पड़ी रहीं। त्योहारों के संवेदनशील समय पर जनप्रतिनिधियों की इस बेरुखी को लेकर प्रशासनिक गलियारों में भी चर्चा तेज है। बैठक के अंत में उपस्थित लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों से बचने और आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की गई।

# धनबाद को मिला नया महापौर: संजीव सिंह की प्रचंड जीत, 34,929 वोटों से चंद्रशेखर अग्रवाल पर बनाई बढ़त

लोकतंत्र की आवाज़



**पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ**
**धनबाद कतरास।** धनबाद नगर निगम चुनाव में संजीव सिंह की ऐतिहासिक जीत, विरोधी खेमे में मायूसी मेयर पद पर संजीव सिंह का कब्जा, चंद्रशेखर अग्रवाल दूसरे स्थान पर 1 लाख से अधिक वोटों के साथ संजीव सिंह बने धनबाद के नए मेयर जनता ने विकास पर लगाई मुहर, संजीव सिंह को मिला प्रचंड जनादेश पूर्व विधायक संजीव सिंह की वापसी, मेयर चुनाव में बड़ी जीत दर्ज धनबादः नगर निगम चुनाव में बड़ा उलटफेर, संजीव सिंह को प्रचंड जनादेश धनबाद नगर निगम के महापौर पद के लिए हुए चुनाव में मतगणना पूरी होने के बाद संजीव सिंह को विजयी घोषित किया गया। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चंद्रशेखर अग्रवाल को 34,929 वोटों के बड़े अंतर से पराजित किया।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार संजीव सिंह को कुल 1,09,241 मत प्राप्त हुए, जबकि चंद्रशेखर अग्रवाल को 74,312 वोट मिले। इस तरह संजीव सिंह ने स्पष्ट और मजबूत जनादेश के साथ मेयर पद पर जीत दर्ज की।

**पूर्व विधायक का अनुभव बना जीत की बड़ी वजहः** संजीव सिंह इससे पहले झरिया विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। राजनीतिक अनुभव और संगठनात्मक पकड़ का फायदा उन्हें इस चुनाव में मिला। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने शहर में आधारभूत संरचना के विकास, साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार, पेयजल आपूर्ति, ट्रैफिक प्रबंधन और स्मार्ट सिटी जैसी योजनाओं को प्राथमिकता देने का वादा किया था।

**समर्थकों में जश्न का माहौल :** मतगणना पूरी होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। शहर के विभिन्न इलाकों में ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया गया। समर्थकों ने इसे "विकास और विश्वास की जीत" बताया।

**चंद्रशेखर अग्रवाल को सम्मानजनक मतः** हालांकि चंद्रशेखर अग्रवाल दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन उन्हें भी बड़ी संख्या में मतदाताओं का समर्थन प्राप्त हुआ। चुनाव के दौरान उन्होंने हरित परिवहन, विश्वस्तरीय बस टर्मिनल, महिला स्वावलंबन और युवाओं के कौशल विकास जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया था।

**आगे की राह :** अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि संजीव सिंह अपने चुनावी वादों को किस गति से धरातल पर उतारते हैं। शहर की जनता को ट्रैफिक, जलजमाव, सड़क, कचरा प्रबंधन और शहरी सुविधाओं में सुधार की उम्मीद है। धनबाद की राजनीति में यह जीत आने वाले समय में नए समीकरण भी तय कर सकती है।

# हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने सदन में क्षेत्र की जर्जर सड़कों व पुल-पुलियों का मुद्दा उठाया

लोकतंत्र की आवाज



ब्यूरोचीफ
हजारीबाग (झारखंड)। झारखंड विधानसभा के सत्र के दौरान हज़ारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने हज़ारीबाग क्षेत्र में सड़कों एवं पुल-पुलियों की जर्जर स्थिति का गंभीर मुद्दा सदन के पटल पर प्रमुखता से उठाया। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में खराब सड़कों के कारण आवागमन में हो रही कठिनाइयों, दुर्घटनाओं की बढ़ती आशंका तथा विकास कार्यों में उत्पन्न बाधाओं का तथ्यात्मक विवरण प्रस्तुत करते हुए सरकार से शीघ्र और ठोस कार्रवाई की मांग की।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने विशेष रूप से दारू प्रखंड के पेट्टो NH-522 से कृष्णा महतो के घर तक लगभग 02 किलोमीटर पक्की सड़क निर्माण, झुमरा के कोंय जोन्हिया भाया सिवाने नदी तक लगभग 03 किलोमीटर पक्की सड़क, झुमरा डीपू से रामदेव खरिका भाया सिवाने नदी तक लगभग 06 किलोमीटर पक्की सड़क निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया।

इसी क्रम में सदर प्रखंड के NH-522 से चाया सिमाना तक लगभग 03 किलोमीटर पक्की सड़क, केसुरा मोड़ से सरौनी तक पक्की सड़क, पौता में पक्की सड़क निर्माण सहित हज़ारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड, दारू प्रखंड, कटकमदाग प्रखंड एवं कटकमसांडी प्रखंड के कुल 40 सड़कों से अधिक पुल-पुलियों की अनुशंसा किए है उसे सरकार के समक्ष रखी।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से इन सड़कों और पुल-पुलियों की स्थिति दयनीय बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों, विद्यार्थियों, किसानों और आम नागरिकों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विधायक ने सदन में स्पष्ट कहा कि राज्य सरकार केवल गोलमटोल जवाब देने से काम नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर ठोस कार्य होना चाहिए।

इस विषय पर राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। उन्होंने सदन में बताया कि 15 किलोमीटर सड़क निर्माण एवं 10 करोड़ रुपये की लागत से पुल निर्माण की स्वीकृति जल्द दी जाएगी। साथ ही विधायक निधि की राशि भी क्षेत्रीय विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

विधायक ने कहा कि हज़ारीबाग के समुचित विकास और सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता से जुड़े प्रत्येक मुद्दे को वे सदन में मजबूती से उठाते रहेंगे और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## बगोदर पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह जमुववारी ग्राम के मलेशिया मे मृत प्रवासी श्रमिक वकील सिंह के परिजन से भेंट कर सांतवान दी



लोकतंत्र की आवाज

**बगोदर गिरिडीह (झारखंड)।** बगोदर प्रखंड के ग्राम जमुवारी के प्रवासी श्रमिक वकील सिंह की मलेशिया में निधन हो गया था। कम्पनी और परिवार के मध्य मुआवजा राशि की सहमति अंतिम चरण में हैं। बगोदर के पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह ने चौथी बार परिजनों से भेंट हुई और कम्पनी प्रतिनिधि से बात हुई है। कम्पनी नें सहमति जताई हैं की पूर्व की घटनाओं से ज्यादा राशि परिजन को दी जायेगी। तत्काल 1 लाख की राशि भी उनके खाते में दी गई हैं ।उम्मीद हैं होली के बाद प्रक्रिया पूर्ण कर शव बगोदर आ जायेगा।

अभी कल ही एक और दुर्घटना में सरिया प्रखंड के ग्राम लुटियानो के श्रमिक प्रसादी महतो की दुर्घटना में तेलंगाना में मौत हो गई हैं। भवन निर्माण कम्पनी नें परिजनों को लिखित रूप में 15 लाख रुपया दुर्घटना बीमा के तहत देने हेतु आश्वास्त किया है। तत्काल डेढ़ लाख रुपया अंतिम क्रिया हेतु कम्पनी के द्वारा मिला हैं। परिजन को झारखण्ड सरकार के द्वारा भी प्रवासी श्रमिक सहायता के तहत सहयोग मिलेगा।

## जिप सदस्य दुर्गेश कुमार लगातार पांचवीं बार श्री श्री चैती दुर्गा पुजा सह रामनवमी पुजा समिति बगोदर मंझीलाडीह के निर्विरोध अध्यक्ष बने

लोकतंत्र की आवाज





**बगोदर गिरिडीह (झारखंड) ।** श्री श्री चैती दुर्गा पुजा सह रामनवमी पुजा समिति के पुनर्गठन को लेकर रविवार को बगोदर प्रखंड के मंझीलाडीह ग्राम में ग्रामीणों की एक भव्य बैठक आयोजित की गयी जिसमे सर्वसम्मति से पांचवीं बार जिप सदस्य दुर्गेश कुमार के सफल संचालन को देखते हुए ग्रामीणों ने पूजा समिति 2026 का निर्विरोध अध्यक्ष चुना वहीं सचिव मोती लाल शर्मा,कोषाध्यक्ष शंकर साव, उपाध्यक्ष हीरालाल राम,उपकोषाध्यक्ष संजय राणा,उप सचिव सतेंद्र,सह सचिव कृष्णदेव उर्फ (केडी) ,सरंक्षक लक्ष्मण मिस्त्री,सुजीत शर्मा को बनाया गया है साथ ही पुजा व मेला को सफल संचालन हेतु 51 सदस्यीय एक कार्यकरनी समिति भी बनाई गई है।

वहीं मेला को भव्य बनाने के लिए तारा माची ब्रेकडांस,मीना बाजार,ड्रेगंन,टोरा टोरा आदि मेला का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा,पूजा समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने आम जनों से इस पुजा मे और भव्य मन्दिर निर्माण में बढ़ चढ़ कर सभी से सहयोग करने की अपील किये है,व इस भव्य मेले में किसी भी प्रकार के नशा करके नही आने का आग्रह किया है,और वहीं बैठक मे पूजा के दौरान पुरे गाँव मे माँस मदिरा बिक्री व सेवन पर पुर्ण रुपेण प्रतिबंध करने का निर्णय लिया गया है,बैठक मे पुजा समिति के साथ साथ कपिलदेव शर्मा,संजय राणा,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि संजय राम, सुजीत, शिक्षक संतोष कुमार साव,बलदेव साव,विनोद बिहारी शर्मा,ललन राणा,बबलू साव,राजू राणा,नीलकंठ रविदास,पप्पू भुइयाँ, गोविंद राणा,हीरालाल दास,मुकेश राणा, देवानंद विश्वकर्मा, बबलू राय,दिलीप गुप्ता, राजेश विश्वकर्मा, दामोदर शर्मा,रामेश्वर साव,महानंद मिस्त्री, उपेंद्र महतो, कमलेश राणा, पिंटू सिंह, भीम शर्मा, रोहित मिस्त्री,महादेव साव, कौलेस्वर् राणा,संदीप राणा, प्रदीप मिस्त्री, सतेंदर दास, अमर कुमार,गगन कुमार, दीपक शर्मा, बिनोद बिहारी शर्मा, अशोक राणा, सहदेव मिस्त्री,निरज मिस्त्री, देवानंद विश्वकर्मा,सीताराम शर्मा,भूणेश्वर दास,भोला दास,सहदेव मिस्त्री,मोहन मिस्त्री,सूरज राणा, पंकज राणा, रंजीत साव,भेखलाल साव,समेत सैकडों के संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नाबालिग युवती के गांव पहुंचने से बानासाम में हलचल, परिजनों ने विवाह से किया इंकार

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा(झारखंड)** ।कुंदा थाना क्षेत्र के बानासाम गांव में उस समय हलचल मच गई जब एक नाबालिग युवती गांव के उदेसर भारती के घर पहुंच गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों में चर्चा शुरू हो गई। सूत्रों के अनुसार युवती का नाम गांव के एक युवक के साथ जोड़ा जा रहा था। हालांकि, युवती के नाबालिग होने की जानकारी मिलते ही युवक के परिजनों ने स्पष्ट रूप से विवाह से इंकार कर दिया। परिजनों ने कहा कि कानून के अनुसार नाबालिग की शादी करना दंडनीय अपराध है और वे किसी भी परिस्थिति में नियम विरुद्ध कदम नहीं उठाएंगे।

फिलहाल युवती उदेसर भारती के घर पर ही मौजूद है। मामले को लेकर गांव में आपसी बातचीत जारी है। ग्रामीणों एवं दोनों पक्षों के परिजनों द्वारा सामाजिक स्तर पर समझदारी के साथ समाधान निकालने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कानून और सामाजिक मर्यादा का पालन करते हुए ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन को भी मामले की जानकारी दिए जाने की बात सामने आ रही है ।थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने ने बताए कि अभी तक मेरे संज्ञान में नहीं आया है।

# चतरा के सभागार में मानसिक स्वास्थ्य एवं साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**झारखंड।** बच्चों की डिजिटल दुनिया , मानसिक स्वास्थ्य एवं साइबर सुरक्षा विषय पर शनिवार को विकास भवन चतरा के सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीसीएल के सीएसआर कार्य अंतर्गत संचालित परियोजना बच्चों की डिजिटल दुनिया , मानसिक स्वास्थ्य एवं साइबर सुरक्षा चतरा के टंडवा क्षेत्र में संचालित हो रही है इसी सिलसिले में फ्लेयर संस्था द्वारा इस कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला में जिला बाल संरक्षण इकाई, झारखंड शिक्षा परियोजना के प्रतिनिधि, नीति आयोग के जिला प्रतिनिधि, चाइल्ड हेल्पलाइन , बालक एवं बालिका आश्रय गृह एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद ने कहा कि वर्तमान समय की चुनौतियों को देखते हुए परिवार और संस्कार की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। परिवार , शिक्षक एवं समाज को बच्चों की संवेदनशीलता और डिजिटल स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक हो जाता है। फ्लेयर संस्था के अजय सिन्हा ने इस मौके पर AI और डीप फेक जैसे मुद्दों को मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियां बताई। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा आज की सबसे बड़ी चुनौती है । बच्चों को इन सभी विषयों के बारे में अवगत करना और इनके बारे में प्रशिक्षत करना आवश्यक हो गया है।

# दारू प्रखंड में सांसद सेवा का सराहनीय प्रयास : छह बहनों को विवाह पूर्व लहंगा भेंट

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू प्रखंड में जनसेवा और सामाजिक संवेदनशीलता का एक प्रेरक दृश्य देखने को मिला। सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर उनके सुपुत्र करण जायसवाल ने प्रखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर विवाह के पूर्व छह बहनों को अपने हाथों से उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की। इस अवसर पर करण जायसवाल ने कहा कि बेटियां किसी भी समाज की असली शक्ति होती हैं। उनकी खुशियों में सहभागी बनना और जरूरत के समय उनके साथ खड़ा रहना ही हमारे संस्कार और कर्तव्य का परिचायक है। यदि हमारी छोटी-सी पहल से किसी परिवार के चेहरे पर मुस्कान आती है, तो यही हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है।

उनकी इस पहल से दारू प्रखंड में सकारात्मक संदेश गया है। आम जनता के बीच करण जायसवाल की छवि एक संवेदनशील, सक्रिय और जमीनी कार्यकर्ता के रूप में और सुदृढ़ हुई है। स्थानीय लोगों ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से राजनीति में सेवा और समर्पण की भावना मजबूत होती है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि सांसद मनीष जायसवाल के साथ उनके सुपुत्र करण जायसवाल भी निरंतर सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं और समाज के कमजोर वर्गों के लिए आगे आकर सहयोग करते हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला सांसद प्रतिनिधि जीवन मेहता, सदर विधानसभा सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा, दारू प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि बलदेव बाबू, मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, विकास यादव, अजीत यादव, विनोद राणा आदि साथ रहें।

# बोकारो चास नगर निगम चुनावः रणनीति की हार और 'जमील अख्तर' का उदय

लोकतंत्र की आवाज



**बोकारो ।** जिले के चास नगर निगम के चुनाव परिणाम ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। जहां कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी जमील अख्तर शुरुआती चरणों में मजबूत बढ़त के साथ आगे चल रहे थे, वहीं अंतिम परिणाम में निर्दलीय प्रत्याशी भोलू पासवान ने मेयर पद पर दोबारा कब्जा जमाया है। इस चुनाव को मात्र हार-जीत का आंकड़ा नहीं, बल्कि रणनीतिक चूक और नेतृत्व की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है ।मतगणना के प्रारंभिक चरणों में जमील अख्तर की मजबूत पकड़ साफ दिखी। पहले चरण में उन्हें 5,096 मत प्राप्त हुए, जबकि दूसरे चरण में अतिरिक्त 3,728 मत मिले।

इन शुरुआती 16 वार्डों में मुस्लिम मतदाताओं का संगठित समर्थन और जमील अख्तर की समावेशी छवि ने उन्हें मजबूत आधार प्रदान किया। विरोधी खेमों में हड़कंप मच गया था, क्योंकि यह बढ़त निर्णायक लग रही थी ।लेकिन राजनीति में शुरुआती बढ़त ही सब कुछ नहीं होती। तीसरे चरण से खेल पलटना शुरू हुआ। कांग्रेस की रणनीति वार्ड 17 से 35 तक कमजोर साबित हुई, जहां संगठनात्मक स्तर पर कोई ठोस जमीनी काम नहीं किया गया। यहां केवल मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण पर भरोसा किया गया, जो अंततः भारी पड़ा। तीसरे चरण में मतों में गिरावट (केवल 1,026 मत) आई, चौथे में महज 140 और पांचवें में 330 मतों तक सिमट गई। इससे साफ हो गया कि कांग्रेस का फोकस केवल शुरुआती वार्डों तक सीमित रहा, जबकि बाकी क्षेत्र लावारिस छोड़ दिया गया ।कांग्रेस की इस हार के पीछे कई कारण जिम्मेदार बताए जा रहे हैं। संगठन में अति-आत्मविश्वास, आंतरिक गुटबाजी, 'पुत्र मोह' और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को प्राथमिकता देना प्रमुख रहे। जिला नेतृत्व ने चुनाव को हल्के में लिया, अनुभवी कार्यकर्ताओं की सलाह को नजरअंदाज किया और रणनीति को वार्ड 10 तक सीमित कर दिया। बोकारो कांग्रेस ने अभी तक इस हार की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से नहीं ली है, हालांकि दबे स्वर में चर्चा है कि मुस्लिम वोट बैंक पर अत्यधिक निर्भरता ने 'सर्व-समाज' से दूरी बढ़ाई ।वहीं, जमील अख्तर की हार के बावजूद उन्हें 'नैतिक विजेता' माना जा रहा है। कुल 10,320 मत प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहने के बावजूद उन्होंने साबित किया कि वे एक समर्पित, सर्व-समाज के नेता हैं।

विपरीत परिस्थितियों में उनके कार्यकर्ताओं का डटकर मुकाबला और व्यक्तिगत छवि ने उन्हें नई ऊंचाई दी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह चुनाव जमील अख्तर के लिए भविष्य का लॉन्चपैड साबित हो सकता है, जहां से वे चास की राजनीति की धुरी बन सकते हैं ।अंततः, यह चुनाव कांग्रेस के लिए रणनीतिक शर्मिंदगी और अहंकार के पतन का प्रतीक बना, जबकि जमील अख्तर के लिए नैतिक जीत और उभरते नेतृत्व का प्रमाण। यदि कांग्रेस ने पूरे क्षेत्र में समान मेहनत की होती, तो शायद नतीजे अलग होते। राजनीति सिखाती है—अहंकार की ढाल अंत में पतन ही लाती है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पुलिस ने होंडा सिटी कार से 134.250 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया



लोकतंत्र की आवाज

नासरीगंज। थाना क्षेत्र के नगर पंचायत माली टोला से स्थानीय पुलिस ने होंडा सिटी कार से 134.250 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। जबकि पुलिस को देख धंधेबाज कार को छोड़ फरार हो गए। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि बरडीहा के तरफ से कार से नासरीगंज के तरफ शराब लाया जा रहा हैं। जिसके बाद उक्त कार का पीछा किया गया। पुलिस को देख धंधेबाज कार को माली टोला नहर के पास छोड़कर भाग गए। जिसके बाद उक्त कार की तलासी ली गई तो उसमें रखा हुआ 500 एमएल का 258 बोतल बियर कुल 129 लीटर बियर व 375 एमएल का 14 बोतल कुल 5.250 लीटर रॉयल स्टेज( आरएस ) अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जप्त कार होंडा सिटी जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर जेएच 05 बीएल 2261 हैं। इस छापेमारी अभियान में एसआई सुबोध कुमार, पीएसआई राहुल कुमार, सागर कुमार, एएसआई अंजय कुमार, सिपाही रंजय कुमार बैठा, रमेश कुमार, राजेश कुमार पासवान, मनोज कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### आकाशवाणी के उद्घोषक, कंपेयर द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। स्थानीय कुशवाहा सभा भवन सासाराम में आकाशवाणी के उद्घोषक -कंपेयर द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अभी हाल ही में अवकाश प्राप्त हुए कैजुअल मित्र महेंद्र सिंह, रविंद्र जी, गोपाल प्रसाद, प्रदीप कुमार और अरुण कुमार सिंहा को अवकाश प्राप्त करने के उपरांत अच्छी सेहत एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई तथा बुके एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इस समारोह में शिवकुमार सिंह, महेंद्र सिंह, राजेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार सिंह, रविभूषण साहू, लालबहादुर सिंह, मुमताज़ अहमद, सुषमा सिंह, संध्या सिंह, कुमकुम दुबे, अर्चना कुमारी और रागिनी श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित थे।कुशवाहा भवन के उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह अधिवक्ता ने उपस्थित सदस्यों को पट्टा देकर सम्मानित किया तथा होली की शुभकामनाएं देते हुए उनके अच्छी सेहत के कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवकुमार सिंह ने की और उपस्थित सदस्यों के आगमन के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापन किया। सभा का संचालन उद्घोषक संजय कुमार चतुर्वेदी ने किया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आया पूर्व वार्ड सदस्य, 35 वर्षीय अमोल रजक की असमय मृत्यु



लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। सहरसा जिले के सोनवर्षा राज प्रखंड क्षेत्र के विराटपुर वार्ड नंबर 12 के निवासी एवं पूर्व वार्ड सदस्य 35 वर्षीय अमोल रजक की शुक्रवार रात सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। शव गांव पहुंचते ही पूरे इलाके में सन्नाटा छा गया। ग्रामीणों की भारी भीड़ शव दर्शन के लिए जुट गई। मृतक की पत्नी पुनम देवी रो-रोकर बार-बार बेहोश हो जा रही थीं, जिन्हें अन्य महिलाओं ने किसी तरह संभाला। अमोल रजक अपने पीछे तीन पुत्रियां और दो पुत्र छोड़ गए हैं। बताया जाता है कि वे रिश्तेदार के घर झिटकिया गए थे। इसी की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने उन्हें पीएचसी सोनवर्षा में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया। रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सांसद प्रतिनिधि रतन कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि हशिउद्दीन, पंसस प्रतिनिधि मिट्टू रजक, अशोक यादव, जदयू युवा नेता कारु सिंह, सरपंच प्रतिनिधि दीपक ठाकुर, पैक्स अध्यक्ष मनोरंजन सिंह सहित दर्जनों जनप्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त किया।दौरान सरौनी में एक अज्ञात वाहन

# विधानसभा से विज्ञान तक: तिलौथू के विद्यार्थियों ने रचा नया इतिहास

लोकतंत्र की आवाज



**तिलौथू।** तिलौथू के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लोकतंत्र और विज्ञान के संगम का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। पहली बार विद्यार्थियों ने बिहार विधान सभा की कार्यवाही को प्रत्यक्ष देखा और शासन-प्रक्रिया को समझा। लोकतंत्र के इस पावन मंदिर में पहुँचकर बच्चों ने यह अनुभव किया कि सरकारी विद्यालय का विद्यार्थी भी बड़े सपने देख सकता है और उन्हें साकार कर सकता है। प्रभारी प्रधानाचार्य मैकू राम के नेतृत्व में शिक्षक रवि रंजन कुमार, नूतन पाण्डेय, नीतू यादव, सुमित मिश्रा कुमार एवं मिथलेश कुमार पासवान - विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

**श्री-डी प्रिंटिंग से मुख्यमंत्री को विशेष भेंट :** विद्यालय के स्पेस लैब में विद्यार्थियों ने श्री-डी प्रिंटिंग तकनीक से नीतीश कुमार की तस्वीर तैयार की। यह कृति अवधेश नारायण सिंह के माध्यम से ससम्मान भेंट की गई। मुख्यमंत्री ने बच्चों की तकनीकी दक्षता, रचनात्मकता और आत्मविश्वास की सराहना की।

**सरकारी स्कूल का गौरव:** तिलौथू के बच्चों की प्रतिभा पहुँची मुख्यमंत्री तक ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया कि संसाधनों की कमी सपनों को सीमित नहीं कर सकती। बिहार विधान सभा भ्रमण के दौरान बच्चों ने लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को समझा और तकनीकी नवाचार से सबको प्रभावित किया। श्री-डी प्रिंटिंग द्वारा तैयार मुख्यमंत्री की प्रतिकृति ने सभी जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया। विधायक मिथिलेश तिवारी ने इसे "बिहार के उज्ज्वल भविष्य का संकेत" बताया।

**लोकतंत्र का पाठ और तकनीक की उड़ान: तिलौथू बना प्रेरणा का केंद्र:** शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विधानसभा की कार्यवाही को गंभीरता से देखा और लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात किया। उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री के आप्त सचिव शैलेन्द्र ओझा ने भावुक होकर कहा कि उन्हें अपने विद्यालय पर गर्व है। उन्होंने विद्यालय के नेतृत्व और शिक्षकों की टीम भावना की सराहना की।

**स्पेस लैब से सदन तक: ग्रामीण प्रतिभा ने दिखाया दम:** विद्यालय के स्पेस लैब में तैयार की गई श्री-डी प्रतिकृति केवल तकनीकी प्रयोग नहीं, बल्कि नवाचार की मिसाल बनी। पूर्व अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ को भी पूर्व में विद्यार्थियों द्वारा तैयार प्रतिकृति भेंट की गई थी, जिसके लिए उन्होंने विशेष प्रशंसा-पत्र भेजा। वर्ष 2025 के विज्ञान एवं स्पेस कार्यक्रम में नीलेश एम. देसाई (स्पेस एप्लीकेशन सेंटर, अहमदाबाद) ने विद्यालय का दौरा कर बच्चों की वैज्ञानिक जिज्ञासा की सराहना की।



**नई सोच, नई तकनीक, नया बिहार: तिलौथू के छात्रों की ऐतिहासिक पहल:** यह उपलब्धि केवल एक समाचार नहीं, बल्कि सरकारी शिक्षा व्यवस्था के बदलते स्वरूप का प्रतीक है। माननीय विधान पार्षद जीवन कुमार ने कहा कि यह सिद्ध करता है कि सरकारी विद्यालयों में भी तकनीकी शिक्षा प्रभावी रूप से लागू की जा सकती है।

**निष्कर्ष:** समर्पित नेतृत्व, प्रतिबद्ध शिक्षक और जिज्ञासु छात्र — यही सफलता की असली पहचान है। तिलौथू की यह यात्रा लोकतंत्र की समझ, विज्ञान की सोच और आत्मविश्वास की उड़ान का अद्भुत संगम है।

## सहरसा: ईस्ट एन वेस्ट में मना होली रंगोत्सव खुब उड़े रंग अबीर-गुलाल



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** शनिवार को पटुआहा स्थित ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में होली रंगोत्सव समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्धघाटन ईस्ट एन वेस्ट कॉलेज समुह के चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन ने महाविद्यालय में स्थापित माँ सरस्वती के मंदिर में तैल चित्र पर अबीर-गुलाल के पूजन के साथ समारोह का शुभारंभ किया। होली रंगोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए चेयरमैन ने कहा कि होली जीवन के चार रंगों का संगम है। उन्होंने इस उत्सव को आपसी भाईचारगी के रंग का सबसे बड़ा प्रतिक बताते हुए महाविद्यालय के छात्राध्यापकों को होली का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि होली जैसे पावन उत्सव को मनाने के पीछे बहुत बड़ा धार्मिक और सामाजिक सदभाव का जित जागता उदाहरण है।कहा प्रकृति के सात रंगों का जीस तरह से हर मनुष्य से जुड़ाव व वास्ता है, उसी तरह रंगों का यह उत्सव समाज के लोगों को एक रंग में पीरो कर भाईचारे व सामाजिक समरूपता को संबल बनाये रखने का एक बहुत बड़ा संदेश देता है।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार झा ने सभी को होली की शुभकामना देते हुए सादगी के साथ इस उत्सव को मनाने की बात कहा।होली के पारम्परिक गीतो पर खुब उड़े अबीर-गुलाल रंगोत्सव के उत्सव होली मिलन समारोह के अवसर पर कॉलेज के छात्राध्यापक/छात्राध्यापिकाओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली के पारम्परिक गीत राधा के संग खेले होली बृज में, जोगिरा सहित अन्य गीतों पर खूब नाचे गाए और झुमें। अंत में सभी एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामना दी महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सह जन संपर्क पदाधिकारी अभय मनोज के संचालन में आयोजित होली मिलन समारोह में महाविद्यालय के बीएड विभागाध्यक्ष के विभागाध्यक्ष डॉ बसंत कुमार मिश्रा, प्राध्यापक प्रमुख डॉ प्रियंका पांडेय, डीएलएड विभागाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, परीक्षा नियंत्रक सह नोडल अंशु कुमार गुप्ता, प्राध्यापक रंजय कुमार राजा, संतोष कुमार, अखिलेश कुमार, श्रीनिवास, विजय मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

## शाक्लिद्वीप ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

**पीरपैंती/कहलगांव।** कहलगांव स्थित ठाकुरवाडी के प्रांगण में शक्लिदीप ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा भव्य और विशाल होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने फगुआ गाकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा करके होली की शुभकामनाएं दी। उपस्थित सभी सदस्यों ने आपस में परिचय सत्र का भी आयोजन किया।जिसमें सभी कार्यकर्ता एक दूसरे से रूबरू हुए।इस होली मिलन समारोह में सभी सदस्यों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी इस अवसर पर त्रिवेणी मिश्रा, वीरेश मिश्रा ,रामकुमार मिश्र, मनोज मिश्रा, सत्यजीत मिश्रा ,गोवर्धन मिश्रा, मदन मोहन मिश्रा , मनीष पांडेय , मुकेश कुमार मिश्रा ,शैलेंद्र मिश्रा, नवीन कुमार मिश्रा, विष्णु कांत मिश्रा ,दीपक कुमार मिश्रा ,अंशुमान मिश्रा, सहित आनेको लोग उपस्थित थे।

## सासाराम के पटेल धर्मशाला सभागार में जदयू जिलाध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न, निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** सासाराम के पटेल धर्मशाला-सभागार में रोहतास जदयू जिलाध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न हुआ। इस निर्वाचन की प्रक्रिया को जिला निर्वाची पदाधिकारी संजय पटेल और जिला पर्यवेक्षक बिहार सरकार के पूर्वमंत्री अजित चौधरी के द्वारा पार्टी के तमाम दिशा-निर्देशों एवं नियमों का पालन करते हुए संपन्न कराया गया। जिलाध्यक्ष पद के लिए धीरज मिश्रा और बिंदा चंद्रवंशी द्वारा नामांकन किया गया था, जहाँ बाद में धीरज ने बिन्दा चन्द्रवंशी के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया। इस संदर्भ में एक प्रेस-विज्ञप्ति जारी कर जदयू नेता अलख निरंजन ने बताया है कि निर्वाचन प्रक्रिया में रोहतास जिला के सभी नगर और प्रखंड इकाइयों के चुने हुए डेलिगेट्स ने मतदाता के रूप में भाग लिया। निर्वाचन प्रक्रिया के क्रम में सभी डेलिगेट्स के समर्थन से बिंदा चंद्रवंशी रोहतास जिला जदयू के निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए।



बिन्दा चन्द्रवंशी के निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुने जाने पर अरुणा सिंह, रिंकू सिंह, अनिल सिंह,धनंजय भाई पटेल, अलख निरंजन,अशोक चंद्रवंशी, सीपू सिन्हा,गिरेंद्र सिकरीवार, धनजी चौधरी, हाजी जमालुद्दीन सिद्दीकी, टुटूल सिंह, तौसीफ आलम, हरिहर सिंह, मनोज सिंह,धर्मेंद्र चौहान, शेषनाथ चौधरी, संतोष कुशवाहा,संतोष शुक्ला, दीपक चौबे,सत्येंद्र कुशवाहा, अमरेंद्र कुमार, नवनीत राय,रूपेश चंद्रवंशी, राजेश पटेल,सद्दाम हुसैन,रवि पटेल, कमरुद्दीन फारूकी, रुनादेवी, बसंत कुमार राय, अरुण राम, विनोद पाण्डेय, विनोद पाल, संगीता सिंह, शोभा चंद्रवंशी, रेहाना खातून, सविता नटराज, संजर खान, डोमाराम, राज सोनी,राकेश कुमार मुन्ना, निखिल जय सिंह,अभिषेक पटेल, शशि रंजन, वंशनारायण पटेल, अरविंद राय, संजय सिंह,संदीप गिरी, प्रमोद कुमार चौधरी,विपिन कुशवाहा, कमरुद्दीन फारुकी, कुंदन सिंह,रंजू कुशवाहा, श्रीराम मिश्रा,दीनदयाल चौधरी, हरेंद्र पटेल, अखिलेश्वर चौधरी, दिनेश चंद्रवंशी तथा उमेश कुमार पाण्डेय सहित सहित अनेक जदयू नेताओं ने हृदय-तल से बधाई दी है।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत 64 मोबाइल धारक को सुपुर्द किया गया मोबाइल

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। अभियान की शुरुआत 16 अगस्त 2024 को की गई थी। फेज-01 से फेज-06 तक कुल 288 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 41,88,785 रुपये आंकी गई है।

इसी क्रम में 28 फरवरी 2026 को ऑपरेशन मुस्कान फेज-07 के अंतर्गत 64 मोबाइल फोन बरामद कर संबंधित मोबाइल धारकों को लौटाए गए।इनकी अनुमानित कीमत 14,52,364 रुपये है। अब तक कुल सात चरणों में 352 मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत 56,41,149 रुपये है। पुलिस केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में कोशी क्षेत्र पुलिस उप-महानिरीक्षक कुमार आशीष एवं पुलिस अधीक्षक हिमांशु द्वारा मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को शनिवार सौंपे गए। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने की स्थिति में दूरसंचार विभाग के सीईआईआर पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर मोबाइल को ब्लॉक एवं ट्रैक अवश्य कराएं। पुलिस का उद्देश्य नागरिकों के चेहरे पर मुस्कान लौटाना है।

## हाइवा व ट्रेवलर में टक्कर, महिला की मौत

लोकतंत्र की आवाज

**रोहतास।** रोहतास प्रखंड स्थित बंजारी दुर्गा मंदिर डोम तोला के पास रविवार सुबह करीब 5:00 बजे तेज रफ्तार ट्रैवलर और हाइवा के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैवलर पलट गई और उसमें सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।मृतका की पहचान बेगूसराय निवासी सुरेश राम की पत्नी गौरी रावत के रूप में हुई है।



वहीं गंभीर रूप से घायल महिला की पहचान पटना निवासी सरवानिया देवी के रूप में की गई है, जिनका इलाज डेहरी के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। अन्य घायलों को हल्की चोटें आई हैं। समाचार लिखे जाने तक सभी घायलों की पहचान नहीं हो सकी थी।हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों और राहगीरों की तत्परता से घायलों को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला गया। रोहतास अस्पताल के प्रबंधक आजाद कुमार ने समय रहते एंबुलेंस भेजी। स्थानीय निवासी तोराब नियाजी के सहयोग से सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया।ग्रामीणों के अनुसार ट्रैवलर तेज रफ्तार में थी और मुडान होने के कारण यह दुर्घटना हुई। सूचना मिलते ही रोहतास थाना की पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को जब्त कर लिया।बताया जाता है कि गौरी रावत अपने पुत्र से मिलने नौहट्टा गई थीं, जो जमीनी सर्वे कार्य से जुड़े हैं। वहां से अपने पैतृक गांव लौटने के दौरान यह हादसा हो गया।थाना अध्यक्ष निकुंज भूषण प्रसाद ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सासाराम जदयू के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष पर लगा गंभीर आरोप

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम। सासाराम के पटेल** धर्मशाला में संपन्न हुए जदयू के जिलाध्यक्ष निर्वाचन के बाद नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगना शुरू हो चुका है। सबसे पहले तो उन पर निर्वाचन प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप लगा। उसके बाद कुछ लोगों के द्वारा उन पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया है।

जदयू के वरीय नेता डॉ निर्मल कुमार के द्वारा आरोप लगाया गया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी के द्वारा पार्टी विरोधी कार्य किया गया है। डेहरी विधानसभा में चुनाव के दौरान राजद पार्टी से उनकी जाति के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे,जिस कारण से उनके द्वारा पार्टी हितों को ताक पर रखकर जाति के प्रत्याशी को जीतने के लिए कार्य किया गया। उनके इस कार्य की शिकायत डेहरी विधायक सोनू सिंह के द्वारा पार्टी कार्यालय में लिखित तौर पर की गई है। इसके बावजूद निर्वाचित पदाधिकारी के द्वारा उन्हें जेडीयू का जिलाध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर दिया गया। उनका यह कार्य पार्टी को कमजोर करने वाला है। बिंदा चंद्रवंशी समय आने पर पार्टी से ज्यादा अपनी जाति पर फोकस करेंगे।

इसके बाद रोहतास जिला में पार्टी को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष ने भी बिंदा चंद्रवंशी के निर्वाचन पर सवाल खड़ा किया। आरोप लगाया कि किसी भी उम्मीदवार को नामांकन नहीं करने दिया गया,जिस कारण से चुनाव के दौरान सीधे तौर पर नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को लाभ पहुंचाया गया। यह कार्य पहले से तय था,और तय कार्यक्रम के अनुसार बिंदा चंद्रवंशी को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा कई दावेदारों के द्वारा भी बिंदा चंद्रवंशी के निर्वाचन को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए तथा निर्वाचन को फिर से कराने की मांग की गई। गौरतलब हो कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान चुनावी पर्यवेक्षक कहीं पर दिखाई नहीं दिए,इसके बाद इन आरोपों को और हवा मिली और पूरी चुनावी प्रक्रिया ही सवालों के घेरे में आ गई है।

## पूर्णाहुति व भण्डारे के साथ सम्पन्न हुआ तीन दिवसीय मां सती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ

लोकतंत्र की आवाज

**नासरीगंज।** प्रखण्ड क्षेत्र के धनाव पंचायत के धनाव इंग्लिश वृंदावन ओझवलिया गढ़ गांव में यज्ञ समिति वृंदावन ओझवलिया गढ़ के तत्वाधान में 27 फरवरी से चल रहा तीन दिवसीय मां सती मंदिर निर्माण के उपलक्ष्य में श्री मां सती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ पूर्णाहुति एवम भव्य भंडारे के साथ रविवार एक मार्च को सम्पन्न हो गया। जीयर स्वामी जी महाराज के शिष्य राष्ट्रीय धर्मगुरु कथा वाचक ब्रज किशोर चन्द्र शास्त्री जी महाराज के सानिध्य में तीन दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया था।



वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन कुंड में पड़ रही आहुति से पूरा वातावरण सुगंधित हो रहा था। इसके बाद दोपहर में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भंडारे में आसपास गांवों के हजारों की संख्या में महिला व पुरुष तथा छोटे - छोटे बच्चे एवम बच्चियां प्रसाद ग्रहण किया। पूर्णाहुति के दौरान जय माँ काली, जय बजरंगबली, हर हर महादेव, जय श्री राम, सती मइया की जय सहित विभिन्न देवी-देवताओं की गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। आसपास की आबादी पूरी धार्मिक भावना के साथ यज्ञ समारोह में शामिल हुई। प्रतिदिन काफी संख्या में लोग यज्ञस्थल पर जुटते रहे और धार्मिक क्रियाकलापों में पूरी आस्था के साथ शामिल होते रहे। श्रद्धालु प्रतिदिन यज्ञ मंडप का फेरा लगाते रहे और भक्ति के भाव में लीन रहे। राष्ट्रीय धर्मगुरु कथा वाचक ब्रज किशोर चन्द्र शास्त्री जी महाराज ने यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ के आयोजन से न सिर्फ क्षेत्र की वातावरण शुद्ध होती है बल्कि क्षेत्र धन-धान्य से परिपूर्ण होता है। लोगों में अच्छे विचार व संस्कार का प्रादुभाव होता है। यज्ञ की समाप्ति नहीं होती है। केवल पूर्णाहुति होती है। अतः आवश्यकता है कि हम अपने अंदर के दूर्गुणों का त्याग करें। श्रद्धालुओं को सुख और दुःख से जुड़े प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सुख में इंसान भगवान का स्मरण करना भूल जाता है। भगवान की याद परेशानियों में आती है लेकिन स्तुति करने पर भगवान भक्त की रक्षा करते हैं। कुंती से भगवान ने जब वरदान मांगने को कहा तो वह बोली कि मु

झे विपत्ति दीजिए। विपत्ति में प्रभु का स्मरण किया जाता है। सुख दिया तो इंसान भगवान को याद करना भूल जाता है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि साहिद हुसैन, पूर्व मुखिया अजय सिंह, पूर्व सरपंच भीष्म नारायण सिंह, सुदामा सिंह, मनोज सिंह, राजेश सिंह, मुकेश कुमार, उपेंद्र सिंह, राजेश सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, रमेश सिंह, कामता सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला व पुरुष शामिल थे।

# संक्षिप्त खबरें ।

## मोहनिया में होली मिलन समारोह का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
मोहनिया। क्षेत्र की विधायक संगीता कुमारी के आवास पर रविवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक शामिल हुए और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान विधायक संगीता कुमारी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक पर्व है। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि और विकास के लिए सबके सहयोग की अपील की। उन्होंने मोहनिया विधानसभा की जनता से अपील की है की आपसी भाईचारे के साथ होली का पर्व मनाए। अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई, जिससे माहौल पूरी तरह होलीमय हो गया। उपस्थित लोगों ने पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया और आपसी गिले-शिकवे भुलाकर रंगों के इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष, भाजपा कार्यकर्ता और जदयू के कई नेता के साथ साथ हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। होली मिलन समारोह का कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे शुरु हुआ जो शाम तक चला, समारोह शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## होलिका दहन पर अग्निशमन विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान



लोकतंत्र की आवाज
कैमूर। भभुआ शहर में होली पर्व के मद्देनजर होलिका दहन को सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से अग्निशमन विभाग द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला अग्निशमन पदाधिकारी अनिल कुमार वर्मा, सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी संतोष कुमार पांडेय तथा अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी सुरेंद्र राम के नेतृत्व में शहर के विभिन्न स्थानों पर स्टॉल लगाकर लोगों को अग्नि सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी दी जा रही है। अभियान के दौरान प्रधान अग्निक नंदकिशोर पासवान, कृष्णा कुमार, अग्निक राहुल कुमार तथा गृह रक्षक चालक रामेश्वर सिंह भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि होलिका दहन से पूर्व स्थानीय अग्निशमन केंद्र से सुरक्षा संबंधी सुझाव अवश्य लें और दहन हमेशा खुली एवं सुरक्षित जगह पर ही करें, ताकि उड़ती चिंगारियों से आसपास के घरों या भवनों को नुकसान न पहुंचे। विभाग ने विशेष रूप से अपील की है कि घनी आबादी वाले क्षेत्रों, विद्युत तारों या ट्रांसफार्मर के नीचे होलिका दहन न किया जाए। साथ ही पेट्रोल पंप, गैस गोदाम, किरासन डिपो, ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण स्थल, झोपड़ी, गेहूं के खेत एवं खलिहान के समीप होलिका जलाने से परहेज करें। अधिकारियों ने यह भी सलाह दी कि होलिका दहन के समय पास में बालू और पानी की व्यवस्था अवश्य रखें, ताकि किसी आकस्मिक स्थिति में तुरंत आग पर काबू पाया जा सके। किसी भी आपात स्थिति में टोल फ्री नंबर 112 या 7485805912, 7485805913 पर सूचना देने की अपील की गई है। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करेगी। विभाग के इस अभियान से लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और सुरक्षित होली मनाने का संदेश दिया जा रहा है।

## लोहार समाज के प्रतिनिधियों ने समाज कि मांगो को सदन में उठाने पर रामगढ़ विधायक का किया भव्य अभिनंदन



लोकतंत्र की आवाज
कैमूर। लोहार जाति को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाने और समाज की अन्य ज्वलंत माँगों को सदन में पुरजोर तरीके से उठाने के लिए आज कैमूर जिले के लोहार समाज के प्रतिनिधियों ने रामगढ़ के विधायक सतीश कुमार यादव से मुलाकात की। इस दौरान समाज के लोगों ने विधायक जी का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।
प्रमुख माँगें और विधायक का आशवासन: मुलाकात के दौरान लोहार समाज के सदस्यों ने अपनी मांगों को दोहराया, जिस पर विधायक सतीश कुमार यादव ने स्पष्ट रूप से अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। बैठक के मुख्य बिंदु निम्नलिखित रहे विधायक ने आश्वासन दिया कि वह लोहार जाति को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल कराने की लड़ाई में पूरी मजबूती के साथ समाज के साथ खड़े हैं। विधायक ने सदन में लोहार समाज के लिए एक स्वतंत्र पहचान कोड आवंटित करने की माँग प्रमुखता से रखी है, ताकि गणना और सुविधाओं में स्पष्टता रहे। राम गोविंद लोहार जी की प्रतिमा: दुर्गावती में महान स्वतंत्रता सेनानी राम गोविंद लोहार जी की आदमकद प्रतिमा (स्टैचू) स्थापित करने की माँग को विधायक ने अपना पूर्ण समर्थन दिया है। ३लोहार समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। सदन में आपकी आवाज़ उठाना मेरा कर्तव्य है। चाहे स्वतंत्र कोड की बात हो या स्वतंत्रता सेनानी राम गोविंद लोहार जी के सम्मान की, मैं सदैव इस समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूँगा। समाज में उत्साह की लहर: प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विधायक सतीश कुमार यादव ने जिस तरह से सदन के भीतर समाज के मुद्दों को उठाया है, उससे पूरे कैमूर जिले के लोहार समाज में एक नई उम्मीद जगी है। सम्मान समारोह के दौरान समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## चैनपुर में भव्य होली मिलन समारोह आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
कैमूर। रंगों के त्यौहार होली को लेकर लोगों में काफी उत्साह होता है इस पर्व को लेकर दूर रहने वाले लोगों के मन में अपनों से मिलने की आश गांव की तरफ जाने पर मजबूर कर देती हैं इसी परंपरा के तहत जगरिया पंचायत के पैक्स अध्यक्ष संजय पाण्डेय के द्वारा होली मिलन का आयोजन किया गया, होली मिलन समारोह में रंग भरने के लिए भोजपुरी गायिका जनकनंदनी ने टीम के साथ मिलकर होली की पारम्परिक गीतों पर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया, होली मिलन समारोह में भभुआ विधायक भरत बिंद, सिरहिरा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष संजय सिंह, चांद प्रखण्ड भाजपा के मंडल अध्यक्ष अखिलेश नारायण सिंह, सुजीत कुमार सिंह, मदुरना पंचायत के पूर्व मुखिया प्रभु नारायण सिंह कुशवाहा, मझुई पैक्स अध्यक्ष राजेश यादव, इसीया के पैक्स अध्यक्ष शिव भजन बिंद, सामाजिक कार्यकर्ता हीरा यादव, सहित काफी संख्या में गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहीं, सभी लोगों को संजय पाण्डेय और अप्पू पांडेय के द्वारा रंग लगाकर स्वागत किया गया।

# जगत गुरु रविदास महाराज जी बेगमपुरा शहर.बसाने की परिकल्पना की थी : मनोज कुमार लोकसभा सांसद

लोकतंत्र की आवाज



**विनोद कुमार राम**
**भभुआ कैमूर।** अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन जिला इकाई कैमूर के तत्वावधान में संत शिरोमणि जगत गुरु रविदास महाराज जी की 649 वीं जयंती समारोह का आयोजन श्री गुरु रविदास धाम मसोई चैनपुर कैमूर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता राजेश कुमार अध्यक्ष श्री गुरु रविदास धाम मसोई तथा संचालन रामशीष लोहिया एवं राजा राम अध्यक्ष अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन कैमूर ने किया।कार्यक्रम का उद्घाटन कर्ता मा0 मनोज कुमार लोकसभा सांसद सासाराम एवं मुख्य अतिथि संत रामकिशन दास राष्ट्रीय धर्म प्रचारक भोपाल, अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन तथा विशिष्ट तिथि के रूप में , संत अनमोल दास पुणे, मा0 अनिल कुमार प्रदेश अध्यक्ष बिहार, डॉ मनोज कुमार प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बिहार, संत रमेश पवारे पुणे, जयशंकर राम प्रदेश महासचिव, , कवि श्यामलाल दास प्रदेश उपाध्यक्ष शामिल हुए।

इस कार्यक्रम के उदघाटन कर्ता महाराज जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते अमृतवाणी के माध्यम से कहा कि "सत संगत मिल रहीए है माधव जैसे मधुप मखीरा" हे मेरे समाज के लोगों तुम इस तरह संगठित होकर रहो जिस प्रकार शहर की मधुमक्खियां रहती है। गुरु रविदास जी बेगमपुरा शहर की परिकल्पना करते थे वह ऐसा शहर जहां कोई छोटा बड़ा ना हो कोई किसी का शोषण न करें ऐसा बेगमपूरा शहर बसाना चाहते थे।

"रविदास जाति मत पूछई, का जात का पात ।
ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य , शूद्र शसबन की इक जात।।"

रविदास जी के समय में जाति व्यवस्था चरम सीमा पर थी इस जाति व्यवस्था को समाप्त करने के लिए उन्होंने एक अभियान चलाया की जाति पाति एक दूसरे से न पूछिए तो सबसे अच्छा है ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य या शुद्ध कोई भी है सब एक ही मानव जाति से है और मानवता उनका धर्म है।

अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन गैर राजनीतिक विशुद्ध रूप से धार्मिक संगठन है। यह किसी धर्म/ जाति/ व्यक्ति के विरोध में नहीं है बल्कि मानव कल्याण के लिए है इस धर्म में जात-पात, छुआ- छूत, उच्च - नीच , भेद- भाव नहीं है बल्कि सभी मानव एक समान है। धर्म का अर्थ हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई , बौद्ध, जैन, पारसी नहीं होता है।धर्म का अर्थ धर्मयते इति धर्मः यानी धर्म धारण करने की चीज है।तो संत शिरोमणि जगतगुरु रविदास जी महाराज ने कहा है कि धारण करो , सच्चाई ईमानदारी , करुणा मैत्री , प्रज्ञा , शांति दुनिया की सारी बुराइयों को छोड़कर अच्छाइयों को धारण करो इसी का नाम धर्म है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार ने कहा की इसे संगठन का मुख्य उद्देश्य भारत में शांति व्यवस्था और आपस में भाईचारा एवं भय मुक्त नशा मुक्ति मानवतावादी विचारधारा को कायम कर शिक्षा की ओर अग्रसारित कर एक नए भारत का निर्माण करना। प्रदेश महासचिव श्री जयशंकर राम ने कहा कि संत शिरोमणि जगतगुरु रविदास महाराज जी ने भक्ति काल में भी व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई लड़कर एक मध्यम मार्ग दिया । जगतगुरु रविदास महाराज जी ब्राह्मणवाद के पोषक नहीं थे बल्कि बौद्ध विरासत के पुरोधा थे, उन्होंने पूरे संसार के मानव कल्याण के लिए, अमृतवाणी के माध्यम से कहा कि "चाहूं ऐसा राज में जहां मिले सभन को अन्न। छोट बढ़ सब सम बसे रविदास रहे प्रसन्न"। रविदास ब्राह्मण मत पूजिए जो होवे गुणहीन। पूजिए चरण चांडाल के जो होवे गुण प्रवीण।।

रविदास महाराज ने इतना अच्छा अमृतवाणी दिया है जिससे मानव का कल्याण हो जाएगा प्रत्येक मानव इस अमृतवाणी को अंगीकार कर ले तो दुनिया से आतंकवाद समाप्त हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अखिल भारतीय रविदास से धर्म संगठन यूजीसी बिल का पूर्ण समर्थन करती है और जब तक इस यूजीसी बिल को लागू नहीं किया गया तब तक अखिल भारतीय रविदास या धर्म संगठन आंदोलन करते रहेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार रंजन ने कहा कि इस संगठन में नित नैतिकता ईमानदारी के साथ सभी लोग मिलजुल कर संगठन का कार्य करते रहे हैं।

इस बैठक में अनिल कुमार प्रदेश अध्यक्ष बिहार, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार, जितेन्द्र कैमूरी प्रदेश महासचिव श्री जयशंकर राम, प्रदेश सचिव सुनील कुमार सुमन, कवि श्यामलाल दास प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष राजा राम, डा0 नर सिंह दास पूर्व प्रदेश सचिव, राजेश कुमार अध्यक्ष मसोंई धाम, राजेश कुमार अध्यक्ष चैनपुर , रेखा जी, टुन्ना बैरागी जिला उपाध्यक्ष कैमूर कमलेश दास प्रदेश सचिव, दसई दास, दुलारे दास, शिवबचन दास पुजारी मसोई धाम , सोचन दास, मकसुदन दास, पप्पू दास, भूषण दास, रामशीष लोहिया जी, मिथिलेश कुमार आदि हजारों की संख्या में अनुयाई शामिल हुए।

## दो बाइक से 251 लीटर शराब बरामद एक धंधेवाज गिरफ्तार



**लोकतंत्र की आवाज**
**दुर्गावती।** होली के त्यौहार को देखते हुए दुर्गावती पुलिस शनिवार की रात्रि में विशेष चेकिंग अभियान चला रही थी इसी दौरान इटही गांव के पास से दो मोटरसाइकिल से 112 लीटर शराब बरामद की गई। वहीं एक धंधेवाज को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर ली है। गिरफ्तार धंधेवाज रामगढ़ थाना क्षेत्र के लबेदहा गांव निवासी शिवपूजन सिंह का पुत्र सोनू कुमार सिंह बताया जाता है। वहीं पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़हरा गांव के पास से 139 लीटर शराब बरामद की है इस प्रकार कुल मिलाकर दुर्गावती पुलिस ने 251 लीटर शराब बरामद की है वही दो मोटरसाइकिल और एक धंधेवाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेवाज से पूछताछ करते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## परिवर्तन चेतना मंच ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान: वाहनों पर लगाए रेडियम स्टिकर

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर ।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'परिवर्तन चेतना मंच' द्वारा एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। मंच के सदस्यों ने रामगढ़ के व्यस्त दुर्गा चौक सहित विभिन्न प्रमुख चौराहों पर एकत्र होकर राहगीरों और वाहन चालकों को सुरक्षा का संदेश दिया।

**दुर्घटनाओं को रोकने की एक छोटी पहल :** अभियान के दौरान मंच के सदस्य मुरली मनोहर ने बताया कि अक्सर देखा जाता है कि रात के समय या कोहरे के दौरान जिन वाहनों (विशेषकर ट्रॉली और बड़े मालवाहक वाहनों) में इंडिकेटर या लाइट की व्यवस्था नहीं होती, वे गंभीर हादसों का कारण बनते हैं। पीछे से आने वाले वाहन अक्सर इनसे टकरा जाते हैं।

इस समस्या के समाधान हेतु संस्था के सदस्यों ने जिन वाहनों में इंडिकेटर नहीं थे, उनके पीछे लाल रेडियम स्टिकर चिपकाए। ये स्टिकर रात की रोशनी में चमकते हैं, जिससे पीछे से आने वाले चालकों को वाहन की स्थिति का स्पष्ट पता चल सकेगा। बाइक सवारों को हेलमेट पहनने और अन्य यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी।

**विभिन्न क्षेत्रों में सक्रियता :** परिवर्तन चेतना मंच के संस्थापक सदस्य और संरक्षक रणधीर कुमार सिंह के मार्गदर्शन में यह अभियान लगातार जारी है। मुरली मनोहर ने जानकारी दी कि रामगढ़ चौक से पहले यह कार्यक्रम कलानी चौक और नुआंव के मुख्य बाजारों में भी सफलतापूर्वक संपन्न किया जा चुका है।

**अभियान में शामिल सदस्य :** इस नेक कार्य में मंच के सक्रिय सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थेः जलालुद्दीन कुरैशी, अनीश सिंह, अमजद अंसारी, मुरली तिवारी, रामलड्डू चंद्रवंशी, गुड्डू सिंह, आदित्य कुमार, सोनू कुमार एवं मोनू सिंह।

**सामाजिक जिम्मेदारी का संदेशः** मंच के सदस्यों का मानना है कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि एक जागरूक नागरिक के तौर पर हमें भी अपनी और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान स्थानीय लोगों ने भी संस्था के इस मानवीय कार्य की जमकर सराहना की।

## सिसौड़ासंसाधन केंद्र में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

### ज्ञान-विज्ञान की अलख जगा रहा प्रदीप मुखिया

लोकतंत्र की आवाज



**रामगढ़ ।** प्रखंड क्षेत्र के सिसौड़ा पंचायत के पंचायत संसाधन केंद्र सिसौड़ा में मुखिया प्रदीप कुमार सिंह के देखरेख में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने ज्वालामुखी, AI स्टूडेंट असिस्टेंट, सैटेलाइट , भूकम्पसूचक, मेला मॉडल, जल चक्र, वाटर हीटर, मिर्ची कटर, जल संचयन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जल जीवन हरियाली जैसे अनेकों मॉडल बनाया। यह विज्ञान प्रदर्शनी विगत कई वर्षों से हर वर्ष पंचायत भवन सिसौड़ा में आयोजित किया जाता है।

इस विज्ञान प्रदर्शनी में अनमोल और दीपक ने AI स्टूडेंट असिस्टेंट बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। ए आई स्टूडेंट असिस्टेंट में दीपक और अनमोल ने एक छोटे से बॉक्स में लाइट, पंखा, पेयजल, मोबाइल चार्जिंग और प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने हेतु जेमिनी असिस्टेंट जो सवाल पूछने पर उनके उतर बोलकर देता है। द्वितीय स्थान संध्या और लक्ष्मी ने सूर्य-पृथ्वी-सैटेलाइट मॉडल बनाकर प्राप्त किया वही तृतीय स्थान प्रियंका ने मेला मॉडल बनाकर प्राप्त किया । प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को मेडल, पुष्पहार, कलम, और एक पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। वही भाग लिए हुए सभी प्रतिभागियों को मेडल पेन कॉपी पुष्पहार देकर सम्मानित किया गया। बच्चों में शिक्षा को लेकर उत्साहवर्धन करने वाले बिहार के अनोखे मुखिया के रूप में जाने जाते है सिसौड़ा पंचायत के प्रदीप मुखिया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में नारदमुनि सिंह , शैल कुमारी ,रेखा कुमारी एवं बिक्रम सिंह ने भूमिका निभाई। तथा इस विज्ञान प्रदर्शनी में रिशु, चांदमुनी, लक्ष्य, आकाश, पवन, खुशी, सुहानी, अनमोल, दीपक सहित अनेकों बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## दुर्गावती में स्वास्थ्य चेतना अभियान, कल्याणपुर पुल के पास उमड़ी भीड़



लोकतंत्र की आवाज

**■ निःशुल्क एनीमिया जांच शिविर व मधुमेह जागरूकता संगोष्ठी में ग्रामीण महिलाओं की बढ़-चढ़कर भागीदारी**

**विनोद कुमार राम**
**भभुआ कैमूर।** रविवार को कल्याणपुर पुल के समीप एक निजी भवन में आरसीएम के बैनर तले व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम को लेकर लोगों में खास उत्साह देखा गया। विशेषकर महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। आयोजन का नेतृत्व आरसीएम के एमराल्ड पद पर कार्यरत लीडर नीरज सिंह ने किया। उन्होंने बताया कि संगठन से जुड़े हजारों सदस्य स्वास्थ्य जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

**एनीमिया और मधुमेह पर विशेषज्ञों का मार्गदर्शनः** कार्यक्रम का मुख्य फोकस महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे एनीमिया और देशभर में फैल रही मधुमेह (डायबिटीज) की समस्या पर रहा। न्यूट्रीशन चार्ज ट्रेनर संजय राय ने अपने संबोधन में एनीमिया के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शरीर में आयरन की कमी एनीमिया का प्रमुख कारण है। संतुलित आहार, हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें, अनार, चुकंदर और आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से इस बीमारी से बचा जा सकता है। साथ ही उन्होंने मधुमेह से बचाव के लिए नियमित व्यायाम, नियंत्रित खानपान और समय-समय पर शुगर जांच कराने की आवश्यकता पर बल दिया।

**निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण से बढ़ी जागरूकता :** कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की निःशुल्क एनीमिया जांच की गई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने जांच कराकर अपने स्वास्थ्य की स्थिति जानी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आवश्यक परामर्श देते हुए जीवनशैली में सुधार की सलाह दी। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने इस पहल को सराहनीय बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की प्रेरणा मिलती है।

**एनीमिया मुक्त भारत का लक्ष्यः** महिलाओं को एनीमिया मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया है। इस मिशन के तहत शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। नीरज सिंह ने बताया कि संगठन के लगभग 450 उत्पाद हैं, जिनके माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाना और हर घर तक जागरूकता पहुंचाना है।

**पदाधिकारियों की मौजूदगी और पुस्तक प्रस्तुतिः** कार्यक्रम में आरसीएम के लीडर के.एन. पाण्डेय, नेबुलाल केवट समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मनीष भंडारी मिश्रा द्वारा लिखित पुस्तक, जिसमें एनीमिया और शुगर से बचाव के उपायों का उल्लेख है, को भी स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया। अंत में आयोजकों ने समाजहित में ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## कैमूर में भीषण सड़क हादसा: ट्रक ने बस को मारी टक्कर, 3 की मौत, एक दर्जन से अधिक गंभीर घायल लोगों का चल रहा इलाज

लोकतंत्र की आवाज





**कैमूर।** जिले में नेशनल हाईवे-19 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। कुदरा थाना क्षेत्र के नशेज के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने सवारी बस को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हैं।

**हादसे का विवरण :** जानकारी के अनुसार, बस जमशेदपुर से वाराणसी की ओर जा रही थी। चश्मदीद यात्री बुद्धि सागर पांडे ने बताया कि बस एक होटल पर चाय रुकने के बाद जैसे ही करीब 3 किलोमीटर आगे बढ़ी, तभी दूसरी लेन से आ रहे एक ट्रक ने डिवाइडर लांघकर बस वाली लेन में प्रवेश किया और सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। हादसे के वक्त बस में करीब 70 से 75 यात्री सवार थे।

**मृतकों और घायलों की स्थितिः** पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया है। मृतकों में से दो की पहचान हो चुकी हैः दीक्षिता कुमारी (9 वर्ष): पुत्री दीपक पटेल, थाना चितईपुर, वाराणसी। आभा रानीः पत्नी अरुण कुमार, भूलनपुर, वाराणसी। तीसरे मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। प्रमुख घायलों में शामिल हैं: सोनम सरकार (पश्चिम बंगाल), पीपीओती सरकार (पश्चिम बंगाल), स्नेहा (पटना), सुधीमोती (रांची) वर्तमान में सभी घायलों का इलाज निजी क्लीनिकों में चल रहा है।

**पुलिस की कार्रवाई :** घटना की सूचना मिलते ही कुदरा थाना के एएसआई बी. उपाध्याय दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि ट्रक रॉन्ग साइड (गलत दिशा) से डिवाइडर फांदकर आया था, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है, हालांकि ट्रक चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गिरिडीह: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित




लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड (2026.03.01)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री राम निवास यादव ने समाहरणालय सभागार में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उप- महापौर तथा उपाध्यक्ष के अप्रत्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया के विषय में जानकारी दी,उन्होंने बताया कि नगर निगम एवं नगर पंचायत स्तर पर उप महापौर एवं उपाध्यक्ष का चुनाव संबंधित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा आगे उन्होंने बताया कि 10 मार्च 2026 से 20 मार्च 2026 तक शपथ ग्रहण एवं प्रत्यक्ष निर्वाचन हेतु निकाय वार तिथि भी निर्धारित की जा चुकी है।

### इफ़्तार पार्टी का हुआ आयोजन



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती दरगाह परिसर में मुस्लिम युवाओं ने आज इफ्तार पार्टी रखी गई ।जिसमें समाज के मुस्लिम लोगों ने शिरकत की। रमजान का पाक महीना चल रहा है। इसमें सभी मुस्लिम भाई रोजा रख रहे हैं। साजिद उर्फ लाल ने बताया कि खुदा की इबादद और उसकी रजामंदी के लिए रोजा रखा जाता है। हम मुस्लिम दिनभर रोजा,नमाज,कुरान की तिलावत करते हैं, गरीबों को अपने हिस्से की कमाई से जकात,निकलकर उनकी मदद करते हैं। पप्पू खान ने कहा रोजा सबसे बड़ी इबादद है। रोजा रखना इस्लाम मजहब में फर्ज माना गया है। इमाम मो0 सैफुल्ला कासमी ने बताया कि रोजा इंसान के जिस्मानी और रूहानी ताकतों को मजबूत बनाता है। सभी मुस्लिम भाईयों की चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा जकात,खैरात निकाल कर गरीबों की मदद करें ।मौके पर संजीवनी गंगा के मो0 अयाज,मो0 फ़जलूल बारी,मो0 अयाज,मो0 राजिक,मो0 नसर, अजहर खान, चांद,रब्बानी,मुजाहिद,इंजमाम, ख़्वाजा,तबरेज,हिटलर, रजी,छोटू आदि मुस्लिम युवा सम्मिलित हुए।

### हरदोई में पुलिस ने DCM में पकड़ी 80 क्विंटल भांग, चालक और कंपनी का मैनेजर गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज
शिवम गुप्ता ब्यूरोचीफ
हरदोई। आयुर्वेदिक कंपनी से बरामद डीसीएम में 80 क्विंटल भांग निकली है। मामले में पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर रविवार को कंपनी के मैनेजर व डीसीएम चालक को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया गया है ।शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि सरकुलर रोड पर ओम आयुर्वेदिक कंपनी संचालित है। शनिवार की सुबह पुलिस व प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापा मारा था। कंपनी के अंदर भांग की बोरियों से भरी डीसीएम खड़ी मिली थी। आबकारी निरीक्षक ने जांच की तो बोरियों में सूखी भांग की पत्तियां निकलीं थीं ।गिनती में 100 बोरियां पाई गईं। इसके अलावा 100 बोरी भांग और मिली। भारी मात्रा में घेरलू गैस सिलेंडर भी बरामद हुए थे। तौल कराने पर 80 क्विंटल भांग निकली थी। कंपनी के मालिक संगम माधव द्विवेदी, कंपनी के मैनेजर उन्नाव के बेहटा मुजावर के ग्राम जहांगीराबाद के अभिषेक के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की गई थी ।रविवार को कंपनी के मैनेजर व डीसीएम चालक रायबरेली के नसीराबाद के नुखईपुरवा के करामत को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल ने बताया कि पूछताछ कर दोनों का चालान भेज दिया गया है। जांच की जा रही है।

### उम्रकैद से बचने के लिए दोस्त की हत्या कर खुद को मृत दिखाने की खौफनाक साजिश का पर्दाफाश




लोकतंत्र की आवाज़
साजिद सलमानी
सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने गागलहेड़ी क्षेत्र के सनसनीखेज रोहित हत्याकांड का खुलासा करते हुए एक ऐसी साजिश को बेनकाब किया है, जिसने पुलिस प्रशासन को भी हैरान कर दिया है। मुख्य आरोपी अर्जुन जो देहरादून में दर्ज एक दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा से बचने की फिराक में था, ने कानून की आंखों में धूल झोंकने के लिए अपने ही दोस्त रोहित की हत्या कर उसे अपनी जगह पेश करने का ताना-बाना बुना। अर्जुन ने अपने साथियों रोबिन और सारिक के साथ मिलकर एक पुरानी ऑल्टो कार खरीदी और 24 फरवरी को रोहित को शराब के नशे में धुत कर मफलर से उसका गला घोंट दिया। वारदात को दुर्घटना का रूप देने के लिए आरोपियों ने शव को ड्राइवर सीट पर रखा और कार में पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे रोहित का शव पूरी तरह जल गया। अर्जुन ने इसके बाद अपने बाल कटवा लिए, पहचान छिपाई और अपने भाई के माध्यम से खुद की गुमशुदगी दर्ज कराई ताकि दुनिया उसे मृत समझ ले और उसका केस बंद हो जाए। हालांकि पुलिस की सटीक तफ्तीश और सर्विलांस की मदद से इस पूरी 'फिल्मी' साजिश का अंत हुआ और आरोपी अब सलाखों के पीछे हैं।

### बैगलेस डे के अंतर्गत मधुबनी पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन

लोक तंत्र की आवाज
राजगीर। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय राजगीर में पीएम श्री योजनाओं के तहत बैंगलेस डे के अंतर्गत मधुबनी पेंटिंग और कला के बारे में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्रों ने भाग लेकर उसका लाभ उठाया ।इस कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक मिथिला कला संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रतीक प्रभाकर को प्राचार्य विवेक किशोर ने हरित वसुंधरा से स्वागत किया। डॉ प्रतीक ने मधुबनी पेंटिंग के खूबियों और बारीकियों को समझाते हुए बताया कि मधुबनी पेंटिंग प्राकृतिक रंगों से की जाती है और इस चित्रकला में पौराणिक घटनाओं के वर्णाके साथ ज्यामितीय आकर और डिजाइन भी इस चित्रकारी में देखने को मिलती है ।इस पारंपरिक मधुबनी कला को पहले महिलायें किया करती थी लेकिन आज यह न केवल भारत के लोगों के बीच लोकप्रिय है बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध है ।विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने इस कला को स्वयं बनाने का प्रयास किया और इस कला के बारे में जानकर अभिभूत हुए ।इस आयोजन के संयोजक कला शिक्षक अनन्त कुमार सिंह, बैगलेस डे प्रभारी रोहित वर्मा एवं खेल शिक्षक बिलटन उपस्थित रहे। कला शिक्षक अनंत कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि संसाधक का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# वारिसलीगंज के संत टेरेसा इंग्लिश हाई स्कूल का 16वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



लोकतंत्र की आवाज

अभय कुमार रंजन
वारिसलीगंज (नवादा)। शिक्षा के साथ संस्कार और प्रतिभा के समन्वय का अद्भुत नजारा उस समय देखने को मिला जब संत टेरेसा इंग्लिश हाई स्कूल का 16वां वार्षिकोत्सव समारोह नगर परिषद क्षेत्र स्थित दरियापुर रोड में विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ आयोजित किया गया। रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक मंच सज्जा और उत्साह से लबरेज बच्चों की प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्सव में तब्दील कर दिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधान पार्षद डॉ0 प्रो. नवल किशोर यादव, नागेंद्र शर्मा एवं थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी तथा विद्यालय के निदेशक अनूप थॉमस ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ।समारोह में स्वागत गान की प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ।जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने नृत्य, समूह गीत, लघु नाटक, देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हे बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुति पर अभिभावक झूम उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा प्रांगण गूंजता रहा ।मुख्य अतिथि प्रो. नवलकिशोर यादव ने अपने संबोधन में विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि संत टेरेसा इंग्लिश हाई स्कूल ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को तराशने का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि मात्र 16 वर्षों में विद्यालय ने जिस तरह शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और संस्कार के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है, वह सराहनीय है। सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त करना विद्यालय परिवार की बड़ी उपलब्धि है, जो क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बेहतर अवसर प्रदान कर रही है।

नागेंद्र शर्मा एवं थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने भी बच्चों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को मंच मिलता है और उनका सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों को सराहते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।समारोह में अभिभावकों, शिक्षकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की बड़ी भागीदारी रही ।अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर मेलवीन पॉल सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकायें सहित सैकड़ो की संख्या में अविभावक मौजूद थे।

## 14 करोड़ बिहार वासियों का आशा और विश्वास है नीतीश कुमार: सांसद



लोक तंत्र की आवाज

बिहारशरीफ। रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यालय भवन में बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार के निर्देशानुसार युवा जदयू नालन्दा के द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन के अवसर पर 10 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। रक्तदान शिविर का उद्घाटन नालन्दा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने किया ।कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद नगर जिलाध्यक्ष गुलरेज अंसारी जिला प्रवक्ता डा धनंजय कुमार देव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धीरज पटेल एवं नगर अध्यक्ष राहुल रंजन कुशवाहा ने की ।सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बनता बिहार और संवरता बिहार केशिल्पकार और हमसभी कार्यकर्ताओं की आन बान और शान 14 करोड़ बिहार वासियों की आश और विश्वास है विकास पुरुष नीतीश कुमार। आज उनके जन्मदिन के अवसर पर दस युवा साथियों ने रक्तदान किया । उनको मैं बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं ।रक्तदान के लिए आज उन्होंने सबसे बढ़िया दिन चुना ।बिहार में उनके नेतृत्व में हुए कार्य का देश से लेकर विदेश में डंका बज रहा है तथा विकास के क्षेत्र में बिहार अव्वल पायदान पर है हमारी योजनाओं का अनुसरण हो रहा है ये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व का कमाल है। बिहार की जनता ने 2005 से लेकर आज तक नीतीश कुमार के चेहरे पर मुहर लगाती आ रही है ।रक्तदान करने वालों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका यह कदम जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। रक्तदान एक महादान है, जो किसी की जिंदगी को नया जीवन देता है। यह एक ऐसा पवित्र कार्य है जो निस्वार्थ भाव से जीवन को नई आशा देता है। रक्तदान करने वाले दस युवा साथियों को जिला प्रवक्ता जदयू डा धनंजय कुमार देव युवा जिलाध्यक्ष धीरज पटेल जयप्रकाश यादव हरेंन्दर रविदास रजनीश रंजन नीतीश कुमार इमाम हसन राजा कुमार सन्नी पटेल वालें युवाओं को अंगवस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया ।इस सेवा कार्य के दौरान सनी पटेल, संजीत यादव, सनी महतो, संजीव महतो, पवन शर्मा, अर्णव आर्य, रोहित कुमार, संजीत पासवान, मौर्या सिंह कुशवाहा विभुति कुमार और अंकित महतो समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में मुख्यमंत्री की लंबी आयु की कामना की और समाज सेवा का संकल्प लिया।

## 80 लाख से चमकेगा माता शीतला देवी का मंदिर, सौंदर्यीकरण के लिए चेयरमैन वली मोहम्मद ने लिया जायजा



लोकतंत्र की आवाज

शिवम गुप्ता ब्यूरोचीफ
हरदोई। वंदन योजना के तहत नगर स्थित माता शीतला देवी मंदिर में 80 लाख रुपये की लागत से सुंदरीकरण कराया जाएगा। चेयरमैन वली मोहम्मद ने बताया कि मंदिर में कथा स्टेज तथा श्रद्धालुओं के बैठने के लिए 80 फीट लंबा और 35 फीट चौड़ा बरामदा निर्माण कार्य शुरू हो गया है ।मंदिर परिसर की बाउंड्री वाल, इंटरलाकिंग कार्य तथा माता शीतला देवी के नाम से एक भव्य प्रवेश द्वार भी बनाया जाएगा ।उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र में मंदिर सुंदरीकरण का जो वादा नगरवासियों से किया था, उसे अब पूरा किया जा रहा है। इस कार्य से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

## बिजनौर ससुराल के घर चोरी करने वाले दामाद समेत चार को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट पायल कुमारी
नहटौर। थाना क्षेत्र में दो दिन पहले ससुराल में चोरी करने वाले दामाद समेत चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और नशीली गोलियां बरामद की है दामाद ने सास, ससुर और पत्नी को खाने में नशीली दवा देकर बेहोश कर दिया था। इसके बाद वह घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए थे। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया ।नहटौर थाना क्षेत्र का है।

डाकघर के पास रहने वाले सराफा व्यापारी संतोष वर्मा ने लगभग डेढ़ साल पहले अपनी मूक-बधिर बेटी की शादी हल्दौर क्षेत्र के कुम्हार पुरा निवासी नवीन कुमारपुत्र कौशल कुमार से की थी। नवीन की बुरी आदतों और गलत चाल-चलन के कारण उसे पहले ही घर से अलग कर दिया गया था। हाल ही में कुछ दिन पहले उसने अपनी गलती मानते हुए दोबारा सास-ससुर के साथ रहने की गुहार लगाई थी, जिस पर उन्हें रहने की इजाजत मिल गई थी। बुधवार रात को दामाद नवीन ने सास रंजना देवी, ससुर संतोष वर्मा और पत्नी स्वाति को खाने में नशीली दवा मिलाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद वह घर में रखे सोने चांदी के जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने आज घटना का खुलासा करते हुए आरोपी दामाद नवीन चौहान और उसके साथी कुनाल, शिवम चौहान, तथा शिवम सैनी को गिरफ्तार किया है। एसपी ग्रामीण प्रकाश कुमार ने बताया 26 फरवरी को नहटौर के रहने वाले संतोष वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके दामाद नवीन चौहान ने उनके घर से करीब 40 किलो चांदी और करीब 900 ग्राम सोने के जेवर चोरी किए इस मामले में नवीन चौहान व उसके दो साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2 किलो 170 ग्राम पीली धातु के जेवर, 50 ग्राम पीली धातु का बिस्किट और 10 ग्राम का एक पीली धातु का सिक्का और 2 लाख 80 हजार रुपए नकद और ढाई लाख रुपए के दो बैंक डिपॉजिट बरामद किए हैं। साथ ही उसकी निशानदेही पर सुनार को भी गिरफ्तारी किया है, जिसके यहां चांदी को गलाया गया था। उसके पास से 30 किलो करीब के चांदी की सिल्ली भी बरामद की है। सभी सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायलय के समक्ष पेश किया। वहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

## ज्ञानदीप इंटरनेशनल विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में 32 विद्यार्थी सफल




लोकतंत्र की आवाज

अभय कुमार रंजन
वारिसलीगंज (नवादा)। वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र के शहीद चंदन सिंह चौक स्थित ज्ञानदीप इंटरनेशनल विद्यालय के बच्चों ने हाल ही में आयोजित सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में विद्यालय के 32 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों में प्रमुख रूप से —प्रिंस कुमार 281 ,गुलशन कुमार – 272 अंक,नीरज कुमार – 263 अंक,नमन कुमार – 250 अंक,शिवम पांडे –252 अंक प्रिंस कुमार -247अंक इसके अतिरिक्त पर्णव कुमार, हितकर कुमार,राखी कुमारी,प्रिया कुमारी,अंशु कुमारी, साहिल कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी सफलता हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।विद्यालय की निदेशक मधु राज ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वहीं प्रबंधक ऋषु सिन्हा ने भी बच्चों की कड़ी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया ।विद्यालय के प्राचार्य दिनेश सिंह ने विद्यार्थियों की अथक मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की विशेष प्रशंसा की तथा कहा कि यह सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।

विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

## भोजपुरी गायक रौशन रोही के कार्यक्रम में जमकर हंगामा, एक किशोर लगी गोली



लोक तंत्र की आवाज

बिहारशरीफ। बिहार थाना क्षेत्र के नकटपुरा गांव में होली मिलन समारोह के दौरान भोजपुरी गायक रौशन रोही के कार्यक्रम के जमकर हंगामा हुआ ।स्थानीय लोगों को फ्री में कार्यक्रम में शामिल नहीं कराने से नाराज लोगों ने कार्यक्रम खत्म होने के बाद पत्थरबाजी शुरू कर दिया । गोलीबारी होने पर कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे गायक रौशन रोही और अन्य लोगों के बाउंसर ने फायरिंग शुरू कर दिया ।गोलीबारी में एक किशोर को गोली लग गई ।

जबकि मारपीट में एक पत्रकार समेत 3 से अधिक लोग जख्मी हो गए। उपद्घवियों ने पत्थरबाजी कर तीन वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया ।गोली काशोचक निवासी शिवकुमार यादव के पुत्र सूबे लाल कुमार को लगी है। मारपीट में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार ऋषिकेश कुमार और आरा छपरा की वाहन चालक अमन कुमार शामिल है। सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते हैं पुलिस मौके पर पहुंच गई है। बिना अनुमति के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था ।बाउंसर द्वारा जिस हथियार से फायरिंग की गई है उसे भी जप्त कर जांच की जा रही है । गायक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है । इस कार्यक्रम में जिनकी भी संलिप्त सामने आएगी उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## चाचा भतीजो मे हो रही लडाई को सुलझाने बाईक से उतरे पत्रकार पर शराबी ने किया जानलेवा हमला



- बेनीगंज कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र मे चाचा भतीजे की हो रही आपस मे लडाई को सुलझाने उतरे एवीबी न्यूज़ के पत्रकार पर नशेड़ी ने शराब के नशे मे सर पर ईट से दो बार वार कर जानलेवा हमला कर दिया। इससे पत्रकार को गंभीर चोट आई है। पत्रकार की शिकायत के आधार पर बेनीगंज कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल,बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के कल्यानमन चौकी अंतर्गत ऐमा गांव के रहने वाले मनोज शुक्ला एवीपी न्यूज़ से क्राइम ब्यूरो है ।और क्षेत्र मे लोगो के अंदर मनोज शुक्ला के प्रति काफी विश्वास है ।दिनांक 28 फरवरी को लगभग तीन बजे यह अपने गांव ऐमा से अपने पुत्र बड़े बेटे अभय शुक्ला के साथ मीना बाजार सब्जी लेने के लिए बाईक से जा रहे थे। इस दौरान रावतपुर गांव मे रोड किनारे संजय पुत्र मूंगा शराब के नशे मे अपने चाचा देशराज पुत्र नत्थादास से गाली गलौच कर झगड़ा कर रहा था ।इस दौरान देशराज ने सम्मानित पत्रकार समझ हमें अपने भतीजे को समझाकर झगड़ा शांत कराने की बात कही। मैंने जैसे ही देशराज के भतीजे संजय से जैसे ही लड़ाई झगड़ा आपस मे अच्छा नहीं लगता। यह सब ठीक नहीं है। सभी लोंग घर के सदस्य हो। मेरे इतना कहने पर संजय ने जान से मारने की नियत से मेरे सर पर ईट से दो बार वार कर मुझे घायल कर गाली गलौच करने लगा। बेनीगंज कोतवाल ओमप्रकाश सरोज का कहना है ।कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।पत्रकार पर हमला करने वाले संजय नाम के आरोपी युवक की तलाश जारी है।

## सात माह से मानदेय न मिलने पर रोजगार सेवक पेट्रोल और माचिस लेकर बीडीओ कार्यालय पहुंचे और मानदेय न मिलने पर आत्मदाह की दी चेतावनी



लोकतंत्र की आवाज

डकोर जालौन। डकोर विकास खंड कार्यालय में रविवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हरवेंद्र सिंह पेट्रोल की बोतल और माचिस लेकर बीडीओ कार्यालय पहुंच गए। सात माह से मानदेय न मिलने की बात खंड विकास अधिकारी रमेश चंद्र शर्मा से कही जिसमे काफी देर बात चीत होने पर उन्होंने आत्मदाह की चेतावनी दी।

डकोर ब्लॉक के कुल 47 रोजगार सेवकों को पिछले सात महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। होली का त्योहार नजदीक होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति और बिगड़ गई है। रोजगार सेवकों का कहना है कि भुगतान न मिलने से उनके परिवारों के सामने भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है।

रविवार को हरवेंद्र सिंह अपने साथियों उदय, नीरज, अजय पाल, वीरपाल, देवेंद्र और राम मोहन के साथ ब्लॉक कार्यालय पहुंचे। उन्होंने ब्लॉक परिसर में प्रदर्शन करते हुए तत्काल मानदेय जारी करने की मांग की। उनके हाथ में पेट्रोल की बोतल और माचिस देखकर मौके पर मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

सूचना मिलने पर बीडीओ रमेश चंद्र शर्मा कार्यालय से बाहर आए और हरवेंद्र सिंह को समझाने का प्रयास किया। बीडीओ ने बताया कि तकनीकी कमी के कारण मानदेय जारी करने में समस्या आ रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि डोंगल लगाने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी रोजगार सेवकों का मानदेय जल्द जारी कर दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद स्थिति शांत हुई। हालांकि, इस मामले में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि सभी रोजगार सेवकों का मानदेय उनके खाते में पहुंचा दिया गया है, तकनीकी खामी के कारण मानदेय नहीं पहुंच पाया था, लेकिन सभी का मानदेय दे दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में होली से पहले कर्मचारियों और मानदेयधारी कर्मियों का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।

इसके बावजूद, डकोर ब्लॉक में पंचायत सहायकों और रोजगार सेवकों का ₹7,788 प्रतिमाह का मानदेय पिछले सात माह से लंबित है। प्रशासन के आश्वासन के बाद फिलहाल मामला शांत हो गया है, लेकिन रोजगार सेवकों में मानदेय को लेकर आक्रोश अभी भी बना हुआ है।

लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजिटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।